आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* संत गाडगे महाराज जयंती”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 39 | उज्जैन, सोमवार 23 फरवरी, 2026 | फाल्गुन शुक्ल 6 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### मन की बात- प्रधानमंत्री मोदी के देश को तीन मंत्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 131वें एपिसोड में देश को तीन मंत्र दिए। उन्होंने टेक्नोलॉजी, ऑर्गन डोनेशन और साइबर क्राइम पर बात की। इसके साथ ही उन्होंने होली और रमजान की शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली में ग्लोबल एआई इम्पेक्ट समिट के दौरान, कई देश के नेता, उद्योग जगत के लीडर्स, इनोवेटर, टेक कंपनी के दिग्गज जुटे। उन्होंने कहा कि समिट में मैंने दुनिया के लीडर्स को बहुत सी चीजें दिखाई। एआई की मदद से प्राचीन ग्रंथों को, पांडुलिपि को संरक्षित कर रहे हैं। एग्जीविशन के दौरान सुश्रुत संहिता का डिस्प्ले किया गया। इसे पढ़ने लायक टेक्स्ट में बदला गया। भारतीय और विदेशी भाषाओं में इसे बदला जा सकता है।

### जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में जैश के 2 आतंकी ढेर

**कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में चतरू इलाके में रविवार सुबह से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। पीटीआई के मुताबिक अधिकारियों ने 2 आतंकियों के ढेर होने की पुष्टि की है। सुरक्षाबलों ने उस ठिकाने को ही ब्लास्ट कर दिया, जहां आतंकी छिपे हुए थे। एनकाउंटर अभी भी जारी है। अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के 2 से 3 आतंकियों के यहां पर छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तभी आतंकियों ने फायरिंग कर दी। इससे पहले 4 फरवरी को भी चतरू में ही सुरक्षाबलों ने जैश के ही एक आतंकी को मार गिराया था। वहीं, उधमपुर जिले में भी गुफा में छिपे जैश के 2 आतंकियों को ग्रेनेड विस्फोट में मार गिराया गया था।

### हैदराबाद एयरपोर्ट पर दिखे
### विजय-रश्मिका एक्ट्रेस ने कन्फर्म की शादी, दिल्ली का बैंड हायर किया



230 गेस्ट शादी में होंगे शामिल

**मुंबई।** विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना शादी की खबरों से सुर्खियों में हैं। दावा किया जा रहा है कि कपल 26 फरवरी को उदयपुर में शादी करने वाले हैं। इसी बीच कपल को हैदराबाद एयरपोर्ट से रवाना होते हुए स्पॉट किया गया। इससे पहले दोनों की शादी का एक कार्ड भी वायरल हो चुका है। हैदराबाद एयरपोर्ट में रश्मिका मंदाना टीका लगाई दिखीं। हालांकि इस दौरान उन्होंने मास्क से चेहरा कवर किया हुआ था। उन्होंने कूल हाफ स्लीव्स टी-शर्ट के साथ ब्लैक लोवर और ब्लैक शूज पहने हुए थे। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने डार्क ग्लासेस भी पहने थे। विजय देवरकोंडा को ठीक उसी समय हैदराबाद एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। एयरपोर्ट पर विजय ने भी डार्क ग्लासेस और मास्क से चेहरा छिपाया हुआ था। इंडियन एक्सप्रेस ने जर्नलिस्ट सुभाष के.झा के हवाले से रश्मिका-विजय की शादी की कन्फर्मेशन दी है। रिपोर्ट के अनुसार, जर्नलिस्ट सुभाष के.झा ने रश्मिका मंदाना को ऑनलाइन मैसेज के जरिए मुबारकबाद दी थी। इस पर एक्ट्रेस ने इनकार करने की बजाए शुक्रिया कहा, जिससे कन्फर्म है कि एक्ट्रेस शादी करने वाली हैं। रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से लिखा गया है कि रश्मिका-विजय ने शादी के लिए दिल्ली का एक पॉपुलर बैंड हायर किया है, जो इससे पहले कई सेलिब्रिटी वेडिंग में परफॉर्म कर चुका है। इसके अलावा वेडिंग प्लानर हैदराबाद से हायर हुआ है, जो एक मशहूर टेनिस प्लेयर की शादी भी प्लान कर चुके हैं।

### नाबालिग छात्रा के साथ चार टीचरों ने किया रेप

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाले स्कूल में एक 12 साल की छात्रा के साथ यौन शोषण किया गया। इस घटना ने शिक्षा संस्थान में छात्रों की सरुक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। मामले पर एक्शन लेते हुए पुलिस ने स्कूल के चार शिक्षकों और एक चपरासी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों पर आरोप है कि 7वीं कक्षा की छात्रा के साथ इन्होंने पिछले दो सालों में कई बार यौन शोषण किया। वहीं एक महिला शिक्षिका मिनती बाई पर इस अपराध को उकसाने और जानकारी छुपाने का भी आरोप लगाया गया है।

### नमो भारत-मेरठ मेट्रो को मोदी ने दिखाई हरी झंडी

**मेरठ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शताब्दी नगर नमो भारत स्टेशन पर मेरठ मेट्रो और नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यहां से, पीएम मोदी मेरठ साउथ स्टेशन तक मेट्रो की सवारी करेंगे। प्रधानमंत्री मेरठ में लगभग 12,930 करोड़ रुपये के अलग-अलग विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और उन्हें देश को समर्पित करेंगे। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने पीएम मोदी का स्वागत करते हुए ट्वीट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का क्रांतिधरा मेरठ में दिल से स्वागत और अभिनंदन, जो 1.45 अरब भारतीयों के जीवन को आसान, सरल और सहज बनाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

टैरिफ में बदलाव के कारण भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर बैठक टली

## भारत पर 18% टैरिफ लगना था, अब ट्रम्प ने खुद ही ग्लोबल टैरिफ 15% किया

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर होने वाली बैठक टल गई है। यह जानकारी न्यूज एजेंसी ने सरकारी सूत्रों के हवाले से दी।

बैठक 23-26 फरवरी को वॉशिंगटन में होनी थी। दरअसल समझौते में भारत को 18% टैरिफ देना था, लेकिन शुक्रवार को अमेरिकी



सुप्रीम कोर्ट ने सभी ग्लोबल टैरिफ रद्द कर दिए थे। जिसके बाद ट्रम्प ने शुक्रवार को ही दुनियाभर पर पहले 10% टैरिफ लगाया, फिर 24 घंटे के अंदर ही उसे बढ़ाकर 15% कर दिया। अब ट्रम्प का 15% ग्लोबल टैरिफ लागू हो रहा है, जो डील वाले 18% से कम है। इसके कारण दोनों पक्षों ने तय किया कि इन बदलावों की समीक्षा के बाद बैठक की नई तारीख तय की जाएगी। बैठक के टलने से अब इस ट्रेड डील में देरी हो सकती है।

**इस ट्रेड डील के कारण भारत का टैरिफ घटा था**

कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने 7 फरवरी को प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिका के साथ ट्रेड डील की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि भारतीय कृषि उत्पाद अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात किए जाएंगे, जबकि अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई है। इसके अलावा भारत ने अगले 5 साल में अमेरिका से 50 हजार करोड़ डॉलर (45 लाख 30 हजार करोड़ रुपए) के उत्पाद खरीदने पर सहमति जताई। इसके बाद अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क जारी किया गया था। इसके तहत ही भारतीय सामान पर अमेरिका का टैरिफ 25% से घटाकर 18% कर दिया गया है। इसके अलावा रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25% अतिरिक्त टैरिफ भी हटा लिया गया था। अब ट्रम्प के टैरिफ में बदलाव से भारत पर लगे टैरिफ को लेकर यह भी सवाल उठ रहा है कि भारत को 18% टैरिफ देना होगा या 15%।

प्रदेश में कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन, भाजयुमो ने पीसीसी घेरा

## दोनों ओर से चले डंडे-पत्थर, 18 घायल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल



भाजयुमो ने शनिवार को पूरे प्रदेश में कांग्रेस कार्यालयों पर प्रदर्शन किया। यह विरोध दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अर्धनग्न प्रदर्शन के खिलाफ था। भोपाल में भाजयुमो पुलिस की चार स्तर की बैरिकेडिंग तोड़कर पीसीसी गेट तक जा पहुंचे। वहां दोनों पक्षों के बीच जमकर डंडे और पत्थर चले। कांग्रेस के 12 और भाजयुमो के 6 कार्यकर्ता घायल हुए। एक भाजयुमो कार्यकर्ता आईसीयू में है।

हबीबगंज थाने में दोनों पक्षों ने एफआईआर दर्ज कराई। इससे पहले पीसीसी में घुसने से रोकने के लिए पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे समेत अन्य नेता डंडे लेकर डटे रहे। पुलिस ने कार्यालय के गेट बंद कर दिए। इसके बावजूद दोनों ओर से पथराव हुआ। इंदौर, ग्वालियर, मुरैना, सागर, खंडवा, उज्जैन, मंदसौर, रीवा, शहडोल, जबलपुर और छिंदवाड़ा में भी प्रदर्शन हुए।

पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने इसे पुलिस की मिलीभगत वाला प्रदर्शन बताया। संगठन महामंत्री संजय कामले ने कहा कि फोर लेयर बैरिकेडिंग के बाद हमारे कार्यालय तक कैसे कार्यकर्ता आ गए। इधर, भाजयुमो अध्यक्ष श्याम टेलर ने कहा कि कांग्रेस ने दिल्ली में अर्धनग्न प्रदर्शन कर देश की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है।

**50 कार्यकर्ताओं पर दंगा करने की धारा-** मप्र कांग्रेस अजा के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने मोर्चा के 50 कार्यकर्ताओं पर दंगा करने समेत अन्य धाराओं में एफआईआर कराई। वहीं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता राकेश परस्ते की शिकायत पर 60 कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर केस दर्ज किया है।

### इंदौर में पत्थर, बॉटल, टमाटर फेंके, एसआई भी घायल

मच्छी बाजार चौराहे पर भाजयुमो और कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। नारेबाजी के बीच विवाद बढ़ा और दोनों में पथराव शुरू हो गया। इस दौरान पानी की बोतलें, टमाटर, संतरे और अन्य वस्तुएं फेंकी गईं। हालात बेकाबू होने पर पुलिस ने वॉटर कैनन चलाकर भीड़ को तितर-बितर किया।

घटना में भाजपा- कांग्रेस के कई कार्यकर्ता घायल हुए। उपद्रव के दौरान सुरक्षा में तैनात सब इंस्पेक्टर आरएस बघेल के सीने पर एक बड़ा पत्थर लगा। अन्य पुलिसकर्मी उन्हें भीड़ से बचाते हुए ले गए और अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पंढरीनाथ थाने पहुंचे और शिकायत की। पुलिस ने 20 कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताओं पर केस दर्ज किया है।

गश्त करते पुलिस वाहन को ट्रेलर ने मारी टक्कर

## 5 पुलिसकर्मियों की मौत, 3 घायल



एजेंसी ▶▶ झारसुगुड़ा

ओडिशा के झारसुगुड़ा में पुलिस की बोलेरो को तेज रफ्तार ट्रेलर ने टक्कर मार दी। हादसे में बोलेरो सवार 5 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। 3 गंभीर रूप से घायल हैं।

हादसा रविवार सुबह 4 बजे झारसुगुड़ा सदर पुलिस स्टेशन के पास हुआ। पुलिसकर्मी गश्त पर निकले थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पुलिस बोलेरो गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इसके कारण घायल पुलिसकर्मी उसी में फंस गए थे। पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकाला। पुलिस ने बताया है कि जिनकी मौत हुई है, उनमें सशस्त्र पुलिस बल रिजर्व कॉन्स्टेबल काशीराम भोई, देबदत्त सा, ड्रिल रक निरंजन कुजूर, हवलदार लिंगराज धुरुआ और होमगार्ड जवान भक्तबंधु मिर्धा शामिल हैं। घायलों में दुबराज मिरिग, आकाश नायक और राजीव भारसागर का नाम है। तीनों का झारसुगुड़ा जिला अस्पताल में इलाज जारी है, लेकिन उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## अविमुक्तेश्वरानंद पर बच्चों के यौन शोषण मामले में एफआईआर

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज



शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ नाबालिग बच्चों के यौन शोषण के मामले एफआईआर दर्ज कर ली गई है। प्रयागराज के झूंसी थाने में दर्ज एफआईआर में शंकराचार्य के शिष्य मुकुंदानंद का भी नाम है। झूंसी थाना प्रभारी महेश मिश्रा के मुताबिक, 2-3 अज्ञात के खिलाफ भी पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

दरअसल, जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज की याचिका पर प्रयागराज की पॉक्सो कोर्ट ने शनिवार को एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए थे। आशुतोष ब्रह्मचारी ने कोर्ट में 2 बच्चों को पेश करके गंभीर आरोप लगाए थे। कोर्ट में कैमरे के सामने बच्चों के बयान दर्ज हुए थे। अदालत ने 13 फरवरी को अपना आदेश रिजर्व रख लिया था।

शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने बताया था- हम दर-दर भटक रहे थे। पुलिस के पास जा रहे थे। हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। इसलिए न्याय के मंदिर में आए। आज लगा कि न्याय अभी जिंदा है। न्यायालय ने हमें आज न्याय दिया। मैं अब साफ-साफ कहना चाहता हूं कि शिष्यों के साथ यौन शोषण और समलैंगिक अपराध किया गया। इसकी पुष्टि न्यायालय ने कर दी है। वहीं, अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि रामभद्राचार्य के शिष्य मुकुंदानंद ने केस किया है। वह हिस्ट्रीशीटर है। जांच में हम सहयोग करेंगे। सच सामने आ जाएगा।

आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने एफआईआर में कहा कि मेरे ट्रस्ट की ओर से माघ मेला में श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मुक्ति के लिए माता शाकुंभरी देवी का महायज्ञ किया जा रहा है। शिविर में 2 नाबालिग शिष्य आए। उन्होंने मेरे सामने कई खुलासे किए।

नाबालिग शिष्यों ने बताया- हम असुरक्षित हैं। हमें पुलिस संरक्षण और न्यायिक सहायता दिलाई जाए। बच्चों ने बताया कि अविमुक्तेश्वरानंद और उनके सहयोगियों ने हमें अपने साथ रखा। कई बार कुकर्म किया। यह सब एक साल तक किया गया।

## करणी सेना नेता को जान से मारने की धमकी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के हीरानगर क्षेत्र में करणी सेना के प्रदेश संगठन मंत्री मानसिंह राजावत को मोबाइल कॉल पर जान से मारने की धमकी दी गई है। धमकी 20 फरवरी की रात दी गई थी। मामले में शनिवार को हीरानगर थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।



हीरानगर पुलिस के अनुसार मारुति नगर निवासी मानसिंह राजावत को एक मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने उनका नाम पूछने के बाद अपशब्द कहे और बच्चों की हत्या करने और खजराना क्षेत्र में आने पर जान से मारने की धमकी दी। मानसिंह राजावत ने पूरी बातचीत अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर ली। उन्होंने यह रिकॉर्डिंग वरिष्ठ पदाधिकारियों को भेजी और इसके आधार पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कॉल करने वाले नंबर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच में सामने आया है कि जिस नंबर से कॉल किया गया, वह मंदसौर निवासी मरहूफ कादरी मंसूरी के नाम पर दर्ज है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है और जल्द गिरफ्तारी की बात कही है।

आईएसआई और बांग्लादेशी आतंकी संगठनों से कनेक्शन

## तमिलनाडु-बंगाल से 8 संदिग्ध गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने रविवार को 8 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 6 तमिलनाडु और 2 पश्चिम बंगाल से अरेस्ट किए गए। पुलिस के मुताबिक यह सभी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और बांग्लादेशी आतंकी संगठनों के इशारे पर आतंकी हमले की साजिश रच रहे थे।

संदिग्धों में एक बांग्लादेशी नागरिक भी शामिल है। इनके पास से 12 से ज्यादा मोबाइल फोन और 16 से ज्यादा सिम कार्ड बरामद हुए हैं। तमिलनाडु के तिरुप्पुर से जिन 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई है, उनमें मिजानुर रहमान, मोहम्मद शबत, उमर, मोहम्मद लितान, मोहम्मद शाहिद और मोहम्मद उज्जल हैं।

इन लोगों ने पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठनों के समर्थन में सोशल मीडिया पर पोस्ट की थीं। 3 आरोपियों को उथुकुली, 3 को पल्लादम और एक आरोपी तिरुमुरुगनपोंडी से पकड़ा गया। ये सभी फर्जी आधार कार्ड के जरिए पहचान छिपाकर तिरुप्पुर में गारमेंट इंडस्ट्री में काम कर रहे थे।

### आतंकियों की मदद के लिए रेकी की

दिल्ली पुलिस के मुताबिक तमिलनाडु से गिरफ्तार 6 संदिग्धों पर आतंकियों की मदद के लिए शहरों की रेकी का आरोपी है। इसके अलावा दिल्ली में फ्री कश्मीर के पोस्टर लगाने में भी शामिल होने का शक है। सभी को ट्रेन से दिल्ली लाया जा रहा है। एक दिन पहले ही केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने देश के प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों पर टेरर अटैक को लेकर अलर्ट जारी किया है। इसके बाद दिल्ली में लाल किला, चांदनी चौक में सुरक्षा बढ़ाई गई है।




पाकिस्तान ने रविवार तड़के अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की

## 16 लोगों की मौतें, सभी एक परिवार के

### पाक ने कहा टीटीपी के 7 कैंपों को निशाना बनाया, आत्मघाती हमलों का बदला लिया

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



पाकिस्तान की सेना ने रविवार तड़के अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की। अल-जजीरा के मुताबिक पाकिस्तानी सेना ने दावा किया कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और इस्लामिक स्टेट से जुड़े सात कैंपों और ठिकानों को निशाना बनाया गया।

पाकिस्तान सरकार ने इसे हालिया आत्मघाती हमलों के बाद जवाबी अटैक बताया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि यह इंटेलिजेंस बेस्ड ऑपरेशन था। पाकिस्तान ने कहा, हमारे पास पुख्ता सबूत हैं कि हमले अफगानिस्तान की जमीन से चल रहे नेटवर्क ने कराए।

अफगानिस्तानी मीडिया टोलो न्यूज के मुताबिक हमले में नांगरहार के एक घर को निशाना बनाया, जिससे एक ही परिवार के 23 लोग मलबे के नीचे दब गए। अब तक सिर्फ चार लोगों को निकाला जा सका है। हमले के समय परिवार सो रहा था, इसलिए उन्हें भागने का मौका ही नहीं मिला। अमेरिकी मानवाधिकार संगठन इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन के मुताबिक इसमें 16 लोगों की मौत हो गई। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। हालांकि, आंकड़ों की आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

### सही समय पर कड़ा जवाब देंगे : अफगानिस्तान

अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सही समय पर पाकिस्तान को जवाब देने की चेतावनी दी है। मंत्रालय ने इन हमलों को अफगानिस्तान की गोपनीयता नीति का उल्लंघन बताया। अफगान सूत्रों के अनुसार पक्तिका में एक धार्मिक स्कूल पर ड्रोन हमला हुआ और नांगरहार प्रांत में भी कार्रवाई की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### मंत्री सिलावट के निर्देश पर प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे और राहत कार्य तेज

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने बेमौसम बारिश एवं तेज हवाओं से प्रभावित सांवेर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में गेहूं की फसल के नुकसान का त्वरित और निष्पक्ष सर्वे कर पात्र किसानों को शीघ्र मुआवजा प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने क्षेत्र में पहुंचकर फसलों की स्थिति का जायजा लिया और किसानों से चर्चा की । उन्होंने कलेक्टर शिवम वर्मा को निर्देशित किया कि सभी प्रभावित गांवों में सर्वे कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कर प्रतिवेदन शासन को भेजा जाए, ताकि किसानों को समय पर राहत मिल सके। उल्लेखनीय है कि गत दिनों बेमौसम बारिश एवं तेज हवाओं के कारण सांवेर विधानसभा क्षेत्र के कजलाना, बड़ोदिया खान, दर्जी कराड़िया, बालौदा टाकून, पोटलोद, चंद्रावतीगंज, पाल कांकरिया, रतनखेड़ी, बसान्द्रा, बीबीखेड़ी, खामोद आंजना, नाहरखेड़ा सहित आसपास के गांवों में अनेक स्थानों पर तैयार फसल खेतों में आड़ी (गिर) गई है, जिससे उत्पादन प्रभावित होने की संभावना है।

### बोर्ड सदस्यों ने निर्माण कार्यों की प्रगति देखी

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की पहल पर पुराना आरटीओ इंदौर पर निमार्णाधीन देवी अहिल्या स्मारक के ट्रस्ट बोर्ड की बैठक आज शनिवार को सम्पन्न हुई। बैठक में ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन सहित सांसद शंकर लालवानी,कार्यकारी अध्यक्ष अनिल डागा,समाजसेवी विनोद अग्रवाल,विकास आयुक्त डी.एस.रणदा,श्री मिलिंद महाजन, पुरुषोत्तम पसारी सहित संबंधित सदस्य शामिल हुये। बैठक में ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने देवी अहिल्या स्मारक प्रतिष्ठान ट्रस्ट द्वारा पुराना आरटीओ भवन पर निमार्णाधीन देवी अहिल्या स्मारक के विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल डागा ने बोर्ड सदस्यों को निमार्णाधीन देवी अहिल्या स्मारक के विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये बताया कि यह स्मारक पुण्य श्लोका देवी अहिल्याबाई की स्मृति में बनाया जा रहा है। करोड़ों रुपये की लागत से बन रहे उक्त स्मारक में ईंट, रेत, गुड,बैलफल,मैथीदाना, सरस आदि के मिश्रण से पुराने भवन पर प्लास्टर किया जा रहा है ताकि उसका मूल स्वरूप के साथ मजबूती भी बनी रहे। इसके अलावा देवी अहिल्या स्मारक पर वाटर प्रूफिंग और बाउण्ड्री वॉल का कार्य भी चल रहा है।


### केबीसी पर सवाल से, नागदा की छवि पर सवाल, अदालत ने 9 अप्रैल तक पुलिस से मांगी रिपोर्ट

# नागदा को गांव कहने पर अमिताभ बच्चन की बढ़ेंगी मुश्किलें

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी, नागदा की अदालत ने लक्ष्मण बनाम अमिताभ बच्चन प्रकरण में पुलिस थाना नागदा को 18 फरवरी 2026 से 9 अप्रैल 2026 के बीच जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मामला टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति में प्रसारित कथित वक्तव्यों को लेकर दायर परिवाद से संबंधित है।

नागदा निवासी लक्ष्मण सुंदरा द्वारा दायर परिवाद में आरोप लगाया गया है कि 23 दिसंबर 2025 को प्रसारित एक एपिसोड में नागदा शहर से संबंधित भ्रामक और असत्य जानकारी प्रस्तुत की गई, जिससे नगर की छवि को ठेस पहुंची है। परिवाद में कार्यक्रम के होस्ट अमिताभ बच्चन तथा स्टोरी पिक्चर नेटवर्क इंडिया के सीईओ गौरव बनर्जी को



पक्षकार बनाया गया है।

परिवाद के अनुसार मामला भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 318(4) एवं 420, केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 की धारा 5, 6(1)(डी), 6(1)(एफ), 6(1)(के) तथा धारा 16, साथ ही केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 के प्रावधानों के अंतर्गत बताया गया है।

अदालत ने प्रथम दृष्टया तथ्यों को देखते हुए पुलिस थाना नागदा को मामले की जांच कर निर्धारित अवधि में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। परिवादकर्ता द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज, वीडियो सामग्री और शपथ-पत्रों को भी न्यायालयीन अभिलेख में संलग्न किया गया है।

#### छवि धूमिल करने का आरोप

परिवाद में कहा गया है कि नागदा एक महत्वपूर्ण औद्योगिक नगर है, जिसकी ऐतिहासिक, भौगोलिक और सामाजिक पहचान है। आरोप है कि कार्यक्रम में इसे छोटा गांव और जल संकटग्रस्त क्षेत्र के रूप में प्रस्तुत किया गया, जो तथ्यात्मक रूप से गलत है और इससे नगरवासियों की प्रतिष्ठा प्रभावित हुई है। प्रकरण में परिवादकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजेश मंडवारिया (आलोट) और अधिवक्ता दीपमाला अवाना (नागदा) ने पैरवी की। अधिवक्ता जैना श्रीमाल ने भी तर्क प्रस्तुत किए।पुलिस प्रतिवेदन प्रस्तुत होने के बाद अदालत आगे की न्यायिक कार्यवाही पर निर्णय लेगी। फिलहाल मामला विचाराधीन है।

## मोहल्ला समिति की बैठक में गूंजे जनसरोकार के मुद्दे, पुलिस ने सहयोग का दिया भरोसा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर के जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को मोहल्ला समिति की अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारी, क्षेत्रीय नागरिक और सामाजिक प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करना, आपसी संवाद बढ़ाना तथा स्थानीय समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा।

बैठक में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान डीसीपी कृष्णा लालचंदानी, जूनी इंदौर एसीपी विजय चौधरी, थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता सहित थाना स्टाफ के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक के दौरान व्यापारियों ने बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण, पार्किंग की समस्या और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर चिंता जताई। वहीं रहवासियों ने रात में गश्त बढ़ाने, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी मजबूत करने और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सुझाव दिए। डीसीपी कृष्णा लालचंदानी ने स्पष्ट किया कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, नशाखोरी या छेड़छाड़ की घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। एसीपी विजय चौधरी ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी और बाजार क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि थाना स्तर पर शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए विशेष रजिस्टर और हेल्पलाइन नंबर सक्रिय रखे गए हैं। बैठक में यह भी तय किया गया कि मोहल्ला समिति की बैठकें नियमित अंतराल पर आयोजित की जाएंगी।

### संभागायुक्त सह मेला अधिकारी श्री सिंह ने दिए अधिकारियों को निर्देश

# सिंहस्थ कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करें

### रेलवे विभाग के माध्यम से अनुमति ली जाना है उसकी प्रक्रिया पूर्ण कर कार्यों में तेजी लाएं

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ 2028 महापर्व के लिए निमार्णाधीन कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने तथा रेलवे संबंधी कार्यों के लिए रेल विभाग से समन्वय एवं आवश्यक अनुमतियों के संबंध में चर्चा के लिए संभागायुक्त सह मेला अधिकारी ाशीष सिंह ने शनिवार को रेल्वे अधिकारियों के साथ बैठक लेकर प्रक्रियाओं को गति दी।

#### विभागवार कार्यों की समीक्षा की

सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन के कलेक्टर सभागार में शनिवार को सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने सिंहस्थ 2028 के लिए किए जा रहे अधोसंरचना विकास के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में श्री सिंह ने सिंहस्थ कार्यों को पूर्ण करने के लिए समय सीमा निर्धारित कर अगली बैठक में प्रस्तुत करें। सभी कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो इसका भी ध्यान रखने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी गोपाल डाड, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट उपस्थित रहे। बैठक में सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह ने विभागवार कार्यो की समीक्षा की। बैठक में जल संसाधन विभाग के माध्यम से प्रचलित निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी दी गई। मेला अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि जल संसाधन विभाग के माध्यम से सिंहस्थ 2028 के लिए किए जा रहे कार्य महत्वपूर्ण है, कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।




मेला अधिकारी श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सिंहस्थ के कार्यों में जहां भी रेलवे विभाग के माध्यम से अनुमति ली जाना है उसकी प्रक्रिया पूर्ण कर कार्यों में तेजी लाएं। कलेक्टर कार्यालय के सभागार में रेलवे संबंधी कार्य, समस्याओं की जानकारी के लिए आयोजित बैठक में रेलवे की ओर से एडीआरएम केएल मीणा, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी गोपाल डाड, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

बैठक में बताया गया कि जल संसाधन विभाग के माध्यम से सेवर खेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना में पाईप लाईन को उज्जैन-देवास रेलवे लाईन क्रास किया जाना है जिसकी अनुमति रेलवे विभाग से प्राप्त की जाना है। इसी तरह फ्रीगंज में निर्माणाधीन आरओबी कार्य में फेवरीकेशन कार्य स्ट्रेक्चर की डिजाईन रेलवे विभाग मुबंई से होना है। बैठक में रेलवे एडीआरएम श्री मीणा ने कहा कि जो भी अनुमति ली जाना है उसके संबंध में संबंधित कार्यालय के साथ ही उन्हे भी अवगत कराया जाए जिससे समय पर अनुमति प्राप्त हो सके।

बैठक में बताया गया कि रेलवे विभाग की ओर से मार्ग चौड़ीकरण कार्य के लिए अनापत्ति प्राप्त होना है। बैठक में मेला अधिकारी श्री सिंह ने सिंहस्थ का कार्य करने वाले सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैठक में जो निर्देश दिए है उसके अनुसार अब सिंहस्थ के लिए किए जा रहे कार्यों का काउंट डाउन शुरू हो गया है। विभागीय अधिकारी अन्य विभागों के साथ आपसी समन्वय बनाकर कार्य में तेजी लाएं। मेला अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि सिंहस्थ के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की समय सीमा तय कर पूर्ण होने की तिथि बताएं। बैठक में शिप्रा ब्रिज के दोनों और दीवार निर्माण, रेलवे स्टेशन से कनेक्टीविटी के लिए सड़कों के निर्माण, अंडरपास निर्माण, पंवासा, मोहनपुरा, नईखेड़ी और चिंतामन रेलवे स्टेशन के विकास कार्यों को लेकर मेला अधिकारी श्री सिंह ने रेलवे के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

## इंदौर जिले में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण हो गया है। आज मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। जिले में अब कुल 24 लाख 86 हजार 996 मतदाता दर्ज हैं। इनमें 12 लाख 52 हजार 332 पुरुष मतदाता, 12 लाख 34 हजार 569 महिला मतदाता तथा 95 अन्य मतदाता शामिल हैं।

यह जानकारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक में दी गई। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नवजीवन विजय पवार सहित अन्य अधिकारी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बताया गया कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार जिले में कुल 24 लाख 86 हजार 996 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 12 लाख 52 हजार 332 पुरुष, 12 लाख 34 हजार 569 महिला तथा 95 अन्य (थर्ड जेंडर) मतदाता शामिल हैं। जिले का समग्र जेंडर रेश्यो 986 दर्ज किया गया है। जिले के विधानसभा क्षेत्र 203 देपालपुर में कुल 2 लाख 55 हजार 354 मतदाता, 204 इंदौर-1 में कुल तीन लाख 11 हजार 268 मतदाता, विधानसभा 205 इंदौर-2 में कुल 2 लाख 89 हजार 962 मतदाता, विधानसभा 206 इंदौर-3 में कुल एक लाख 54 हजार 131 , विधानसभा 207 इंदौर-4 में कुल 2 लाख 18 हजार 147 मतदाता, विधानसभा 208 इंदौर-5 में कुल 3 लाख 52 हजार 849 मतदाता है।

### मेट्रो : बड़ा गणपति के रहवासियों को देंगे अन्यत्र स्थान

# विस्थापन को लेकर निर्णय शीघ्र, नोटिस देने की तैयारी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर में इन दिनों मेट्रो ट्रेन का काम दुतगति दुतगति से चल रहा है। खजराना सहित कई मार्गों, चौराहों पर अंडर ग्राउंड लाइन का काम शुरू हो चुका है। स्टेशन, प्लेटफार्म निर्माण में कई चौराहों और मार्गों पर मकान बाधक बन रहे हैं। इन बाधकों को हटाया जाना किसी चुनौती से कम नहीं है। पश्चिम क्षेत्र के सबसे व्यस्त चौराहा बड़ा गणपति पर मेट्रो ट्रेन का स्टेशन, प्लेटफार्म दोनों प्रस्तावित है।

इन कार्यों के निर्माण में कई मकान बाधक हैं। बाधक मकानों को अन्यत्र विस्थापित किया जाएगा। यहां के लोगों को कहां स्थान दिया जाए, इसका निर्णय भी जल्द लिया जाना है। जानकारी के मुताबिक, मेट्रो ट्रेन स्टेशन, प्लेटफार्म के लिए मल्हारगंज पुलिस चौकी, मंदिर और पार्षद के कार्यालयों



को भी हटाया जाएगा। वहीं, सामने की ओर बने मकान, दुकानभी बाधक है।

मेट्रो ट्रेन कारपोरेशन ने बाधक मकानों को चिन्हित कर लिया है। कारपोरेशन ने बाधकों को बेदखली का नोटिस जारी किया है। नोटिस के बाद अब कारपोरेशन जगह का चयन कर रहा है। हालांकि, कुछ रहवासी पीलियाखाल के पास जगह मांग रहे हैं। पूर्व में बड़ा गणपति से राजमोहल्ला तक सड़क चौड़ीकरण के दौरान कुछ रहवासियों को मेट्रो ट्रेन के काम में पुलिस चौकी बाधक बनी तो उसे भी अविलंब हटा दिया जाएगा। पुलिस चौकी को अंतिम चौराहे का पास स्थापित किया जाएगा। इस चौराहे पर चौकी स्थापित होने से यातायात भी बेहतर ढंग से चल सकेगा। बता दें, अंतिम चौराहे पर वाहनों का दबाव अधिक रहता है। पुलिस जवान मौजूद नहीं रहने से कई बार इस चौराहे पर बड़े हादसे हो चुके हैं। छह माह पहले इस चौराहे पर पर कॉलेज की बस ने बाइक सवार चार लोगों को टक्कर मार दी थी, जिसमें दो की मौत हो गई थी। इसके बाद से यहां ट्रैफिक जवान तैनात रहने लगे हैं। पीलियाखाल के समीप स्थान दिया गया था। यहां सारी मूलभूत सुविधाएं विस्थापितों को मिल रही है। इसे देखते हुए बड़ा गणपति चौराहे के आसपास से हटाए जाने वाले लोगों ने यहां जगह मांगी है। सूत्रों की मानें तो चौराहे से 40 से अधिक बाधक हटाए जाएंगे।

#### 28 परिवारों को 28 फ्लैट की मांग

हालांकि रहवासियों की मांग है कि यहां बने 16 घरों में 28 परिवार रहते है। ऐसे में 28 परिवारों को 28 फ्लैट दिए जाएं। इस पर कलेक्टर की अध्यक्षता में आगामी दिनों में होने वाली बैठक में ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। रहवासियों की मांग है कि उनके पास राजीव गांधी आश्रय मिशन के तहत मिले हुए जमीन के पट्टे है। ऐसे में उन्हें उचित मुआवजा मिलना चाहिए। मकान शिफ्ट हो जाएंगे लेकिन बच्चे के स्कूल का क्या होगा पीलियाखाल में रहने वाले लोगों की परेशानी यह है कि उन्हें रंगवासा शिफ्ट किया जा रहा है। ऐसे में अभी यहां के परिवारों के कई बच्चे शिक्षा के अधिकार के तहत बड़ा गणपति व कालानी नगर के निजी स्कूलों में पढ़ते है। ऐसे में उनकी पढ़ाई में मुश्किल आएगी।

### मंदिर, टेक्नोलॉजी और टूरिज्म से बनेगा नया मध्य प्रदेश

# मुख्यमंत्री बोले- रोजगार सृजन की धुरी बनेंगे देवस्थान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

राज्य सरकार हर क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार नई टेक्नोलॉजी, इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्री को बढ़ावा दे रही हैं। बजट के माध्यम से हर सेक्टर में विकास को गति दी गई है। आने वाले समय में मध्यप्रदेश देवस्थानों और पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में उभरेगा।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को इंदौर में कही। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की पहचान कई क्षेत्रों में है। सरकार यह प्रयास कर रही है कि मंदिर प्रबंधन को अर्थव्यवस्था से जोड़कर रोजगार के अवसर कैसे बढ़ाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 13 नए लोक विकसित किए जा रहे हैं और एआई से लेकर डिजिटल तकनीक तक हर क्षेत्र में तेजी से काम हो रहा है। आने वाले समय में प्रदेश हेल्थ टूरिज्म का भी प्रमुख केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने इंदौर एयरपोर्ट पर स्वामी यतींद्र गिरी जी महाराज ने सौजन्य भेंट की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिर सदैव आस्था और श्रद्धा के केंद्र रहे हैं, लेकिन उनसे जुड़े वित्तीय और प्रबंधन पक्ष भी रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा के बाद देश में सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटन केंद्र उज्जैन के रूप में उभरा है। इसी तर्ज पर ओंकारेश्वर, मय्यर की माताजी, राजाराम लोक, ओरछा और सलकनपुर जैसे धार्मिक स्थलों को भी विकसित किया जा रहा है।

### गुजरात ले जाई जा रही शराब पुलिस ने की जप्त

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश तथा सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निदेर्शानुसार इंदौर जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। 20 फरवरी 2026 को आबकारी वृत्त मालवा मिल बी की टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति लसुडिया मोरी रोड पर सूटकेस में शराब भरकर गुजरात जाने वाली बस का इंतजार कर रहा है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए आबकारी टीम मौके पर पहुँची। वहाँ एक व्यक्ति सूटकेस सहित खड़ा मिला। तलाशी के दौरान सूटकेस से 20 बोतल विदेशी मदिरा बरामद की गई। आरोपी जय कुटक के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया और आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### उज्जैन में किन्नर अखाड़े पर घमासान, 2016 में हुआ था गठन

# अजय का दावा लक्ष्मी नारायण को पद से हटाया


### प्रयागराज मेले में भी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने अपने नाम से भूमि आवंटित कराकर किन्नर अखाड़े का बोर्ड लगाया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन में किन्नर अखाड़े के संस्थापक ऋषि अजय दास ने दावा किया है कि लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को आचार्य महामंडलेश्वर पद से हटा दिया गया है और अब उनका अखाड़े से कोई संबंध नहीं है। इसके बावजूद वे स्वयं को किन्नर अखाड़े का प्रमुख बताकर लोगों को भ्रमित कर रही हैं।

#### ममता कुलकर्णी को पद देने पर आपत्ति

अजय दास ने कहा कि जब ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बनाया गया तो उन्होंने इसका विरोध किया। इसके बाद लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को भी पद से मुक्त कर दिया गया। उनका कहना है कि यदि भविष्य में किन्नर अखाड़े के नाम पर कोई भी गतिविधि संचालित की गई तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि 2015-16 के उज्जैन महाकुंभ में लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को आचार्य महामंडलेश्वर नियुक्त किया गया था, लेकिन निर्धारित उद्देश्य से भटकने के कारण उन्हें पदमुक्त किया गया। किन्नर अखाड़े को लेकर जारी इस विवाद ने धार्मिक और सामाजिक हलकों में नई चर्चा छेड़ दी है।



मीडिया से चर्चा में अजय दास ने कहा कि आगामी सिंहस्थ महाकुंभ में केवल उनका ही किन्नर अखाड़ा स्थापित होगा और इस संबंध में सभी वैध दस्तावेज उनके पास उपलब्ध हैं, जिन्हें आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रयागराज मेले में भी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने अपने नाम से भूमि आवंटित कराकर किन्नर अखाड़े का बोर्ड लगाया, जो पूरी तरह अनुचित है।

अजय दास के अनुसार, वर्ष 2016 के उज्जैन कुंभ में किन्नर अखाड़े का गठन किया गया था। अखाड़े की बढ़ती लोकप्रियता के बाद कुछ लोगों ने इसे समाप्त करने की साजिश रची। वर्ष 2019 के प्रयागराज अर्धकुंभ में अलग शिविर लगाकर स्नान किया गया था, लेकिन उनकी अस्वस्थता के दौरान लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कथित रूप से जूना अखाड़े के साथ बिना अनुमति समझौता कर लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बाद धर्म के नाम पर पदों का वितरण धनराशि लेकर किया जाने लगा। 21 लाख और 11 लाख रुपये लेकर जगतगुरु और महामंडलेश्वर जैसे पद दिए जाने के आरोप भी उन्होंने लगाए।

## डोगला में विक्रम विवि का एनएसएस शिविर शुरू

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

ग्राम डोंगला में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू हुआ। कुलगुरु अर्पण भारद्वाज ने उद्घाटन किया। शिविर 21 से 27 फरवरी तक चलेगा।

इस बार की थीम डिजिटल साक्षरता है। उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में डिजिटल जानकारी और जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि उमा शर्मा और ज्योति चौहान थीं।शिविर प्रभारी अजय शर्मा ने गतिविधियों की रूपरेखा बताई। शिविर में डिजिटल जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण क्षेत्र के अधूरे कार्यों को पूरा करने पर काम होगा। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़ी गतिविधियां भी होंगी। उद्घाटन के दौरान विश्व भाषा दिवस के संदर्भ में विद्यार्थियों ने विभिन्न भाषाओं में प्रस्तुति दी।

**पर्यावरण सुरक्षा हमारी दिनचर्या व ज्ञान परंपरा में शामिल-** हमारी ज्ञान परंपरा और जीवन शैली पूरी तरह से पर्यावरण सम्मत और विज्ञान आधारित है। हमारे दैनिक व्यवहार और दिनचर्या में पर्यावरणीय सजगता इस तरह से आत्मसात है कि उसे अलग से देखने या सिखाने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में एसजीएसआईटीएस इंदौर के निदेशक डॉ. नीतेश पुरोहित ने मुख्य अतिथि के रूप में कही।

न्यूज-कॉलम



## हाईकोर्ट के आदेश पर श्रम विभाग ने जारी किया आदेश

**बुरहानपुर।** मजदूर यूनियन की लंबी लड़ाई के बाद हाईकोर्ट के आदेश पर श्रम विभाग ने टेक्सटाइल श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, 1 अप्रैल 2024 से पुनरीक्षित न्यूनतम वेतन दरें लागू होंगी और बकाया एरियर का भुगतान अनिवार्य होगा। बुरहानपुर मजदूर यूनियन के अध्यक्ष ठाकुर प्रियांक सिंह ने बताया कि हाईकोर्ट के फैसले के बाद श्रम विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 1 अप्रैल 2024 से पुनरीक्षित दरें लागू रहेंगी और बकाया एरियर का भुगतान तत्काल किया जाए। यूनियन ने श्रमिकों से एकजुट रहने और अपने अधिकारों के लिए जागरूक होने की अपील की है। यूनियन ने स्थानीय प्रशासन से न अपील की है कि आदेश का सख्ती से पालन करवाया जाए और यदि कोई उल्लंघन हुआ तो राज्यव्यापी आंदोलन और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## यातायात आलीराजपुर द्वारा संयुक्त वाहन चैंकिंग अभियान चलाया



**अलीराजपुर।** यातायात पुलिस आलीराजपुर द्वारा दिनांक 21 फरवरी को पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह के निदेर्शानुसार आगामी दिनों में भगौरिया त्यौहार होने से जिला मुख्यालय अलीराजपुर पर थाना कोतवाली व थाना यातायात आलीराजपुर द्वारा संयुक्त वाहन चैंकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें आलीराजपुर शहर में स्थान व समय बदल-बदल कर लगातार वाहन चैकिंग की कार्यवाही की गई इस जिसमें मुख्य रुप से तेजगति से चलने वाले 10 वाहन चालको पर, बिना हेलमेट धारण कर चलने वाले 24 वाहन चालको पर, बिना सिट बेल्ट लगाकर चलने वाले 8 वाहन चालको पर, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बिठाने वाले 4 वाहन चालको पर, 5 नाबालिक वाहन चालकों पर, बिना लायसेंस के 6 वाहन चालको पर व मोडिफाई सायलेंस लगाने वाले 5 वाहन चालको पर चालानी कार्यवाही कर कुल 23 हजार रुपये का समन शुल्क वसुल किया गया । साथ ही शहर में आये दिन दो पहिया वाहनो के चालको को हेलमेट धारण करने, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट धारण करने हेतु आवश्यक समझाईश दी गई ।

## ग्राम धवली, बलवाड़ी एवं वरला में शांति समिति की बैठक आयोजित



**वरला।** प्रभारी पुलिस अधीक्षक जिला बड़वानी श्री धीरज बब्बर के निर्देशानुसार आगामी भगोरिया, होली (रंग पंचमी) एवं रमजान पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के पालन में आज दिनांक 22 फरवरी 2026 को अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) सेंधवा श्री अजय वाघमारे, थाना प्रभारी वरला श्री नारायण रावल एवं तहसीलदार वरला श्री अजय चौहान के नेतृत्व में ग्राम धवली, बलवाड़ी एवं वरला में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में ग्राम रक्षा समिति, भगोरिया समिति, सामाजिक कार्यकर्ता, वरिष्ठजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आगामी भगोरिया मेले की व्यवस्थाओं को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मेले में लगने वाले झूले, ढोल-नगाड़े एवं अन्य आयोजनों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## पत्रकार विशाल नामदेव को संगठन का प्रदेश सह सचिव मनोनीत किया



**बाग।** इंडियन जर्नलिस्ट ए आई जी पत्रकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन की सहमती से प्रदेश अध्यक्ष राकेश साहु द्वारा बाग नगर के सक्रिय पत्रकार विशाल नामदेव को संगठन का प्रदेश सह सचिव एवं बाग प्रभारी मनोनीत किया गया। नामदेव की इस नियुक्ती से पत्रकार साथियों ने उन्हें बधाई शुभकामनाए देते हुए कहा की नामदेव लगातार अपनी पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रियता बनाए हुए हैं। साथ ही प्रदेश पत्रकार जगत में सभी पत्रकारो बंधुओं को एक माला में पिरोकर रखने का कार्य करेगे । ये छोटे शहर बाग के लिए बड़ी उपलब्धि हे की प्रदेश स्तर के पद पर संगठन ने उन पर विश्वास जताकर जुमेंदारी सोपी है । इस दाईत्व को लेकर नामदेव ने बताया की वरिष्ठों ने मुझ पर जो विश्वास जताकर जो संगठन का दाईत्व दिया है। उस खरा उतरने का कार्य करुंगा ओर सभी पत्रकारो साथीओ को विश्वास में लेकर संगठन को मजबुत करेगे तथा आने वाले दिनों में ब्लॉक और तहसील स्तर पर संगठन के कार्यों का विस्तार करेगे। आज के दौर में पत्रकारिता करना बड़ा जोखिम भरा हो गया है । उसमें भी खास कर के ग्रामीण क्षेत्र की पत्रकारिता करना बड़ा कठीन है । इसलिए पत्रकारो साथीओ के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पत्रकारो के हितों की लड़ाई लड़ेंगे । वरिष्ठ पत्रकार अशोक पंवार,प्रदीप अगाल,राज कुमार मालवी,जय प्रकाश तापड़िया युनुस खान, तेज बहादुर सिंह,सुरेश अगाल, दिनेश झंवर,रोहित झंवर,शहजाद खान भारती,बृज जाजू,शिव शंकर परिहार,रजत मानधन्या,अंकीत झंवर,राजु पंवार,निरेश सेठिया, कान्हा शर्मा जाफर खान मेव लक्की जाजू, आदि ईष्ट मित्रों ने बधाई दी।

# पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने हेतु जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

### जोबट टीम प्रथम, कट्ठीवाड़ा द्वितीय, आलीराजपुर तृतीय स्थान पर रही

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (क्रत्रक्र) के अंतर्गत नवाचार के तहत पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से जिला पंचायत आलीराजपुर द्वारा फतेह क्लब में गत दिवस एक दिवसीय जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले की समस्त जनपद पंचायतों की टीमों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरीबाई खरत एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पारंपरिक खेल हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं तथा युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली एवं सकारात्मक सोच की दिशा में प्रेरित करते हैं।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान टीम ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने, नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने एवं सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

प्रतियोगिता में जनपद पंचायत जोबट की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और 21 हजार रुपये का पुरस्कार जीता। जनपद पंचायत कट्ठीवाड़ा की टीम द्वितीय स्थान पर रही, जिसे 11 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। तृतीय स्थान जनपद पंचायत आलीराजपुर को प्राप्त हुआ, जिसे 5 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। वहीं उदयगढ़ एवं सोंडवा की टीमों को 1100-1100 रुपये के सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आयोजन के सफल संचालन पर प्रतिभागियों एवं उपस्थितजनों ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान कार्यक्रम में समस्त जनपद एवं जिला जनप्रतिनिधि, सामाजिक एवं जनजातीय खेल विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बुरहानपुर में माँ ताप्ती नदी परिक्रमा यात्रा का भव्य स्वागत एवं भंडारा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



बुरहानपुर में पावन ताप्ती नदी की वार्षिक परिक्रमा यात्रा के अंतर्गत परिक्रमा वासी श्रद्धालुओं का भव्य एवं श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया। प्रातः 10 बजे यात्रा का नगर में प्रवेश हुआ, जहाँ विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों तथा नगरवासियों ने पुष्पवर्षा एवं जयघोष के साथ परिक्रमा वासियों का अभिनंदन किया।

यात्रा बहादरपुर रोड से होते हुए भी सी के ग्रीन, चाणक्यपुरी, लक्ष्मी नगर एवं सिंधी बस्ती मार्ग से गुजरी। मार्ग में स्थान-स्थान पर श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत, जलपान एवं सेवा की व्यवस्था की गई। माँ ताप्ती परिक्रमा सेवा समिति, बुरहानपुर के सदस्य धीरज नावानी द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई।

दोपहर 12 बजे सिंधी बस्ती स्थित पुरुषार्थी विद्यालय के पास माँ ताप्ती की विधिवत आरती का आयोजन संपन्न हुआ। आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्तिमय वातावरण में सभी ने दर्शन लाभ प्राप्त किया। तत्पश्चात भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं एवं परिक्रमा वासियों ने प्रसाद ग्रहण किया।

यात्रा दोपहर 3 बजे यात्रा पुरुषार्थी विद्यालय से प्रस्थान कर राजघाट पहुँची, जहाँ विधिवत महापौर माधुरी पटेल, पूर्व महापौर अतुल पटेल, निगम अध्यक्ष अनीता अमर यादव सहित सभी श्रद्धालुओ ने माँ ताप्ती का आरती-पूजन किया। इसके पश्चात परिक्रमावासी श्रद्धालु श्रीरोकड़िया हनुमान मंदिर पहुँचे, जहाँ समिति द्वारा रात्रि भोजन की व्यवस्था की गई।

पौराणिक ग्रंथों के अनुसार माँ ताप्ती सूर्यदेव की पुत्री हैं, इसलिए उन्हें सूर्यतनया के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि सूर्यदेव के तेज से उत्पन्न होने के कारण ताप्ती में विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा निहित है। स्कंद पुराण सहित विभिन्न पुराणों में ताप्ती नदी का महात्म्य विस्तार से वर्णित है।

ताप्ती महात्म्य के अनुसार इस नदी में स्नान, तट पर तप, दान एवं जप करने से मनुष्य के पाप नष्ट होते हैं और उसे अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। स्कंद पुराण में वर्णित त्ताप्ती महात्म्यज के अनुसार श्रद्धापूर्वक माँ ताप्ती के पावन नाम का स्मरण मात्र करने से ही श्रद्धालु को गंगा नदी में स्नान तथा नर्मदा नदी के दर्शन के समान महान पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

## शांतिपूर्ण व्यवस्थित मूल्यांकन प्रारंभ

**बड़वानी।** 22 फरवरी 2026 को मूल्यांकन केंद्र शासकीय उत्कृष्ट कन्या क्रमांक-1, बड़वानी में बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य विधिवत प्रारंभ हुआ। प्रातः 10.30 बजे प्रेक्षक श्री जे एस डामोर, सहायक आयुक्त एवं मूल्यांकन केंद्र अधिकारी अनिल मिश्रा की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोला गया तथा नियमानुसार मूल्यांकन कार्य प्रारंभ किया गया। प्रेक्षक श्री जे एस डामोर द्वारा मूल्यांकन कक्षों का निरीक्षण किया गया तथा कंट्रोल रूम में बैठकर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी मूल्यांकन कार्य की सतत निगरानी की गई। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। मूल्यांकन केंद्र अधिकारी अनिल मिश्रा ने बताया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर मूल्यांकन कार्य पूर्ण करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं तथा कार्य सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संचालित किया जा रहा है।

## जनगणना हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण

**बड़वानी।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण यथा मकानसूचीकरण एवं मकानों के गणना के जिला स्तरीय 2 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन 26 एवं 27 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे से कलेक्टर कार्यालय बड़वानी के सभागृह में किया जावेगा।

# श्याम प्रेमी मित्र मण्डल द्वारा रंगभरी एकादशी पर भव्य भजन संध्या का आयोजन

### श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन




श्याम प्रेमी मित्र मण्डल के तत्वावधान में रंगभरी एकादशी के पावन अवसर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 27 फरवरी 2026, शुक्रवार को सायं 7 बजे से टी आई टी कॉम्प्लेक्स बस स्टैण्ड में आयोजित होगा। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक हरिराम पटेल गोरी अग्रवाल इंदौर एवं गुप्ता ब्रदर्स के द्वारा श्याम भक्ति के मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे पूरा वातावरण भक्ति रस से सराबोर रहेगा।

आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भजन संध्या का लाभ लें और धर्मलाभ प्राप्त करें।

इस अवसर पर विशेष रूप से फाग उत्सव भी मनाया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु भक्तजन फूलों से होली खेलकर भक्ति और आनंद का अदभूत संगम अनुभव करेंगे। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भजन संध्या एवं फाग उत्सव का लाभ लें और धर्मलाभ प्राप्त करें। इस धार्मिक आयोजन में सहयोगी के रूप में , देवीसिंह धानसे, आवेश परसाई, पुरुषोत्तम सोनी, हरीश कुमरावत, हीरालाल अबोले, सहित अन्य भक्तजन सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। आयोजकों का कहना है कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा, सद्भाव और संस्कारों को मजबूत करते हैं तथा युवाओं को संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं।

# शेख अलीम साहब को राज्यसभा के लिए कांग्रेस पार्टी भेजे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग



जिला धार।अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री जाफर खान मेव ने मप्र में होने वाले आगामी राज्यसभा चुनाव में अल्पसंख्यक कोटे को राज्यसभा सीट देने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखा है। मेव ने पत्र में बताया कि मप्र में पार्टी में जमीन से जुड़े अल्पसंख्यक नेताओं में सबसे बड़ा नाम शेख अलीम साहब प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस विभाग मध्य प्रदेश का है जो कांग्रेस पार्टी में वर्षों से कई पदों पर रह चुके हैं पार्षद भी रहे हैं एक अच्छे वकील भी है अभी मौजूदा पार्षद पति है। और संगठन को मजबूत बनाने का काम कर रहे हैं। हमारी मांग है कि शेख अलीम साहब को राज्यसभा के लिए कांग्रेस पार्टी भेजे जो मध्य प्रदेश कांग्रेस को मजबूत करें। शेख अलीम अजमेर दरगाह शरीफ के पूर्व अध्यक्ष रहे हैं और ६ बार पार्षद रहे। इंदौर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष रहे। साथ ही पार्टी संगठन में भी कई अहम पद पर जिम्मेदारी निभाई है।मध्य प्रदेश में 2002 में आखरी बार राज्यसभा के लिए अल्पसंख्यक नेता को भेजा गया था उसके बाद किसी भी अल्पसंख्यक नेता को राज्यसभा के लिए नहीं भेजा गया है, 20 साल से भी ज्यादा समय हो गया है जाफर खान मेव ने बताया* कांग्रेस पार्टी को सबसे ज्यादा वोट अल्पसंख्यक ही देते हैं लेकिन लगातार अल्पसंख्यकों की अनदेखी हो रही है चाहे वह जिला अध्यक्ष का गठन हो या कार्यकरनी सदस्य का गठन हो लगातार उनकी हिस्सेदारी कम की जा रही है लेकिन अल्पसंख्यक सबसे ज्यादा वोट कांग्रेस पार्टी को ही करता है उसके बाद भी अनदेखी करना समझ में नहीं आ रहा है, अल्पसंख्यकों की कांग्रेस पार्टी में उदासीनता आने वाले समय में देखी जा रही है।

## ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेनें प्रभावित

**उज्जैन।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के मल्हारगढ़ यार्ड-मंदसौर यार्ड के मध्य दोहरीकरण कार्य के चलते 22 फरवरी से 1 मार्च तक रतलाम मंडल की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी। 22 फरवरी को चित्तौड़गढ़ से चलने वाली गाड़ी 79304 चित्तौड़गढ़-रतलाम डेमू 1 घंटे एवं 23 फरवरी को 0.40 घंटे विलंब से प्रस्थान करेगी। 24 फरवरी को जमुना ब्रिज से चलने वाली गाड़ी 19818 जमुना ब्रिज-रतलाम एक्सप्रेस चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। 24 फरवरी को रतलाम से चलने वाली गाड़ी संख्या 19327 रतलाम-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होकर संचालित की जाएगी। 24 फरवरी से 1 मार्च तक उज्जैन से चलने वाली गाड़ी 69231 उज्जैन-चित्तौड़गढ़ पैसेंजर रतलाम रेलवे स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी और रतलाम से चित्तौड़गढ़ के मध्य निरस्त रहेगी। 24 फरवरी से 1 मार्च तक चित्तौड़गढ़ से चलने वाली गाड़ी 69232 चित्तौड़गढ़-उज्जैन पैसेंजर रतलाम रेलवे स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी और चित्तौड़गढ़ से रतलाम के मध्य निरस्त रहेगी। 25 फरवरी से 1 मार्च तक गाड़ी 79304 चित्तौड़गढ़ रतलाम डेमू मार्ग में आधा घंटा रेगुलेट होगी।



# 27 अप्रेल को निकलेगी आलीराजपुर में महारैली

### अध्यक्ष भूपेन्द्र माली व सचिव धर्मेन्द्र शर्मा बनाये

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



गौ सम्मान आव्हान अभियान के अंतर्गत श्रीराम गौशाला, आलीराजपुर में एक वृहद मीटींग सम्पन्न हुई। जिसमें 27 अप्रेल को आलीराजपुर में राष्ट्रपति महोदय के नाम कलेक्टर को प्राथना-पत्र देने के सम्बंध में रणनीति पर चर्चा हुई। मीडिया प्रभारी कृष्णकान्त बेड़िया ने बताया कि केन्द्र सरकार और सभी राज्य सरकारों से राष्ट्र और भारतीय संस्कृति के हित में संविधान के दायरे में रहकर अहिंसक तरिके से गौमाता को सेवा, सुरक्षा और सम्मान का मौलिक अधिकार प्रदान हो। गौमाता को राष्ट्र माता घोषित करे। इस हेतु 27 अप्रेल सोमवार को पूरे देश की सभी 5 हजार तहसीलों में राष्ट्रपति, राज्यपाल, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर महोदय एवं एस.डी.एम. महोदय को इस हेतु प्राथना-पत्र दिया जायेगा। मीटींग में निर्णय लिया गया कि आलीराजपुर नगर में भी 27 अप्रेल को हजारों की संख्या में महिला, पुरूष, युवक, युवतीया, बच्चें उक्त मांगों को लेकर विशाल रैली निकालकर प्राथना-पत्र देंगे। गौरक्षा हेतु केन्द्रीय कानून बने एवं भारतवर्ष में गौहत्या पूरी तरह समाप्त हो। गौबर और गौमुत्र को लेकर अनुसंधान हो। गौमाता का दूध, दही, गौबर, घी और गौमुत्र को बढ़ाने के लिए शासन उचित नीतियां बनाये, इसके लिये यूनिट की स्थापना की जाये। मंदिरों में भोग, आरती, पूजा, प्रसाद में देशी गौमाता का घी व दूध अनिवार्य किया जाये। प्रत्येक ग्राम पंचायत में गौशाला की स्थापना हो। गौहत्यारों व गौतस्करों को आजीवन कठोर कारावास दिया जाये।

# पुलिस ने बैंक व एटीएम में चोरी के प्रयास की घटना का किया खुलासा

### घटना में शामिल चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद/बेड़िया



पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन (ग्रामीण) अनुराग एवं पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा के द्वारा जिला खरगोन में संपत्ति संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने के निर्देश दिये गये थे ।

वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा के द्वारा जिला खरगोन में हो रही चोरी एवं लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाकर अज्ञात आरोपियों की पतारसी व शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया था प्राप्त निर्देशों के परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन (ग्रामीण) शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन में जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था ।

इसी तारतम्य में थाना बेड़िया की पुलिस टीम ने बैंक व ATM में चोरी के प्रयास की घटना का खुलासा कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । दिनांक 17 फरवरी को थाना बेड़िया पर बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा डुडगांव के ब्रांच मैनेजर ने सूचना दी कि दिनांक 16 फरवरी को रात्रि में बैंक का कार्य समाप्त कर शटर एवं चैनल गेट पर ताला लगाकर बैंक बंद किया गया था जिसके बाद दिनांक 17 फरवरी को सुबह बैंक कर्मचारियों ने देखा की बैंक के शटर के दोनों ओर के नकुचे टूटे हुए थे एवं चैनल गेट का ताला टूटा हुआ नीचे पड़ा था बैंक के अंदर जाकर देखने पर कैशियर एवं स्टाफ टेबल के ड्रॉअर खुले मिले संपूर्ण बैंक भवन एवं स्ट्रांग रूम को देखने पर ज्ञात हुआ कि स्ट्रांग रूम का लॉक सुरक्षित एवं यथावत है जिसमें किसी भी प्रकार का नगद, फाइल या अन्य सामान चोरी नहीं हुआ है परंतु अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा चोरी करने का प्रयास किया गया है

इसी प्रकार दिनांक 24 जनवरी 26 को भी थाना बेड़िया पर अज्ञात आरोपियों के व्दारा एनटीपीसी सेल्दा टाउनशीप में लगे एसबीआई एटीएम में को गेती से तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया गया जिसमें आरोपियों को कोई सफलता नही मिली। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बेड़िया पर अपराध क्रमांक 13/26 धारा 303(2),62 बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था बैंक एवं ATM में हुए चोरी के प्रयास की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा के निर्देशन, शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन में एसडीओपी बड़वाह अर्चना रावत के नेतृत्व में जिला व अनुभाग स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया एवं अज्ञात आरोपियों की किसी अन्य बड़ी घटना को अंजाम देने के पूर्व ही धरपकड़ करने हेतु निर्देशित किया गया गठित पुलिस टीम के द्वारा बैंक एवं ATM में चोरी के बैंक परिसर घटनास्थल एवं आसपास के आने जाने वाले सभी के संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही फुटेजो का संकलन किया गया एवं उन्हें बारीकी से खंगाला गया । जिसमें पुलिस टीम के द्वारा दोनों घटनाओं में संदिग्धों को चिन्हित किया गया जिसमें दोनों घटनाओं में आरोपियों के हुलिये मिलते जुलते दिखाई दिए । पुलिस टीम के द्वारा स्थानीय स्तर पर मुखबिरों को भी सक्रिय कर उक्त चोरी की घटना में संलिप्त आरोपियों की जानकारी एकत्रित करने के लिए लगाया गया ।

## खास न्यूज

### रेलवे स्टेशन पर सवारी बैठाने को लेकर ऑटो चालक में विवाद

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन पर सवारी बैठाने की बात को लेकर दो ऑटो चालकों में विवाद हो गया और विवाद अधिक बढ़ने पर नौबत मारपीट तक पहुंच गई। जीआरपी थाना पुलिस ने बताया कि शनिवार शाम रेलवे स्टेशन के पास माल गोदाम के तरफ ऑटो रिक्शा चालक राहुल पिता कालू अपना वाहन लेकर खड़ा हुआ था। इसी दौरान वहाँ पर गांधी नगर निवासी शोएब लाला नामक रिक्शा चालक आया और सवारी को बैठाने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के चलते दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई। विवाद के दौरान वहां अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। आरोपी शोएब ने राहुल को उठाकर पटक दिया। जिससे उसकी कमर में गंभीर चोट लगी। तत्काल उसे अस्पताल लेकर आए। इधर आरोपी भाग निकला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। रेलवे स्टेशन पर आए दिन इस तरह के विवाद होते रहते हैं। लेकिन जीआरपी और आरपीएफ थाना पुलिस द्वारा इन वाहनों को परिसर से नहीं हटाया जाता है। इस कारण आए दिन यह झगड़ते रहते हैं इसके पहले भी कई बार रेलवे परिसर में सवारी बैठाने को लेकर रिक्शा चालकों के बीच विवाद हो चुके हैं।

### सिद्धवट पर पंडे से विवाद कर दो लोगों ने की मारपीट

**उज्जैन।** सिद्धवट पर पूजा करने वाले एक पंडे के साथ शनिवार शाम दो लोगों ने निकलने की बात को लेकर विवाद कर मारपीट की। तथा घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। और फरार आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि देवेन्द्र पिता सूरज सिद्धवट पर पूजा और तर्पण कराने का कार्य करता है । शनिवार को वह पूजा कराने के लिए सिद्धवट परिसर में बैठा हुआ था। इस दौरान वहाँ से आनंद और एक अन्य युवक निकल रहा था। इस दौरान उनके बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आनंद ने अपने साथी के साथ मिलकर देवेन्द्र के साथ मारपीट कर गाली गलौज की ओर दोनों वहां से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मारपीट करने वाले दोनों आरोपियों की पुलिस खोजबीन कर रही है।

### निगम आयुक्त ने चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण



**उज्जैन।** निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने रविवार को अधिकारियों के साथ कंठाल चौराहा से सतीगेट तक प्रारंभ किए गए सीवर के कार्यों एवं छत्री चौक पानी की टंकी से ढाबा रोड तक किए जा रहे मार्ग चौड़ीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए की कंठाल चौराहा से सतीगेट तक सीवर का कार्य किया जा रहा है वह व्यावसायिक क्षेत्र के अंतर्गत आता है इसीलिए इस कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए ताकि क्षेत्र के व्यापारियों एवं नागरिकों को किसी प्रकार की समस्या ना हो साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि को उक्त कार्य से अवगत करवाया जाए ताकि उन्हें भी कार्य की जानकारी रहे, इसके पश्चात आयुक्त द्वारा छत्री चौक पानी की टंकी से ढाबा रोड तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया उक्त क्षेत्र में भवन स्वामी द्वारा स्वयं द्वारा अपने चिन्हित भाग को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। नगर निगम के अधिकारी और कार्य के ठेकेदार अपने संसाधनों के साथ उपस्थित रहे जहां आवश्यकता लगे तोड़ाई के कार्य में सहयोग प्रदान करें साथ ही मार्ग पर सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेड्स लगाकर कार्य किया जाए।

वाहन के साथ मोबाईल चल रहे, नो हेलमेट पेट्रोल मिल रहा....

# सड़क सुरक्षा के आदेश कागजों तक सिमटे, सड़क पर मनमानी का आलम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



शहर में सडक सुरक्षा के आदेश कागजों तक सिमट कर रह गए हैं। सडक पर वाहन चालकों की मनमानी का आलम छाया हुआ है। वाहन चलाते समय मोबाईल चलाना खासकर चौपहिया वाहनों में तो अब फैशन एवं स्टाईल बनता जा रहा है। टू-व्हीलर चालक हेलमेट के बीना पेट्रोल ले रहे हैं और कान में मोबाईल के हियर बड लगे हुए हैं।

धर्म नगरी की गली हो या मुख्य मार्ग सडक पर निकलते ही वाहन चलाने के दौरान चालक के मोबाईल पर बात करने के दृश्य आम हो चले हैं। यही नहीं पेट्रोल पंपों पर सुबह से शाम तक आने वाले दु-पहिया चालकों में से इक्का -दुक्का ही हेलमेट धारण कर रहे हैं। जनजागरूकता के लिए पिछले एक माह तक कार्य किए गए लेकिन उसका असर नाम मात्र का भी सामने नहीं आया है। ये बात अलग है कि आंकडों में दुर्घटनाएं कम हुई हैं और घायलों की संख्या भी घटी है।

#### सख्त कार्रवाही करें

हाल ही में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने साफ तौर पर कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल चलाने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाए। ब्लैक स्पॉट्स को चिन्हांकित कर निरंतर सुधार के लिए रंबल स्ट्रिप, केट आई ,आवश्यक संकेतक ,स्पीड ब्रेकर निर्माण की कार्यवाही की जाए। ट्रैक्टर ट्रॉली एवं अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाएं। स्कूल संचालकों से स्कूलों वाहनों में छात्रों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा, जीपीएस सिस्टम लगाने एवं आरटीओ से स्कूल वाहनों के फिटनेस का सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। रात्रि में आवागमन की सुविधा के लिए और दुर्घटनाओं से बचाव के लिए बैठक में पशुओं के सींग पर रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं। हिट एंड रन केस के 19 प्रकरण स्वीकृत किए गए है। उक्त 19 प्रकरणों में 32 लाख रुपए की राहत राशि स्वीकृत की जा चुकी है।

#### पिछले साल की तुलना में 43 प्रकरण कम-

बैठक में बताया गया कि 2025 की अपेक्षा 2026 में 1 जनवरी से 15 फरवरी तक सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 43 प्रकरणों की कमी आई है। साथ ही सड़क दुर्घटना में घायलों की संख्या में भी कमी आई है। बैठक में जानकारी दी गई है कि 1,जनवरी 2025 से 31, दिसंबर 2025 तक हेलमेट ना लगाकर दोपहिया वाहन चलाने पर 13,892 चालानी कार्यवाही और सीट बेल्ट ना लगाकर गाड़ी चलाने पर जिले में 3,240 चालान बनाए गए है।

#### बगैर हेलमेट भी मिल रहा पेट्रोल-

नो हेलमेट, नो पेट्रोल नियम का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो पाया । प्रदेश के महानगरों भोपाल और इंदौर में इस नियम के सख्त पालन के बाद जबलपुर हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिए थे कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल पंपों पर ईंधन न दिया जाए। इसके पालन में कई जिलों के कलेक्टरों ने स्थानीय स्तर पर आदेश भी जारी किए थे। वर्तमान में जिले के पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट बाइक सवार बेझिझक पेट्रोल भरवाते नजर आ रहे हैं। पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि पहले इस संबंध में स्पष्ट आदेश थे ।लेकिन, अब स्थानीय प्रशासन की ओर से कोई नया या प्रभावी निर्देश नहीं है। यदि विधिवत आदेश मिलेंगे तो नियम का पालन किया जाएगा। पंप कर्मियों का तर्क है कि ग्राहकों से विवाद या बहस की स्थिति से बचने के लिए वे नियम की अनदेखी कर देते हैं।

# जुलूस सहित अन्य कार्यक्रमों में पन्नीयों के छोटे-छोटे टुकड़े उड़ाने का प्रचलन जारी

**सड़क पर चिपक रहे हैं पन्नियों के टुकड़े, सफाई कर्मियों को साफ करने में मशक्कत करना पड़ रही है**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



शहर को साफ सुथरा बनाने के लिए नगर निगम करोड़ों रुपए खर्च कर रहा है।शहर की गली मोहल्लें में डोर टू डोर कचरा उठाया जा रहा है। सड़कें व फुटपाथ को साफ रखने के लिए सफाई कर्मी दिन रात सफाई करने में लगे रहते हैं। लेकिन शादी ब्याह व जुलूस में स्वागत करने वाले उनकी मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। नगर निगम ने शादी व धार्मिक आयोजन में तोप मशीन से रंगीन पन्नियां उड़ाने पर रोक लगाई थी। लेकिन इस प्रतिबंध के बावजूद भी शादी व जुलूस सहित अन्य कार्यक्रमों में तोप मशीन से रंगीन पन्नियां उड़ाने का प्रचलन जारी है। प्रतिबंध के बावजूद भी लोग स्वागत के दौरान रंग बिरंगी पन्नियों के टुकड़े का इस्तेमाल कर रहे हैं।जिससे शहर की सड़क खराब हो रही है आपको बता दे की पूर्व निगम आयुक्त ने निर्देश जारी किया था कि जुलूस व धार्मिक आयोजन में स्वागत के दौरान तोप मशीन से रंग-बिरंगी पन्नियों के टुकड़े का इस्तेमाल नहीं किया जाए। क्योंकि पन्नियों के टुकड़े सड़क पर चिपक जाते हैं और सफाई कर्मियों को इन्हें साफ करने में भारी मशक्कत करना पड़ती है। इसे लेकर निगम आयुक्त ने यह निर्णय जारी किया था और स्वागत के दौरान पन्नियों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया था। लेकिन फिर भी स्वागत के दौरान इन पन्नियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिससे शहर की सड़के खराब हो रही है। वहीं सफाई कर्मचारीयों को भी इन पन्नियों को साफ करने में भारी मशक्कत करना पड़ रही है।

#### इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई

शादी विवाह का दौर चल रहा है चल समारोह एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रम तथा रैलियां आयोजित हो रही है। जिसमें रंगीन पन्नीयों के छोटे-छोटे टुकडों के छर्रे बनाकर स्वागत-सत्कार हेतु उ?ाया जा रहा है। जिस कारण से स?कों पर जगह-जगह पर पन्नीयों के टुकडे सडकों पर चिपक रहे है और सफाई के दौरान सफाई कर्मीयों का अत्यधिक परिश्रम करना पड रहा है। जबकि नगर निगम द्वारा आदेश जारी कर कहा गया था कि अगर इसका इस्तेमाल करते कोई भी पाये गए तो निगम टीम द्वारा वाहन/मशीन को जब्त करने अथवा भारी आर्थिक दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। लेकिन अभी तक इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है ।

मंदसौर एएसपी ने प्रारंभिक पोस्ट मार्टम रिपोर्ट से किया खुलासा...

# दम घुटने से नहीं गोली लगने से मरा भय्यू लाला

**पुलिस ने किया आरोपों को सिरे से खंडन ,मर्ग जांच जारी**

**उज्जैन/मन्दसौर।** बहूचर्चित हिस्ट्रीशीटर और कथित ड्रग्स तस्कर वाहिद उर्फ भय्यू लाला की संदिग्ध मौत दम घुटने से नहीं गोली लगने से होने से हुई थी। मंदसौर में पेनल पोस्टमार्टम के उपरांत प्राथमिक जांच रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। मंदसौर पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। अब इस पूरे मामले ने नया मोड ले लिया है कि आखिर मृतक को घर में किसने गोली मारी और कौन उसे घर में पलंग पर सुला गया।

मामले में एडिशनल एसपी हेमलता कुरील ने बताया है की भय्यू लाला की मौत गोली लगने से हुई है। जिसकी पुष्टि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में डाक्टरों ने की है। पुलिस पर लगे आरोप बेबूनियाद हैं। पुलिस ने उसके परिजनों की सभी मांगों को मानते हुए मामले में पेनल पीएम मंदसौर में करवाया है। पुलिस अब गोली चलने की परिस्थितियों की जाँच कर रही है।

**परिजनो को भी किया जा सकता है तलब-** भय्यू के परिजन शुरू से ही पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाते रहे जबकि परिजन बबलू, तोहिद, इमरान और सलमान सहित चार लोग उसे मृत अवस्था में तितरोद डॉक्टर राजा बाबू मंसूरी के यहां लेकर गए थे। जहां गोली लगने से निकला खून साफ किया गया होगा। लेकिन फिर भी पुलिस की पिटाई से मौत के आरोप लगाते रहे भय्यू की पत्नी शुरू से ही पुलिस द्वारा मारपीट लकड़ी से मारपीट से मौत के आरोप लगाती रही जबकि गोली चलने की आवाज क्या उसे नहीं सुनाई दी ? भय्यू कि पत्नी शुरुआती बयानों में भी गोली लगने का आरोप लगा सकती थी। ऐसे कई अनसूलझे सवालों के जवाब लेने के लिए पुलिस भय्यू उर्फ वाहिद के परिजनों को तलब कर उनसे मामले में जानकारी ले सकती है।

**पाईट 2 2 की गोली निकली-** इधर सामने आ रहा है कि भय्यू लाला के कान के पीछे से गोली लगी थी। गोली पाईट 2 2 पिस्टल की थीं। पुलिस को शनिवार को भय्यू के घर से मिली पिस्टल से यह गोली चली या नहीं, यह तो फारेंसिक जांच से हीं पता चलेगा। इस मामले में भी पुलिस पर कुख्यात तस्कर के परिजनों ने आरोप मढ दिये हैं इन आरोपों के पीछे का कारण भी गंभीर ही होंगे। खास यह है कि परिजन हर मामले में पुलिस को ही लक्ष्य कर रहे हैं। इससे मामले में संदिग्धता गहराती जा रही है और परिजन भी शंका से परे नही कहे जा सकते हैं।

**भय्यू पर थे असाधारण अपराध-** पुलिस रिकॉर्ड अनुसार वाहिद उर्फ भय्यू लाल के खिलाफ पिछले 23 वर्षों में मध्य प्रदेश राजस्थान और महाराष्ट्र में हत्या का प्रयास, लूट,डकैती तथा एनडीपीएस एक्ट के तहत 19 गंभीर प्रकरण दर्ज थे। 11 जनवरी 2026 को मुंबई ठाणे पुलिस द्वारा जावरा से 10 किलो एमडी ड्रग्स बरामद किए जाने मामले में भी उसका नाम सामने आया था। वह उस समय से फरार चल रहा था और उस पर 5000 का इनाम घोषित था। पुलिस अनुसार वह अपने नेटवर्क में नाबालिकों और कालेज छात्रों का इस्तेमाल करता था फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जाँच में जुटी है और गोली चलने की वास्तविक परिस्थितियों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### हिस्ट्रीशीटर की मौत

**रतलाम।** धार जिले के बदनावर तहसील अंतर्गत कोद-बिड़वाल मार्ग पर सड़क हादसे में रतलाम के पीपल चौक निवासी 21 वर्षीय हर्ष उर्फ कटोरा पुत्र संतोष पंवार की मौत हो गई।

# आज से महानंदा नगर एरिना ग्राउण्ड में पुलिस भर्ती परीक्षा, 5800 अभ्यर्थी शामिल होंगे




**उज्जैन।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार, आरक्षक (जी.डी.) भर्ती वर्ष 2025 हेतु प्रमाण पत्रों की जांच एवं शारीरिक प्रवीणता परीक्षा उज्जैन केन्द्र पर आज दिनांक 23.02.2026 से 14.03.2026 तक आयोजित की जाएगी।

शारीरिक परीक्षा के अंतर्गत 800 (400×2) मीटर दौड़, गोला फेंक, लंबी कूद परीक्षा एवं दस्तावेज परीक्षण महानंदा एरिना ग्राउण्ड उज्जैन पर संपन्न होंगी। परीक्षा की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

ड्यूटीरत कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी कराया गया है, तथा मॉक ड्रिल का अभ्यास भी किया जा चुका है। शारीरिक परीक्षा की पारदर्शिता एवं सटीकता हेतु सीसीटीवी कैमरा एवं विडियो कैमरा पर्याप्त संख्या में लगाए गये है, जिनकी मॉनिटरिंग पुलिस मुख्यालय द्वारा की जा रही है। परीक्षा में 5800 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे।ऐसे सभी अभ्यर्थी जिन्हें शारीरिक परीक्षा हेतु एरिना ग्राउण्ड उज्जैन केन्द्र आवंटित किया गया है उनसे अपेक्षा है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर महानंदा एरीना ग्राउण्ड, उज्जैन पर मूल प्रमाण पत्र, उसकी स्वयं सत्यापित छायाप्रति एवं आवश्यक दस्तावेज लेकर उपस्थित हो। विलंब से आने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### वार्ड 49 में 21 लाख रुपए की लागत से होगा उद्यानों के सौंदर्यकरण का कार्य

**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 49 में निगम अध्यक्ष कलावती यादव एवं नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल महामंडलेश्वर शैलेशानंद महाराज क्षेत्रीय पार्षद आभा कुशवाह द्वार 21 लाख रुपए की राशि से किए जा रहे उद्यानों के सौंदर्यकरण कार्य का भूमि पूजन किया। 21 लाख की लागत से क्षेत्र के उद्यानों के सौंदर्यकरण किया जाएगा। भूमि पूजन के अवसर पर कलावती यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जो इस क्षेत्र के विधायक हैं विकसित प्रदेश के साथ उज्जैन में विकास का क्रम जारी है सिंहस्थ 2028 में नगर वासियों की सहभागिता के साथ हमे अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करना है।

# नि:शुल्क शिविर में बिना बताए नाडी देखकर कर रहे अचूक रोग निदान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हाल ही में उज्जैन के दशहरा मैदान में संपन्न हुए 'महाकाल वन मेला 2026' में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित, जबलपुर के प्रसिद्ध नाडी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल अब उज्जैन में अपनी नियमित सेवाएं देने जा रहे हैं। मरीजों को मिल रहे स्वास्थ्य लाभ को देखते हुए वैद्यजी द्वारा उज्जैन में प्रतिमाह 20 से 24 तारीख तक 5 दिवसीय नि:शुल्क नाडी परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इस माह यह नि:शुल्क शिविर क्षीरसागर गेट, नई सडक स्थित प्रकाश टॉकीज की गली के पास 'जायसवाल धर्मशाला' में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का समय प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक रहेगा। माँ दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के डायरेक्टर एवं पिछले 25 वर्षों से आयुर्वेद चिकित्सा कर रहे वैद्य संतोष आनंद जायसवाल की सबसे बडी विशेषता उनका नाडी ज्ञान है। उनका दावा है कि मरीज को अपनी बीमारी बताने की आवश्यकता नहीं होती; वे केवल नाडी देखकर शरीर के रोगों का सटीक पता लगा लेते हैं और एक ही छत के नीचे सम्पूर्ण समाधान प्रदान करते हैं।

मरीजों को मिल रहा है चमत्कारी लाभ




वन मेले के दौरान इलाज लेने वाले मरीजों को काफी सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। उज्जैन की सिंधी कॉलोनी निवासी शालिनी जी, जो पिछले 10 वर्षों से पैरों में गैंग्रीन और शुगर की गंभीर समस्या से जूझ रही थीं, उन्हें वैद्य जी के मात्र एक माह के उपचार से काफी आराम मिला है और उनके घाव सूखने लगे हैं। इसी तरह भोपाल से आए श्री जोशी को पेट की गंभीर बीमारियों, गैस और एसिडिटी से चमत्कारी रूप से छुटकारा मिला है और वे स्वयं को पूर्णतः स्वस्थ महसूस कर रहे हैं।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री कैलाशचन्द्र पिता मोतीलालजी रत्नावत निवासी संत नगर सांवेर रोड उज्जैन को उत्तराधिकार में प्राप्त होने वाले मकान, सदर बाजार में स्थित जिसमें आगे की और दौ दुकाने एंव नाल होकर तहसील गरोठ जिला मदंसौर म.प्र. में स्थित है-उक्त मकान की चतुर्सीमा निम्नानुसार है पूर्व में- औमजी बर्डिया वाले के हिस्से में आई दुकान, पश्चिम में भेरूजी की गली उत्तर में आम रास्ता, सदर बाजार जाने वाली जरिया सत्यनारयणजी बर्डिया वाले का मकान दक्षिण में आम रास्ता सदर बाजार जाने वाला उक्त मकान व दुकान का क्षेत्रफल 635 वर्ग फीट है को क्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार ने बयाना राशि दी जाकर अपने हित में विक्रय पत्र का संपादन कराया जाना शेष है। यदि किसी आम व खास को स्वत्व सम्बन्धी सुखाधिकार संम्बधी या उत्तराधिकार सम्बन्धी में या रहन बय दान या अन्य प्रकार से अन्तरण हस्तातरण, भार बोझ के सम्बन्ध में किसी प्रकार की कोई आपत्ती होने की दशा में इस जाहिर सूचना पत्र के प्रकाशन से 08 दिवस के भीतर मुझ अभिभाषक को मय दस्तावेज के आपत्ती दर्ज करावे ताकि आपत्ती विचार कर निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ती स्वीकार व मान्य नहीं होगी न ही मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी होगी। सौ सूचित हो। इति दिनांक 21/02/2026

**शिल्पा अग्रवाल अभिभाषक**
**गांधी चौक गरोठ जिला मदंसौर**
**मो. 9691826334**

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**
**बिजली विभाग (पॉवर)**
**ई–निविदा सूचना**
**संख्या : EL-2025-26-48, दिनांक : 19.02.2026.** मंडल रेल प्रबंधक (बिजली/पॉवर शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ''खुली निविदा'' ई–निविदा के माध्यम से वेब–साईट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है :
**ई टेंडरिंग संख्या :** EL-2025-26-48, **कार्य का नाम :** Ratlam Division - Electrical work in connection with Augmentation of water supply arrangement at various 12 stations in connection with Simhastha 2028, **अनुमानित लागत :** ₹ 12506359.92, **बयाना राशि:** ₹ 212500.00, **निविदा खुलने की तिथि :** 17.03.2026. विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य शर्तें वेब–साईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। ADM/7/1/471
Follow us on: twitter.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**
**बिजली विभाग (पॉवर)**
**ई–निविदा सूचना**
**संख्या : EL-2025-26-46, दिनांक : 19.02.2026.** मंडल रेल प्रबंधक (बिजली/पॉवर शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ''खुली निविदा'' ई–निविदा के माध्यम से वेब–साईट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है :
**ई टेंडरिंग संख्या :** EL-2025-26-46, **कार्य का नाम :** Ratlam Division - Electrical work in connection with (1) Barlai - Additional common loop line at in connection of Simhastha 2028. (2) Tajpur - Additional loop line at in connection of Simhastha 2028. (3) Naikheri - Yard Remodeling with additional loop and stabling line in connection of Simhastha 2028, **अनुमानित लागत :** ₹ 5505866.89, **बयाना राशि:** ₹ 110100.00, **निविदा खुलने की तिथि :** 17.03.2026. विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य शर्तें वेब–साईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। ADM/7/1/470
Follow us on: twitter.com/WesternRly

# ध्यान का सही समय



प्रतिदिन हमें कम से कम दो बार साधना का अभ्यास करना चाहिए। उस अभ्यास का उपयुक्त समय है प्रातःकाल और सायंकाल। जब रात बीतती है और पौ फटती है तथा जब दिन बीतता है और रात आती है। इन दोनों समय पर प्रकृति अपेक्षाकृत शांत होती है। ब्रह्ममुहूर्त और गोधूलि, ये दो समय मन की स्थिरता के अनुकूल हैं। तब शरीर बहुत कुछ शांत रहता है। यह नियम बना लो कि इन दोनों समय पर साधना समाप्त किए बिना भोजन न करोगे। ऐसा नियम बना लेने पर भूख का प्रबल वेग तुम्हारा आलस्य नष्ट कर देगा। भारत में बालक यही शिक्षा पाते हैं कि स्नान-पूजा और साधना किए बिना भोजन नहीं करना चाहिए। कालांतर में यह उनके लिए स्वाभाविक हो जाता है; उनकी जब तक स्नान-पूजा और साधना समाप्त नहीं हो जाती, तब तक उन्हें भूख नहीं लगती। जिनको सुभीता हो, वे साधना के लिए यदि एक स्वतंत्र कमरा रख सकें, तो अच्छा होगा। इस कमरे को सोने के काम में न लाओ। इसे पवित्र रखो। बिना स्नान किए और शरीर-मन को बिना शुद्ध किए इस कमरे में प्रवेश न करो। इस कमरे में सदा पुष्प और हृदय को आनंद देने वाले चित्र रखो। योगी के लिए ऐसे वातावरण में रहना बहुत उत्तम है। सुबह-शाम वहां धूप और चंदनचूर्ण आदि जलाओ। उस कक्ष में किसी प्रकार का क्रोध, कलह और अपवित्र चिंतन न किया जाए। अपने साथ जिनके भाव मिलते हैं, केवल उन्हीं को उस कमरे में प्रवेश करने दो।

ऐसा करने पर शीघ्र ही वह कमरा सत्वगुण से पूर्ण हो जाएगा; यहां तक कि जब किसी प्रकार का दुख या संशय आए अथवा मन चंचल हो, तो उस कमरे में प्रवेश करते ही तुम्हारा मन शांत हो जाएगा। मंदिर, गिरजाघर आदि के निर्माण का सच्चा उद्देश्य यही था। अब भी बहुत से मंदिरों और गिरजाघरों में यह भाव देखने को मिलता है; परंतु अधिकतर स्थलों में लोग इनका उद्देश्य भूल गए हैं। चारों ओर पवित्र चिंतन के परमाणु सदा स्पंदित होते रहने से वह स्थान पवित्र ज्योति से भरा रहता है। जो इस प्रकार के स्वतंत्र कमरे की व्यवस्था नहीं कर सकते, वे जहां इच्छा हो, वहीं बैठकर साधना कर सकते हैं। शरीर को सीधा रखकर बैठो और मन ही मन कहो, ह्यसंसार में सभी सुखी हों, सभी शांति लाभ करें, सभी आनंद पाएं। ऐसा जितना करोगे, उतना ही तुम अपने को अच्छा अनुभव करने लगोगे। बाद में देखोगे, ह्यदूसरे सब लोग स्वस्थ हों, दूसरे लोग सुखी हों, ऐसी भावना ही अपने को सुखी करने का सहज उपाय है। इसके बाद जो लोग ईश्वर पर विश्वास करते हैं, वे ईश्वर के निकट प्रार्थना करें- अर्थ, स्वास्थ्य अथवा स्वर्ग के लिए नहीं, वरन हृदय में ज्ञान और सत्य तत्व के उन्मेष के लिए। इसको छोड़ बाकी सब प्रार्थनाएं स्वार्थ भरी हैं।



सम्पादकीय

## न्यायिक दखल

पहली बार ऐसा हो रहा है, जब मतदाता सूची सुधार में न्यायिक निगरानी करनी पड़ेगी। सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुना दिया है, अब पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के सुचारू संचालन के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों की तैनाती की जाएगी। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपिन पंचोली की पीठ ने साफ कह दिया है कि राज्य सरकार और भारतीय चुनाव आयोग के बीच सहयोग की कमी है। यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि पश्चिम बंगाल में मतदाता पुनरीक्षण का काम होकर रहेगा। चुनाव आयोग और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच तल्खी का ही नतीजा है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को न्यायालय में स्वयं पेश होकर पक्ष रखना पड़ा। यह कहने में कोई हर्ज नहीं कि मुख्यमंत्री दबाव बनाना चाहती थीं, ताकि पुनरीक्षण के काम को टाला जा सके। न्यायालय में राज्य सरकार को झटका लगा है और पुनरीक्षण का कार्य अपने तय समय पर ही पूरा होगा। राज्य सरकार को शायद अपने चुनाव अधिकारियों पर भरोसा नहीं है, पर अब उसे न्यायिक अधिकारियों पर भरोसा करना पड़ेगा।

पुनरीक्षण कार्य को रोकने के लिए पश्चिम बंगाल द्वारा की जा रही कोशिश कतई प्रशंसनीय नहीं है। लगता है, पश्चिम बंगाल ने बिहार से कुछ भी नहीं सीखा है। बिहार में भी आनन-फानन में ही पुनरीक्षण का काम हुआ और सर्वोच्च न्यायालय ने इस कार्य में विपक्षी दलों द्वारा जताई गई कुछ आपत्तियों के आधार पर हस्तक्षेप किया था। अब इस कार्य को पश्चिम बंगाल में रोकने का कोई औचित्य नजर नहीं आता है, फिर भी पश्चिम बंगाल सरकार लगातार यह साबित करने में लगी रही है कि दो साल का काम दो-तीन महीने में नहीं हो पाएगा। इसमें कोई दोराय नहीं कि न्यायिक अधिकारी जब पुनरीक्षण के काम की निगरानी करेंगे, तो अदालती सुनवाइयां प्रभावित होंगी। सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस बात को माना है, लेकिन पुनरीक्षण कार्य को पूरा करने के लिए दूसरा कोई रास्ता नहीं है। वास्तव में, पुनरीक्षण का यह कार्य राज्य सरकारों द्वारा बनाए गए बीएलओ और राजनीतिक पार्टियों द्वारा नियुक्त बीएलए का ही काम है। बीएलओ और बीएलए अगर सजग रहें, तो मतदाता सूची को सोलह आना सही किया जा सकता है। दुर्भाग्य से यह काम पश्चिम बंगाल में सही ढंग से नहीं हो पाया, तो इसके लिए पहली नजर में पश्चिम बंगाल सरकार ही जिम्मेदार है।

### रक्षा नहीं संसाधनों की लूट

# हरित भविष्य : किसकी चलेगी दुनिया में?

आज की दुनिया ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहाँ जलवायु संकट मानव सभ्यता के भविष्य को तय करने वाला बड़ा प्रश्न बन चुका है। वैज्ञानिक लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि यदि कोयला, तेल और गैस पर हमारी निर्भरता जल्द कम नहीं हुई तो धरती का तापमान ऐसे स्तर तक पहुँच जाएगा, जहाँ जीवन की वर्तमान संरचनाएँ टिक नहीं पाएँगी। इसके बावजूद वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा आज भी जीवाश्म ईंधनों के इर्द-गिर्द घूम रहा है। इस पूरी व्यवस्था की भयावह बात यह है कि जब कोई सरकार पर्यावरण और जनता के हित में कदम उठाने की कोशिश करती है, तो उसे न्याय के नाम पर दंडित किया जाता है।



कुमार सिद्धार्थ
(दैनिक अवन्तिका)

पिछले कुछ दशकों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार और निवेश समझौतों के जरिये एक ऐसा कानूनी ढांचा खड़ा किया गया है, जिसमें बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ सरकारों पर मुकदमा कर सकती हैं। इसे निवेशकझ्रराज्य विवाद निपटान प्रणाली (आईएसडीएस) कहा जाता है। इसके तहत यदि कोई सरकार पर्यावरण, स्वास्थ्य या सामाजिक हित में ऐसा निर्णय लेती है, जिससे किसी कंपनी के मुनाफे पर असर पड़ता है, तो वह कंपनी सरकार से न केवल अपने निवेश की भरपाई, बल्कि संभावित भविष्य के मुनाफे का भी दावा कर सकती है। ये मुकदमे सामान्य अदालतों में नहीं, बल्कि गुप्त ट्रिब्यूनलों में चलते हैं, जहाँ न पारदर्शिता होती है, न जनता की भागीदारी और न ही लोकतांत्रिक जवाबदेही।

यह व्यवस्था अपने आप में लोकतंत्र के लिए एक गहरा खतरा है। सरकारें जनता द्वारा चुनी जाती हैं, ताकि वे जनता और पर्यावरण के हित में फैसले लें। लेकिन आईएसडीएस जैसे प्रावधानों के कारण वही सरकारें कंपनियों के डर से पीछे हटने लगती हैं। आईएसडीएस की मार सबसे पहले उन देशों पर पड़ी है, जिन्होंने पर्यावरण और जनता के हित में साहसिक फैसले लिए। जर्मनी ने जब परमाणु ऊर्जा से बाहर निकलने का निर्णय किया तो ऊर्जा कंपनी वाटनफॉल ने उस पर अरबों यूरो का दावा ठोक दिया। पाकिस्तान ने एक खनन परियोजना को पर्यावरणीय कारणों से रोका तो उस पर छह अरब डॉलर से अधिक का जुर्माना लगाया गया, जो उसके पूरे शिक्षा और स्वास्थ्य बजट से भी ज्यादा था। स्लोवेनिया में एक ब्रिटिश कंपनी को केवल यह कहने पर कि फ्रैकिंग से पहले पर्यावरणीय प्रभाव का आकलन जरूरी है, सरकार पर 120 मिलियन यूरो का मुकदमा कर दिया गया और अंततः सरकार को झुकना पड़ा। कोलंबिया में आदिवासी समुदायों के संघर्ष से एक कोयला खदान परियोजना रुकी, लेकिन कंपनियों ने ब्रिटेन- कोलंबिया संधि के तहत सरकार से मुआवजा वसूल लिया। इन उदाहरणों का खतरनाक असर यह है कि सरकारें पर्यावरण बचाने से पहले अब यह सोचने लगती हैं कि कहीं उन्हें अंतरराष्ट्रीय अदालतों में अरबों डॉलर का हजार्ना न भरना पड़ जाए। इसे रेगुलेटरी चिल कहा जाता है, यानी कानून बनाने की हिम्मत तो रहती है, मगर उन्हें लागू करने का साहस नहीं बचता। नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री जोसेफ स्टिग्लिट्ज ने इस व्यवस्था को कानूनी आतंकवाद निरूपित किया है, क्योंकि यह सरकारों को डराकर लोकतांत्रिक फैसलों को पलटने का हथियार बन चुकी है।

लेकिन यह प्रक्रिया केवल कानूनी तंत्र तक सीमित नहीं है। इसका एक और, उससे भी अधिक क्रूर रूप वेनेजुएला में देखने को मिलता है। वेनेजुएला के पास दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार हैं। लंबे समय से यह देश अमेरिकी साम्राज्यवाद और वैश्विक तेल कंपनियों की नजर में खटकता रहा है, क्योंकि उसने अपने तेल संसाधनों पर राष्ट्रीय नियंत्रण स्थापित करने की कोशिश की। अमेरिका ने वहाँ की निर्वाचित सरकार को अस्थिर करने के लिए आर्थिक प्रतिबंध लगाए, उसकी अर्थव्यवस्था को पंगु बनाने की कोशिश की और खुले तौर पर सत्ता परिवर्तन की राजनीति चलाई। तेल के लिए एक संप्रभु देश के लोकतंत्र को कुचल देना और अंतरराष्ट्रीय कानूनों की धज्जियाँ उड़ाना यह दिखाता है कि जब संसाधनों का सवाल आता है, तो लोकतंत्र और मानवाधिकार कितने बौने साबित हो जाते हैं। अब सवाल यह है कि भारत इस पूरी तस्वीर में कहाँ खड़ा है? क्या हम खुद को इस खतरे से सुरक्षित मान सकते हैं? शायद नहीं। भारत आज तेजी से वैश्विक पूंजी और निवेश के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। कोयला खनन, तटीय औद्योगिक परियोजनाएँ, परमाणु संयंत्र, बड़े बाँध, तेल और गैस की खोज ये सभी क्षेत्र पहले से ही पर्यावरण और स्थानीय समुदायों के अधिकारों को लेकर विवादों में घिरे हुए हैं। यदि भविष्य में भारत ऐसे निवेश समझौतों का हिस्सा बनता है, जिनमें आईएसडीएस जैसे प्रावधान होंगे, तो हमारी सरकारों पर भी वही दबाव आएगा, जो आज कई अन्य देशों पर है।

भारत में पर्यावरणीय मंजूरी की प्रक्रियाओं को विकास में बाधा बताकर कमजोर किया जा रहा है। कई बार परियोजनाओं को तेजी से मंजूरी देने के लिए नियमों में ढील दी जाती है, जनसुनवाई को औपचारिकता बना दिया जाता है और स्थानीय लोगों की आपत्तियों को अनदेखा कर दिया जाता है। यदि इसके ऊपर अंतरराष्ट्रीय मुकदमों का डर भी जुड़ गया, तो पर्यावरण संरक्षण लगभग असंभव हो जाएगा। तब सरकारें जनता और प्रकृति के नहीं, बल्कि निवेशकों और कंपनियों के प्रति जवाबदेह होंगी।

ारत जैसे देश के लिए यह विशेष रूप से खतरनाक है, क्योंकि यहाँ विकास की कीमत पहले गरीब, आदिवासी और हाशिए पर पड़े समुदाय चुकाते हैं। जंगलों से विस्थापन, खनन से प्रदूषण, नदियों के सूखने और जमीन के बंजर होने से उनकी आजीविका छिन जाती है। यदि सरकारें अंतरराष्ट्रीय दबाव में आकर पर्यावरणीय फैसलों से पीछे हटने लगेंगी, तो इन समुदायों के अधिकार पूरी तरह कुचल दिए जाएँगे।

वेनेजुएला का उदाहरण और आईएसडीएस जैसी कानूनी व्यवस्थाएँ मिलकर यह साफ कर देती हैं कि आज का वैश्विक तंत्र संसाधनों की रक्षा के नाम पर नहीं, बल्कि संसाधनों की लूट को वैध ठहराने के लिए खड़ा किया गया है। एक तरफ कहा जाता है कि दुनिया को जलवायु संकट से बचाना है, दूसरी तरफ उन कंपनियों को कानूनी और राजनीतिक संरक्षण दिया जाता है जिनका अस्तित्व ही इस संकट को गहराने पर टिका है। भारत को इस पूरे परिदृश्य से गंभीर सबक लेना चाहिए। हमें ऐसे किसी भी अंतरराष्ट्रीय समझौते से सावधान रहना होगा जो हमारी लोकतांत्रिक संप्रभुता और पर्यावरण संरक्षण की क्षमता को कमजोर करता हो।

## चार्जिंग पॉइंट की खोज में भटकती आत्माएँ

आज की पीढ़ी के लिए 'पंचतत्व' की परिभाषा बदल गई है। अब शरीर अग्नि, जल, वायु, पृथ्वी और आकाश से नहीं, बल्कि डेटा, वाई-फाई, सिग्नल, नोटिफिकेशन और 100% बैटरी से बनता है। यदि इनमें से एक भी तत्व कम हो जाए, तो आधुनिक मानव का अस्तित्व खतरे में पड़ जाता है। इस डिजिटल युग में 'मोक्ष' का मार्ग किसी मंदिर से नहीं, बल्कि कैफे की उस अंधेरी नुक्कड़ वाली मेज से होकर गुजरता है, जहाँ एक बिजली का सॉकेट लगा हो। यह सॉकेट ही आज का 'कल्पवृक्ष' है, जिसके नीचे बैठकर जेन-जी अपनी अधूरी इच्छाएं (रील्स और स्ट्रीक्स) पूरी करता है।

जैसे ही फोन की बैटरी 20% पर पहुँचती है, युवा के माथे पर चिंता की लकीरें उभरने लगती हैं। 10% पर आते-आते वह बेचैन होकर टहलने लगता है, जैसे अस्पताल के बाहर कोई पिता अपने बच्चे के जन्म की प्रतीक्षा कर रहा हो। और जैसे ही वह जादुई 1% का आँकड़ा आता है, उसके हाथ-पाँव ऐसे फूल जाते हैं मानो किसी ने ऑक्सीजन की नली काट दी हो। उसके लिए वह लाल रंग का छोटा सा निशान 'खतरे का निशान' नहीं, बल्कि 'प्रलय का बिगुल' है। उसे लगता है कि अगर इस क्षण चार्जर न मिला, तो उसका पूरा डिजिटल साम्राज्य ताश के पत्तों की तरह ढह जाएगा।

इस भागमभाग में घर के 'लिविंग रूम' का नजारा किसी युद्धभूमि जैसा हो जाता है। बेटा सोफे से ऐसे छलांग लगाता है जैसे उसे ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतना हो। रास्ते में आने वाली मेज, कुर्सी या छोटा भाई-सब उसके लिए 'रुकावट' हैं। उसका एकमात्र लक्ष्य है 'चार्जर'। वह चार्जर जिसे उसने कल रात अंधेरे में कहीं फेंक दिया था, अब उसे ढूंढने के लिए वह घर का कोना-कोना छान मारता है। उस वक्त उसकी 'सर्चिंग एबिलिटी' गूगल से भी तेज होती है। वह अलमारी के पीछे, तकिए के नीचे और यहाँ तक कि फ्रिज के ऊपर भी हाथ मारता है, क्योंकि 1% बैटरी वाला दिमाग तार्किक रूप से नहीं, बल्कि 'सर्वाइवल मोड' में काम करता है।

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 23 फरवरी 2026 सोमवार
सूर्योदय - 06:58 सूर्यास्त 18:23
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - षष्ठी 09:10 उपरांत सप्तमी
नक्षत्र - भरणी 16:33 उपरांत कृतिका
योग - ब्रह्म 10:18 उपरांत ऐन्द्र
करण - तैतिल
चन्द्रमा - मेष में है। 22:13 पर वृषभ में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रमजान मास 05 तारिख

**मेष-** परिवार की चिंता रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृषभ-** थकान रहेगी। पिता का स्वास्थ्य संतोष देगा। अहंकार के भाव मन में न आने दें। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ होगा।

**मिथुन-** स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें।

**कर्क-** कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

**सिंह-** प्रयास सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे।

**कन्या-** सुखवृद्धि एवं पारिवारिक उन्नति होगी। पड़ोसियों से किसी बात पर मतभेद की संभावना है।

**तुला-** बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक-** कामकाज की जिज्ञासा बढ़ेगी। राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यों में सफलता की संभावना है।

**धनु-** पुराना रोग उभर सकता है। बेचैनी रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। योजना बनेगी।

**मकर-** कार्यप्रणाली में सुधार होगा। व्यापारिक गोपनीयता भंग न करें। पूंजी निवेश लाभकारी रहेगा।

**कुंभ-** व्यापार की चिंता रहेगी। आपसी विचार-विमर्श लाभप्रद रहेगा। आशानुरूप स्थिति बनेगी।

**मीन-** चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम न लें। झंझटों में न पड़ें।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा (भरदीवाले) 9926034545

समसामयिक

## विक्रमोत्सव



पं.रामगोपाल शर्मा
(दैनिक अवन्तिका)

विजय का यह परम उत्सव है,
विजय का यह अनूठा संगम है।
जहाँ वेद, ज्ञान और संस्कृति का दृश्य,
अवंतिका का अनुपम विहंगम है।
क्रम अनवरत चलता रहे यहाँ,
वेद-ज्ञान और भगवा संस्कृति का।
क्षिप्रा तट पर सजा है अद्भुत संगम,
आधुनिक काल और कला की कृति का।
महाकाल के परम पावन आँगन में,
यह महोत्सव हर जन-जन के मन का।
मानव हृदय में बसता विक्रम संवत,
उत्सव है यह हरि-हर जन का।
उमंग और अनंत ऊर्जा का यह उत्सव,
नवरत्नों के अनुपम योगदान का।
सप्तपुरियों में प्रधान उज्जयिनी का,
अखंड भारत की शक्ति-पहचान का।
तम मिटाने जहाँ योगेश्वर श्रीकृष्ण पधारे,
तन-मन में जहाँ असीम शांति समाए।
यहाँ की अनंत ऊर्जा विश्व में फैले,
हर मानव आने को तरस जाए।
सभी दिशाओं में विराजित चौरासी महादेव,
कृपा-धारा निरंतर बरसाते हैं।
हम सब मिल भगवा ध्वज का मान बढ़ाएँ,
कर्मों से माँ भारती को पुष्प चढ़ाते हैं।
वंदन सम्राट विक्रमादित्य के पावन धाम को,
वंदन अवंतिका की पवित्र धरा को।
वंदन हरसिद्धि, गढ़कालिका, कालभैरव विक्रांत को,
वंदन माँ क्षिप्रा को–
जो चरण स्पर्श करती प्रभु श्रीराम के चरणों को।

### मोर

मोरनी अपने परों से
नहीं ढाक पाती अपना तन
जितना ढांक लेता है मोर
अपने पंखों से अपना तन`
ना घर ,ना घोसला
मुंडेरो और कुछ बचे पेड़ों पर
बैठकर ये सोच रहे ?
इंसानों को रहने के लिए
कुछ तो है मेरे देश मे
जंगलों के कम होने से
क्या मेरे लिए कुछ भी नहीं है
मेरे इस देश मे।
पिहू -पिहू बोल के
बुद्धिजीवी इंसानों से
कह रहा हो जैसे
इंसानों के हितों के साथ
हमारे हितों का भी ध्यान रखो
क्योंकि हम राष्ट्रीय पक्षी है`
नहीं तो कहते रह जाओगे
जंगल में मोर नाचा किसने देखा
और यह सवाल अनुतरित बन
रह जायेगा महज किताबों में।



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

# कोविड टीका और हृदयाघात: अफवाहों के शोर में दबता विज्ञान

भारत में कोविड महामारी के बाद यदि कोई भय सबसे तेजी से समाज में फैला है, तो वह है–कोविड टीकों और हृदयाघात के बीच कथित संबंध। सोशल मीडिया पर वायरल संदेशों, अधूरी जानकारियों से भरे वीडियो, टीवी स्टूडियो की उत्तेजक बहसों और कुछ गैर-जिम्मेदार बयानों ने यह धारणा बना दी है कि कोविशील्ड या कोवैक्सिन जैसे टीकों के कारण युवाओं में अचानक हृदयाघात हो रहा है। यह डर इतना गहरा हो चुका है कि कई लोग टीकों को धीमा जहर तक कहने लगे हैं। लेकिन असली प्रश्न यह है–क्या यह भय वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित है, या यह केवल अफवाहों और भ्रम की एक लंबी श्रृंखला है?



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

हाल के महीनों में कर्नाटक के हासन ज़िले में हुई 22 अचानक मौतों को कोविड टीकों से जोड़कर उठाए गए सवालों ने इस बहस को और हवा दी। इसके बाद सोशल मीडिया पर यह दावा तेजी से फैलने लगा कि गलत इंजेक्शन के कारण युवाओं की जान जा रही है। हालांकि, राज्य सरकार द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति ने विस्तृत जांच के बाद स्पष्ट निष्कर्ष दिया कि इन मौतों और कोविड टीकों के बीच कोई प्रत्यक्ष कारणात्मक संबंध नहीं पाया गया। यह निष्कर्ष किसी एक समिति तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की शीर्ष स्वास्थ्य संस्थाओं के अध्ययनों से भी इसकी पुष्टि होती है।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा किए गए कई स्वतंत्र अध्ययनों में बार-बार यह बात सामने आई है कि भारत में उपयोग में लाए गए कोविड टीके सुरक्षित हैं। आईसीएमआर द्वारा 19 राज्यों के 47 बड़े अस्पतालों में किए गए एक बहु-केंद्र अध्ययन में अचानक हुई मौतों के कारणों का विश्लेषण किया गया। नतीजे स्पष्ट थे–लगभग 85 प्रतिशत मामलों में मृत्यु का कारण पहले से मौजूद हृदय धमनियों का रोग था, जिसमें धमनियों में वसा की परत (प्लाक) जमा हो चुकी थी। शेष मामलों में आनुवंशिक कारण, अस्वस्थ जीवनशैली, अत्यधिक मानसिक तनाव, मोटापा, धूम्रपान और कोविड संक्रमण के बाद के प्रभाव जिम्मेदार पाए गए। टीकों का कोई प्रत्यक्ष या निर्णायक संबंध सामने नहीं आया।

यह सच है कि एस्ट्राजेनेका कंपनी ने अदालत में यह स्वीकार किया कि उसके टीके से एक अत्यंत दुर्लभ स्थिति–रक्त का थक्का जमने और प्लेटलेट्स की कमी का लक्षण-समूह–हो सकता है। लेकिन यह स्थिति लाखों में कुछ गिने-चुने मामलों में देखी गई और वह भी टीका लगने के शुरूआती हफ्तों में। चिकित्सकीय दृष्टि से यह स्थिति और हृदयाघात दो अलग-अलग रोग प्रक्रियाएं हैं। इन दोनों को एक ही तराजू पर तौलना न केवल वैज्ञानिक रूप से गलत है, बल्कि जनता को गुमराह करने वाला भी है।

वास्तविकता यह है कि कोविड संक्रमण स्वयं हृदय के लिए कहीं अधिक घातक सिद्ध हुआ। विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सहित कई देशों में हुए अध्ययनों के अनुसार, कोविड से संक्रमित व्यक्ति में हृदयाघात, मस्तिष्काघात और हृदय विफलता का जोखिम दो से तीन गुना तक बढ़ गया था। यह वायरस शरीर में व्यापक सूजन उत्पन्न करता है, जो हृदय की मांसपेशियों और रक्त नलिकाओं को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है। पहली और दूसरी लहर में ऐसे असंख्य मामले सामने आए, जहां अपेक्षाकृत युवा और पहले स्वस्थ दिखने वाले लोगों को भी गंभीर हृदय समस्याओं का सामना करना पड़ा। इस संदर्भ में टीकों ने जोखिम को कम करने में सुरक्षा कवच की भूमिका निभाई।

धर्म-आस्था

# पितरों के प्रतीक: प्रकृति में छिपा आध्यात्मिक संदेश

भारतीय धर्मदर्शन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही है कि उसने जीवन, प्रकृति और आध्यात्मिकता को अलग-अलग खानों में नहीं बाँटा, बल्कि उन्हें एक ही सतत प्रवाह के रूप में देखा है। हमारे शास्त्रों में पितरों की अवधारणा केवल किसी अदृश्य लोक तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे प्रकृति के विविध रूपों में भी अनुभव करने की परंपरा रही है। यही कारण है कि वृक्षों, पक्षियों, पशुओं और जलचरों के कुछ विशेष रूपों को पितरों के समान सम्मान दिया गया है। यह परंपरा केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार जीवन-दृष्टि का संदेश भी देती है।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

धर्मशास्त्रों के अनुसार पितृलोक को चंद्रमा के ऊर्ध्वभाग में स्थित माना गया है, किंतु साथ ही यह भी बताया गया है कि पितरों की तृप्ति केवल श्राद्ध कर्मों से ही नहीं, बल्कि समस्त सृष्टि के प्रति करुणा और संतुलित व्यवहार से भी होती है। अग्निहोत्र कर्म से जहां देवतागण प्रसन्न होते हैं, वहीं आकाश मंडल के पक्षी भी तृप्त माने गए हैं। इसी प्रकार जल में स्थित जीवों और धरती पर विद्यमान वृक्षों के माध्यम से भी पितरों की स्मृति और सम्मान का भाव प्रकट किया जाता है। यह दृष्टि हमें बताती है कि भारतीय संस्कृति में पूर्वजों का सम्मान केवल अनुष्ठानों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन-पद्धति का अंग है।

वृक्षों में पीपल, बरगद और बेल को विशेष महत्व दिया गया है। पीपल का वृक्ष भारतीय परंपरा में अत्यंत पवित्र माना जाता है। इसके प्रति श्रद्धा केवल धार्मिक भाव से नहीं, बल्कि इसके जीवनदायी गुणों के कारण भी विकसित हुई। यह वृक्ष दिन-रात प्राणवायु देने की क्षमता के कारण जीवन का प्रतीक माना गया और पितृपक्ष में इसकी पूजा या रोपण को विशेष शुभ बताया गया। वस्तुतः यह संदेश है कि जो वृक्ष जीवन को पोषित करता है, वह हमारे पूर्वजों की निरंतर उपस्थिति का प्रतीक बन जाता है। बरगद का वृक्ष स्थायित्व, संरक्षण और दीर्घायु का प्रतीक है। इसकी विशाल जटाएं और फैलाव हमें यह स्मरण कराते हैं कि परिवार और वंश की जड़ें जितनी गहरी होंगी, समाज उतना ही स्थिर रहेगा। बरगद के नीचे बैठकर साधना या पूजा करने की परंपरा केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर भी है। यह वृक्ष मानो कहता है कि पूर्वजों का सम्मान केवल स्मरण से नहीं, बल्कि उनके मूल्यों को जीवन में उतारने से होता है।

बेल का वृक्ष संयम और पवित्रता का प्रतीक माना गया है। पितृपक्ष में इसका रोपण या इसके पत्र अर्पित करने की परंपरा हमें यह संकेत देती है कि जीवन की अशुद्धियों और विकारों का त्याग ही वास्तविक श्रद्धांजलि है। शास्त्रों में धतूरा, बेर और बेलपत्र चढ़ाने के पीछे भी यही आध्यात्मिक संकेत छिपा है कि मनुष्य अपने भीतर के काम, क्रोध, लोभ और मोह जैसे विकारों को त्यागे। पक्षियों में कौआ, हंस और गरुड़ को विशेष रूप से पितरों से जोड़ा गया है। कौए को श्राद्ध पक्ष में भोजन कराना आज भी व्यापक परंपरा है। इसके पीछे यह भाव है कि जो भी प्राणी भूखा है, उसकी तृप्ति ही पितरों की तृप्ति है। कौआ अतिथि-सूचक भी माना गया है, जो हमें सजग और संवेदनशील रहने की प्रेरणा देता है। यह परंपरा समाज में अन्नदान और करुणा की संस्कृति को मजबूत करती है। हंस को विवेक और पवित्रता का प्रतीक माना गया है। भारतीय चिंतन में हंस की वह क्षमता प्रसिद्ध है, जिसमें वह दूध और पानी को अलग करने की प्रतीकात्मक शक्ति रखता है। यह संदेश मनुष्य के लिए अत्यंत प्रासंगिक है–सही और गलत में भेद करने की क्षमता ही आध्यात्मिक उन्नति का आधार है। यदि हम अपने जीवन में विवेक को स्थान दें, तो वही पितरों के प्रति सच्ची श्रद्धा होगी। गरुड़ का उल्लेख हमें साहस, संरक्षण और धर्मरक्षा की याद दिलाता है। यह केवल पौराणिक प्रतीक नहीं, बल्कि उस चेतना का प्रतिनिधि है जो अन्याय और बंधन से मुक्ति दिलाने का साहस रखती है। इस दृष्टि से देखा जाए तो पितरों का सम्मान केवल शांत स्मरण नहीं, बल्कि धर्मसम्मत आचरण भी है। पशुओं में कुत्ता, गाय और हाथी को विशेष महत्व दिया गया है। कुत्ते को यम का दूत और भैरव का सेवक माना गया है। परंपरा में उसे रोटी खिलाने की बात केवल धार्मिक मान्यता नहीं, बल्कि पशु-करुणा की शिक्षा भी है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1796-2801 चना काबली- 3601-8526, चना बड़ा- 3640-5551, बटला- 4061, रायड़ा- 5775, उड़द- 3500, मसूर- 4841-5620, सोयाबीन- 1901-5841, मैथीदाना- 4720, असली- 6100, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्र्ड- 1,53,800, रवा- 1,53,700 चांदी-टंच- 2,37,700 पाट- 2,36,600।



## उज्जैन किराना
### अशोक कुमार भगवानदास
152 फवारा चौक उज्जैन


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



देवास में असमय बारिश से रबी फसलें चौपट

## तेज आंधी से गेहूं प्रभावित, भाजपा जिलाध्यक्ष की कलेक्टर से सर्वे व मुआवजे की मांग

**देवास।** देवास जिले में पिछले दो दिनों से हुई असमय वर्षा और तेज हवा-आंधी के कारण गेहूं सहित अन्य रबी फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा है। इस प्राकृतिक आपदा से जिले के किसान वर्ग पर गंभीर आर्थिक प्रभाव पड़ने की आशंका है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देवास के जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने इस संबंध में जिला कलेक्टर को एक पत्र सौंपा है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में फसलों के नुकसान का शीघ्र सर्वे कराने की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि देवास जिले के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में असमय वर्षा और तेज हवा के कारण खेतों में खड़ी गेहूं और अन्य रबी फसलें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। सेंधव ने कहा कि ऐसी स्थिति में शासन द्वारा नियमानुसार फसल क्षति का सर्वे कराकर किसानों को राहत प्रदान करना आवश्यक है। जिला अध्यक्ष सेंधव ने प्रशासन से आग्रह किया है कि प्रभावित किसानों के हित में तत्काल सर्वे कार्य शुरू किया जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने की मांग की है कि किसानों को उचित मुआवजा मिले, जिससे उन्हें आर्थिक संबल प्राप्त हो सके।

## अनुसूचित जाति कांग्रेस जिला अध्यक्ष पर दावेदारी दैलवार ने की पेश




**गुना।** मध्य प्रदेश कांग्रेस में संगठन सृजन का कार्य चल रहा है। इसके तहत गुना जिले का अनुसूचित जाति कांग्रेस जिला अध्यक्ष बनाया जायेगा। मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के प्रभारी भगवती प्रसाद चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार और प्रदेश उपाध्यक्ष महेश मधुरिया को आर.के.दैलवार ने भोपाल में 20 फरवरी को बायोडाटा देकर मुलाकात कर उनके समक्ष एवं दावेदारी पेश की। श्री दैलवार के जिला अध्यक्ष बनने से कांग्रेस को मजबूती मिलेगी, क्योंकि दैलवार कांग्रेस में बहुत ही सक्रिय लगनशील एवं अनुभवी कार्यकर्ता है। वे लगातार कांग्रेस पार्टी के अलावा सामाजिक कार्यक्रम करते रहते हैं। उक्त कार्यक्रम भी पूरी रणनीति बनाकर करते है।

## देवास में चलती ट्रेन में चढ़ते समय बुजुर्ग की मौत:पैर फिसलने से ट्रैक पर गिरे



**देवास।** रेलवे स्टेशन पर शनिवार को चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। संतुलन बिगड़ने और पैर फिसलने के कारण वे ट्रेन की चपेट में आ गए। मृतक की पहचान देवास निवासी यूसुफ कमरी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, यूसुफ कमरी ऊना से इंदौर जा रही हिमाचल एक्सप्रेस में सवार होने का प्रयास कर रहे थे। ट्रेन स्टेशन से चल चुकी थी और इसी दौरान डिब्बे में चढ़ते समय उनका पैर फिसल गया। संतुलन बिगड़ने से वे ट्रेन की चपेट में आ गए। यह हादसा इतना गंभीर था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक यूसुफ कमरी देवास में ही रहते थे और पेशे से जूते-चप्पल का व्यवसाय करते थे। शनिवार को वे अपने इसी व्यापार के सिलसिले में खरीदारी करने के लिए ट्रेन से इंदौर जा रहे थे। घटना के बाद स्टेशन पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। प्रारंभिक जांच में भी यही बात सामने आई है कि चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास के दौरान संतुलन बिगड़ने से यह हादसा हुआ।

## समाजसेवी 109 वर्षीय माधु सिंह का निधन

**सारंगपुर।** ग्राम कुपा के समाजसेवी माधु सिंह पाल का अस्वस्थता के चलते लगभग 109 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। रविवार निज निवास ग्राम कुपा से शवयात्रा मुक्तिधाम पहुंची। शवयात्रा में सैकडों लोग सम्मिलित रहे। देहाग्नि पुत्र दयाल सिंह पाल द्वारा दी गई। इस दौरान उपस्थित लोगों द्वारा उनके प्रति अपने विचार व्यक्त कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी देना है**

बेरछा, अकोदिया, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

रमजान माह में हर दिन हर बंदा कर रहा 136 सजदे

# क्योंकि बंदे का सिर्फ अल्लाह के सामने झुकना, अल्लाह को सबसे ज्यादा पंसद है

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर



रमजान-उल-मुबारक माह के 4 रोजे पुरे हो गए, मुसलमानों ने इबादत के साथ यह रोजे पुरे किए है। इस्लाम के मुताबिक रमजान माह की इबादत अल्लाह के नजदीक सबसे ज्यादा महबूब है। क्योंकि माहे रमजान में अल्लाह नेकियों के भाव में इजाफा कर देता है और 1 नेकी करने पर 70 नेकियों का सवाब अता करता है। इस माह को खास बनाने में माह भर पढ़ी जाने वाली तरावीह की विशेष नमाज और रोजा दोनो अहम है। रमजान में प्रतिदिन तरावीह की विशेष नमाज की वजह से खुदा की इबादत में किए जाने वाले सजदों की संख्या भी रमजान में प्रतिदिन 96 से बढ़ कर 136 सजदे हो जाती है।

### जमीन भी करती है बंदे के लिए दुआएं

इस्लामिक स्कालर मौलाना साबिर साहब नदवी के मुताबिक जो शख्स जितने ज्यादा सजदे जिस पाक जमीं पर करता है, उस जमीं से उसकी उतनी ही मोहब्बत बढ़ जाती है और वह जमीन भी सजदा करने वाले के लिए अल्लाह से दुआएं करती है। उन्होंने बताया कि इस्लाम में कहा गया है कि जिस मुल्क में रहो उस मुल्क से मोहब्बत करों। हिंदुस्तान के मुसलमान अपने मुल्क से बहुत मुहब्बत करते है। हर नमाज के दौरान जिस जमीं पर सजदा किया जाता है उस जमीं के लिए मोहब्बत बढ़ती जाती है। मौलाना ने बताया कि रमजान में पढ़ी जाने वाली सभी नमाजों में हर रोज 136 सजदे किए जाते है। इसके अलावा नफ्ल (व्यक्तिगत अतिरिक्त) नमाज के पढ़े जाने पर सजदे बढ़ जाते है। बंदे रात की इबादत में सबसे ज्यादा सजदे करते है।

**किस नमाज में कितने सजदे**

फजर की नमाज 08 सजदे, जौहर की नमाज 24 सजदे, असर की नमाज 16 सजदे, मगरिब की नमाज 14 सजदे, ईशा व तरावीह की नमाज 74 सजदे किए जाते है। इस तरह 136 सजदे रोजाना किए जाते है।

### हिंदुस्तान में हुआ था पहला सजदा

मौलाना साबिर नदवी ने बताया कि पहला सजदा हिंदुस्तान में हुआ था। जो दुनिया में आने वाले सबसे पहले शख्स हजरते आदम (अलैहिस्सलाम) ने किया था। इस्लाम में सजदे का मर्तबा बहुत बुलंद है। जिस तरह इस्लाम का मूल कलमा-ए-तौहिद है। उसी तरह नमाज में सजदे की अहमियत है। इस्लाम में पांच फर्ज है, जिनमें से एक नमाज है, नमाज का मूल सजदा है। यानी की सजदे के बगैर नमाज नहीं होती है।

सेवा दल ने किया मासिक ध्वज वंदन

# भाजपा कार्यकर्ता कर रहे हैं कांग्रेस जनों पर हमला-गौतम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास




कांग्रेस सेवा दल ने रविवार को जवाहर चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय के बाहर मासिक झंडा वंदन का कार्यक्रम सेवादल के जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह दरबार के नेतृत्व में आयोजित किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के नेता विपक्ष का मुंह बंद करना चाहते हैं वे चाहते हैं कि विपक्ष पूरी तरह से समाप्त हो जाए शनिवार को प्रदेश के अनेक कांग्रेस कार्यालयों पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जनों पर हमला किया कई कांग्रेस जनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया प्रजातंत्र में इस तरह की घटना का कोई स्थान नहीं है। जबकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कभी भी इस तरह का कृत्य नहीं किया जो प्रजातंत्र को कलंकित करें।

हमारे पास सेवादल जैसा अनुशासित संगठन है जो कांग्रेस की रीड की हड्डी है हम महात्मा गांधी के अनुयाई है और सत्य और अहिंसा में भरोसा रखते हुए काम करते हैं। सेवालाल ने मासिक झंडा वंदन का जो कार्यक्रम आयोजित किया है वह बहुत ही सराहनीय है। साथ ही सेवा दल के जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह दरबार ने सेवा दल की जानकारी देते हुए संचालन किया। इस अवसर पर राष्ट्रगीत, ध्वज गीत, राष्ट्रगान भी गाया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता भगवान सिंह चावड़ा सुधीर शर्मा विक्रम मुकाती राम कुमावत विश्वजीत सिंह चौहान जितेंद्र सिंह गौड़ पोप सिंह परिहार राजेंद्र सिंह बेस दिलीप सिंह सोलंकी कैलाश पटेल हाफिज घोसी पंकज वर्मा कल्याण सिंह पवार गोविंद मालतारे प्रेम नारायण पटेल कालू सिंह लखन लोधी विकास पटेल सुभाष यादव अनिल भाट गजेंद्र सिंह तोमर मनीष मंगलेश्वरी बाबूलाल गुजराती मदन लाल मुकाती हाफिज घोसी बलराम पटेल धर्मेंद्र पटेल मलखान सिंह देवड़ा राकेश पाटीदार भूपेश पालीवाल महेंद्र धारू धर्मेंद्र पटेल ईश्वरलाल देवानिया ईश्वर अरोड़ा राजेश एरावल प्रहलाद नागर राजेश देवड़ा मनीष मंगलेश्वरी बलराम यादव सुभाष यादव राजेश शिप्रा कालू सिंह, जय प्रकाश मालवीय विकास पटेल बाबूलाल गुजराती,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे। अंत में आभार यंग ब्रिगेड अध्यक्ष गुलाब सिंह ठाकुर ने माना।

## 27 फरवरी को आमलकी एकादशी, शुभ योग में होगी विष्णु उपासना

**सुसनेर।** फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी 27 फरवरी को आमलकी एकादशी के रूप में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जाएगी। इसे आंवला एकादशी एवं रंगभरी एकादशी भी कहा जाता है। इस वर्ष यह एकादशी चार अत्यंत शुभ योगों के दुर्लभ संयोग में आ रही है, जिससे इसका धार्मिक महत्व और अधिक बढ़ गया है।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार एकादशी तिथि सूर्योदय के साथ प्रारंभ होकर पूरे दिन रहेगी। उदया तिथि होने के कारण व्रत एवं पूजन 27 फरवरी, शुक्रवार को ही किया जाएगा। श्रद्धालु प्रातः स्नान के बाद भगवान विष्णु का विधि-विधान से पूजन करेंगे तथा आंवला वृक्ष की परिक्रमा कर अर्चना करेंगे। इस दिन रवि योग प्रातः 6:48 से 10:48 बजे तक, सर्वार्थ सिद्धि योग 10:48 बजे से अगले दिन प्रातः तक, आयुष्मान योग सूर्योदय से सायं तक तथा इसके बाद सौभाग्य योग का प्रारंभ होगा। इन शुभ मुहूर्तों में पूजा-पाठ, दान और मांगलिक कार्य विशेष फलदायी माने गए हैं। मान्यता है कि आमलकी एकादशी का व्रत रखने से सुख-समृद्धि, उन्नति और परिवार में मंगल की प्राप्ति होती है। श्रद्धालु 28 फरवरी को प्रातः शुभ मुहूर्त में व्रत का पारण करेंगे। मंदिरों में विशेष सजावट और भजन-कीर्तन के आयोजन भी किए जाएंगे।

## रायड़ा और मसूर फसल का दोहन शुरू, किसान खेतो में आ रहे है नजर

**सारंगपुर।** इस बार शुरू में मौसम अनुकूल होने के कारण रबी फसलों का उत्पादन बेहतर हो रहा है और किसान खेतो में जुटकर अब उपज निकालने लगे है। हालांकि बीते दिनों खराब हुए मौसम ने किसानों को चिंता जरुर बडाई है। इस पर रायड़ा की बोवनी का लक्ष्य 4322 हेक्टेयर का था लेकिन 3510 हेक्टेयर में बोवनी की गई थी, जिसका उत्पादन भी बेहतर आ रहा है।

फिट इंडिया क्लब के आह्वान पर' ग्रीन गुना चैलेंज' की गूँज

# पितृ स्मृति वन समिति ने टेकरी सरकार मंदिर पर स्थापित किए गमले

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना




शहर को हरित स्वरूप देने के लिए सामाजिक ग्रुप फिट इंडिया क्लब गुना द्वारा चलाया जा रहा 'ग्रीन गुना चैलेंज' अब एक विशाल जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। इसी मिशन को आगे बढ़ाते हुए, पितृ स्मृति वन समिति ने शनिवार आस्था के प्रमुख केंद्र सिद्ध पीठ टेकरी सरकार मंदिर पर गमले स्थापित कर सुंदरीकरण के कार्य को और विस्तार दिया है।

उल्लेखनीय है कि विगत एक दशक से पर्यावरण संरक्षण की अलख जगा रहा फिट इंडिया क्लब अब मुक्तिधाम से लेकर मंदिरों तक के मार्ग और परिसरों को हरियाली से सराबोर करने के लक्ष्य पर काम कर रहा है। इस पुनीत कार्य में समिति के समर्पित सदस्य सरदार अनूप सिंह सोढ़ी, पार्षद श्री कैलाश धाकड़, एडवोकेट विष्णु झा, राज सिंह यादव, कमल कुशवाहा, हरिराम अहिरवार, शौकत अली खान 'भूरा' और इंजीनियर गुलाब राज सहित अन्य पर्यावरण प्रेमी प्रतिदिन अपना निस्वार्थ योगदान दे रहे हैं।

### एक दशक की अटूट साधना और श्रमदान

उल्लेखनीय है कि फिट इंडिया क्लब के आह्वान पर शहर के ये कर्मवीर पिछले कई वर्षों से बिना किसी अवकाश के, प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक श्रमदान करते आ रहे हैं। इस टीम की मेहनत का ही परिणाम है कि आज गुना में 1.5 किलोमीटर लंबा 'नीम कॉरिडोर' लहलहा रहा है और 160 बीघा के विशाल क्षेत्र में 'पितृ स्मृति वन' (मिनी फॉरेस्ट) एक ऑक्सीजन हब बन चुका है।

### हर कोने को संवारने का दृढ़ संकल्प

शहर के मुख्य डिवाइडरों को हरा-भरा करने के बाद, अब समिति का पूरा ध्यान मुक्तिधाम और मंदिरों के आसपास के वातावरण को शुद्ध और सुंदर बनाने पर है। समिति का स्पष्ट संदेश है कि शहर का कोई भी कोना अब हरियाली से अछूता नहीं रहेगा और इस कार्य में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी।



कन्नौद पुलिस ने दो चोर पकड़े, चोरी की बैटरी बरामद

## कोर्ट ने भेजा जेल, एक खातेगांव तो दूसरा युवक आष्टा का रहने वाला

**खातेगांव।** कन्नौद पुलिस ने गाड़ियों से बैटरी चुराने वाले दो बदमाशों को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से चोरी की गई बैटरी भी जब्त कर ली है। शनिवार को दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से संदिग्धों पर नजर रखी थी। इसी बीच 19 फरवरी को यादव मोहल्ले से एक गाड़ी की बैटरी चोरी होने की शिकायत पुलिस को मिली। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस ने चारों तरफ नाकाबंदी कर दी। आष्टा-कुसुमानिया रोड पर चेकिंग के दौरान पुलिस को दो युवक संदिग्ध हालत में दिखाई दिए। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें हिरासत में लिया और पूछताछ की। पकड़े गए युवकों के नाम गोलू (निवासी खातेगांव/आष्टा) और सतीश (निवासी आष्टा) हैं। पूछताछ करने पर दोनों ने यादव मोहल्ले से बैटरी चुराने की बात मान ली। उन्होंने बताया कि चोरी के बाद बैटरी को एक पेट्रोल पंप के पास छिपा दिया था। पुलिस ने उनकी बताई जगह से बैटरी बरामद कर ली है।

## कलेक्टर प्रतिनिधि हल्का पटवारी के सामने खुल रहे पेपर का बंडल

**सारंगपुर।** सारंगपुर में बोर्ड परीक्षा में सुबह 7:00 बजे थाना सारंगपुर में पहुंच कर कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में बोर्ड परीक्षा के पेपर डबल लाक से लेकर केंद्र अध्यक्ष के साथ आते हैं इसके बाद उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर में कलेक्टर प्रतिनिधि हल्का पटवारी के सामने ही पेपर का बंडल खोला जा रहा है। पटवारी शहजाद खान ने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच पेपर बंद प्लास्टिक के लिफाफे में निकलते हैं और बन्द प्लास्टिक के लिफाफे हर कक्षा में वितरण किए जा रहे है। जहां पर्यवेक्षक के द्वारा ही कैंची से काटकर प्लास्टिक के लिफाफे खोले जाते हैं और फिर परीक्षार्थियों को पेपर 9 बजे वितरित किए जाते हैं। कार्रवाई की पूरी लोकेशन मोबाइल पर ट्रेस होती है। उल्लेखनीय है कि जब से कलेक्टर प्रतिनिधि की परीक्षा में नियुक्ति हुई नकल के परिणाम शून्य हो गए। अब जो परीक्षाएं हो रही है पूरी ईमानदारी से पारदर्शिता के साथ संपन्ना कराई जा रही है। कलेक्टर प्रतिनिधि की ड्यूटी सुबह 6:00 बजे उठकर निरंतर 10:00 बजे तक रहती है। 10:00 बजे लॉगआउट हो जाते हैं।

## होली गीतों पर ठुमके लगा और बधाई दे किन्नार मांग रहे हैं नेग



**सारंगपुर।** होली का रंग धीरे-धीरे चढ़ने लगा है। शहर के बाजारों, मोहल्लो में उत्सव का माहौल है। बाजारों में हर दुकानों व मुहल्लों में घरों का दरवाजा खटखटा होली की गीतों पर ठुमका लगाते हुए बधाई देने के साथ ही किन्नार नेग मांग रहे हैं। इस तरह का चलन काफी पुराना है, जो आज भी जीवित है। किन्न्र ममता आंटी के नेतृत्व चार-पांच की संख्या में किन्नार व साथ में ढोलक वादक। यह सही है कि बदलते समय के साथ पर्व-त्योहार मनाने का तौर-तरीका में काफी बदलाव दिख रहा है। लेकिन, कुछ ऐसी परंपरा है, जो आज भी शहर में देखने को मिल रहा है। शनिवार को शहर के बस स्टैंड, ब्लाक कालोनी, बागकुआं टंकी, सुदर्शन नगर, भेरुदरवाजा बाजार, गांधी, आकोदिया रोड समेत अन्य बाजारों एवं मोहल्लो में किन्नार घूम-घूमकर नेग मांग रहे हैं। खुद होली गीत गाकर होली की बधाई देने के साथ ही नेग मांग रहे हैं। बता दें कि पर्व त्योहार के मौके पर नेग मांगने से ही उनका गुजारा चलता है।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती रीना चौपडा पति श्री पीयूष चौपडा, आयु लगभग 43 वर्ष, व्यवसाय गृहणी, निवासी 62, सती मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) के स्वमिव्त एवं आधिपत्य की एक संपत्ति जिसका भवन/भूखण्ड क्रमांक 09, अमरनाथ ऐवेन्यू, गोयलाखुर्द, इन्दौर रोड़, उज्जैन के आवासिय क्षेत्र में स्थित है। उक्त उल्लेखित संपत्ति की चेन रजिस्ट्री जिसका विक्रय दस्तावेज क्रमांक ए-1/6199 दिनांक 30/12/2011 का होकर श्री रविराज सिंह जादौन पिता श्री चंद्रपालसिंह जादौन, निवासी सुभाषनगर, उज्जैन के नाम से उप पंजियक कार्यालय उज्जैन में रजिस्टर्ड था, उक्त दस्तावेज का असल विक्रय पत्र मेरी पक्षकारा के विक्रेता के पूर्व स्वामी से कहीं गुम हो गया है, तथा उन्होंने मेरी पक्षकारा को यह जानकारी दी है कि उक्त दस्तावेजात पर किसी वित्तदायी संस्था अथवा निजी साहुकार का कोई भार नहीं है और न ही पूर्व में मेरी पक्षकारा द्वारा क्रय की गई संपत्ति कहीं गिरवी नहीं है यदी फिर भी उक्त संपत्ति पर कहीं कोई भार पाया जाता है तो ऐसा कोई भी भार मेरी पक्षकारा के हितों के विपरित होकर उक्त जाहिर सूचना के प्रकाश में 5 दिवस की अवधि बीतने के पश्चात प्रभावहीन व शुन्य माना जावेगा। उक्त उल्लेखित दस्तावेज यदी किसी को मिले एवं उसके मिलने की सूचना किसी को भी प्राप्त हो तो उक्त दस्तावेज मेरे निम्नलिखित कार्यालय पर कार्यालयीन समय में प्रदान करे। दिनांकः-22.02.2026

**कलीम एहमद खान एडव्होकेट**
**कार्यालय 123 सी-21 रेस्कोम, फस्ट फ्लोर, नानाखेड़ा, उज्जैन**
**मो .9926027099**

**जाहिर सूचना**

**माधव विहार कालोनी**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार फर्म माधवश्री प्रोजेक्ट्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा विकसित कालोनी ₹माधव विहार₹ स्थित ग्राम दाउदखेडी तहसील व जिला उज्जैन में जिन भूखण्ड धारकों, निवेशकों एवं हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दूसरी किश्त जमा नहीं की थी और दैनिक अवंतिका समाचार पत्र में सूचना प्रकाशन दिनांक 19/08/2025 के माध्यम से उक्त भूखण्ड निरस्त हो गये थे और मेरे पक्षकार के कई बार सूचित करने के पश्चात भी उपरोक्त व्यक्तिगण आगामी कार्यवाही एवं जमा राशि वापस प्राप्त करने हेतु मेरे पक्षकार से संपर्क नहीं कर रहे है, ऐसे सभी धारकों एवं निवेशकों को सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मेरे पक्षकार से संपर्क कर उक्त भूखण्डों की मूल रसीद वापस लौटाकर जमा राशि प्राप्त कर लेवे अन्यथा उपरोक्त अवधि के उपरांत मेरे पक्षकार द्वारा उक्त राशि फोरफिट कर ली जावेगी जिसमें संबंधित भूखण्ड धारकों, निवेशकों एवं हितबद्ध पक्षकारों को आपत्ति करने का कोई अधिकार शेष नहीं रहेगा। सूचित हो। इति दिनांक - 23/02/2026

**सौभाग्य सिंह पडिहार एडवोकेट**
**20, क्षीरसागर शॉपिंग काम्पलेक्स, उज्जैन**
**मो. 9993167238**

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील खाचरोद जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**मामले का विषय- निवासी बरखेड़ा जावरा ग्राम स्थित भूमि वसीयत के आधार पर नामान्तरण विषयक**

**प्रकरण क्रमांक :- 1239/अ-6/2025-26**

**चन्द्रप्रकाश पिता मांगीलाल जाति जैन**
**विरुद्ध**
**सर्वसाधारण म.प्र. शासन**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रार्थी चन्द्रप्रकाश पिता मांगीलाल जाति जैन निवासी 25, सागरमल मार्ग खाचरौद कृषक ग्राम बरखेडाजावरा तहसील खाचरौद जिला उज्जैन द्वारा इस न्यायालय के समक्ष मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत ग्राम बरखेडाजावरा स्थित भूमि सर्वे नंबर 153 रकबा 0.18 हे0, सर्वे नंबर 155 रकबा 0.34 हे०, सर्वे नंबर 156/1 रकबा 0.12 हे0, सर्वे नंबर 167 रकबा 0.33 हे०, सर्वे नंबर 172 रकबा 0.03 हे० कुल किता 05 कुल रकबा 1.00 हेक्टयर स्थित है। जिसमें कृषक मांगीलाल पिता सेवाराम जी चौरडिया महाजन का स्वर्गवास हो गया है। आवेदक चन्द्रप्रकाश पिता मांगीलाल जाति जैन निवासी 25, सागरमल मार्ग खाचरौद कृषक ग्राम बरखेडा जावरा तहसील खाचरौद जिला उज्जैन द्वारा वसीयत के आधार पर नामान्तरण करवाने हेतू आवेदन पेश किया गया है। उपरोक्त भूमि के नामान्तरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो निश्चित तारीख 27/2/26 को या उसके पूर्व स्वंय या विधिक अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति स्वीकार नही होगी।

मेरे हस्ताक्षर द्वारा तथा कार्यालय की मोहर के अधीन आज दिनांक 18/02/2026 को जारी किया गया ।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील खाचरौद, जिला उज्जैन**

## सीहोर में आदिवासी युवती ने पेट्रोल छिड़का, आग लगा ली

**सीहोर।** सीहोर में 26 वर्षीय आदिवासी युवती ने सरेराह खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। यह देखते ही ग्रामीणों ने पानी डालकर आग बुझाई और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने 112 की मदद से युवती को भैरूंदा सिविल अस्पताल पहुंचाया। वहां उसे प्राथमिक इलाज दिया गया, लेकिन उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। उसे भोपाल रेफर कर दिया गया है। घटना रविवार दोपहर करीब 12.30 बजे लाड़कुई गांव की है। सीहोर एसपी दीपक शुक्ला ने बताया कि महिला की पहचान विनीता पति सुनील ऊइके (26) निवासी गोंडी गुराडिया (हाल मायका लाडकुई) के रूप में हुई है। विनीता ने लाडकुई कस्बे में स्वयं पेट्रोल छिडकर माचिस से आग लगा ली। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट (नायब तहसीलदार) ने उसके बयान लिए हैं। हालांकि, अभी तक यह पता नहीं चला सका है कि महिला ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया? गंभीर स्थिति को देखते हुए महिला को हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## रायसेन में खडे ट्रक में पीछे से जा घुसा तेज रफ्तार दूसरा ट्रक

**रायसेन।** रायसेन में सडक किनारे खडे ट्रक को तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दूसरे ट्रक का केबिन पूरी तरह पिचक गया। ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई और शव केबिन में फंस गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जेसीसी बुलाई, जिसकी मदद से ड्राइवर का शव केबिन से निकाला गया। इसका वीडियो भी सामने आया है। टक्कर नेशनल हाईवे 45 पर नागिन मोड़ के नीचे बाबा जी ढाबा के पास रविवार सुबह करीब 10:30 बजे हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जोरदार धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। ड्राइवर का शव केबिन में फंसा हुआ था। जेसीबी मशीन बुलाकर केबिन को काटा गया। काफी मशक्कत के बाद शव बाहर निकाला जा सका। हादसे के कारण कुछ देर तक हाईवे पर ट्रैफिक भी जाम रहा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए हैं।

## एमपी के 3 जिलों में बूंदाबांदी, कई शहरों में बादल-कोहरा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदला हुआ है। 24 घंटे के दौरान जबलपुर, बुरहानपुर और नर्मदापुरम में बूंदाबांदी हुई, जबकि अन्य जिलों में बादलों की आवाजाही बनी रही। रविवार सुबह कई शहरों में हल्का कोहरा छाया रहा। बदले मौसम के चलते तापमान में 1 से 2 डिग्री की गिरावट आई है। फिलहाल, आज बारिश का कोई अलर्ट नहीं है। हालांकि, सोमवार को कुछ जिलों में वर्षा की संभावना जताई गई है। प्रदेश में सबसे कम तापमान पचमढ़ी में 10.2 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा राजगढ़ 11.0, उमरिया 13.4, रतलाम 13.6, खजुराहो 13.6, मलाजखंड 13.8 डिग्री रहा। अधिकांश शहरों में पारा 10 डिग्री से ऊपर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, 24 घंटों में बादलों की आवाजाही जारी रह सकती है।

## एयर एम्बुलेंस से मासूम एम्स रेफर, बच्चे को पेट की बीमारी

**दतिया।** इंदरगढ़ के जौनिया निवासी 4 वर्षीय गोपाल पुत्र आकाश दुबे रविवार को एयर एम्बुलेंस से भोपाल भेज दिया गया। सुबह ठीक 11 बजे विमान एम्बुलेंस से दतिया एयरपोर्ट से उड़ान भरी। करीब 40 मिनट में वह भोपाल पहुंच गया, जहां एयरपोर्ट पर ही उसे एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई गई। राजा भोज टर्मिनस से उसे एम्स ले जाया गया। एक दिन पहले यानी शनिवार को तकनीकी उलझनों की वजह से एम्बुलेंस को दतिया एयरपोर्ट पर लैंड करने की अनुमति नहीं मिली थी। 4 वर्षीय इस मासूम को एक्यूट अपेंडिसाइटिस और सब एक्यूट इंटेस्टाइनल ऑब्स्ट्रक्शन नामक बीमारी थी। इसका उपचार न तो झांसी में संभव था और न ही ग्वालियर में। उसे ऑपरेशन की सख्त आवश्यकता थी। ऐसे में अस्पताल प्रबंधन ने उसे तत्काल एयर एम्बुलेंस की मदद उपलब्ध कराने का निर्णय लिया था। कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने अनुमति भी जारी कर दी थी। सिविल सर्जन डॉ. केसी राठौर ने बताया कि इस तरह के ऑपरेशन के लिए पीडियाट्रिक सर्जन की आवश्यकता होती है जो दतिया में उपलब्ध नहीं थे।

## युवती के फांसी का फंदा लगाते ही दरवाजा तोड़ा

**ग्वालियर।** ग्वालियर में पुलिस का क्विक रिस्पॉन्स सामने आया है। बहोड़ापुर क्षेत्र के सदाशिव नगर में शनिवार सुबह एक युवती ने पारिवारिक विवाद के बाद खुद को कमरे में बंद कर लिया और फांसी लगाने की तैयारी करने लगी। परिजनों ने तुरंत डायल-112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही महज दो मिनट के भीतर एफआरवी (फर्स्ट रिस्पॉन्स व्हीकल) और बहोडापुर टीआई आलोक परिहार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। जब पुलिस ने दरवाजा खोला, तब युवती गले में फंदा डाल चुकी थी। पुलिस ने तत्काल दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा और अस्पताल भिजवाया। पुलिस की तत्परता से युवती की जान तो बच गई, लेकिन उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। फिलहाल वह बेहोश है। घटना शनिवार सुबह करीब 6 बजे की है। मामले का एक वीडियो भी सामने आया है।

## ट्रम्प के रिसॉर्ट में घुस रहे युवक को गोली मारी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मार-ए-लागो रिसॉर्ट में रविवार को घुसने की कोशिश करने वाले एक युवक को सुरक्षाकर्मियों ने गोली मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। राष्ट्रपति की सुरक्षा करने वाली एजेंसी सीक्रेट सर्विस ने बताया कि एक शख्स गैरकानूनी तरीके से सुरक्षित इलाके में घुसने की कोशिश की, तो सीक्रेट सर्विस के एजेंट ने उसे गोली मार दी। सीक्रेट सर्विस के मुताबिक, युवक शॉटगन जैसी बंदूक और फ्यूल कैन लेकर आया था। मारे गए युवक की उम्र 20 साल थी, हालांकि उसकी पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। मामले की जांच जारी है। घटना के वक्त राष्ट्रपति ट्रम्प वॉशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस में मौजूद थे। आमतौर पर वह वीकेंड पर मार-ए-लागो में समय बिताते हैं।

# भील समाज सुधारक जन जागरण समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक अवन्तिका » गुना**

जिले के चाचौड़ा, बीनागंज, कुंम्भराज और ग्राम कुसुमपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें बताया गया कि भील समाज सुधारक जन जागरण समिति द्वारा मध्यप्रदेश सामाजिक कार्यक्रम ग्राम कुसुमपुर ग्राम वासी के द्वारा समिति गठित की गई है। गांव वालों के माध्यम से यह निर्णय लिया गया कि समाज में फैली कुरीतियों और समाज को फिजूल खर्चो से बचाना है।

उक्त बैठक में बिना डीजे कंजरी के शादी होगी। जन्म दिन किसी भी सामाजिक अन्य कार्यक्रम पाबंदी होगी। मृत्यु भोज में सादा सिंपल भोजन होना चाहिए। पहरवानी कुछ खास भाई बहन की होना चाहिऐ। अन्य सभी बार करेंगे। गोट /पूजन में पहरावनी बर्तन देना बंद किया जाए। नशा बंद करने की व्यवस्था पर्दे में रहकर सेवन करें या धीरे-धीरे बंद करें। ग्रामीण की समस्याओ विकास के लिए क्षेत्र के जन प्रतिनिधि समाजिक कार्यकर्ता संपर्क करें। समाज के छोटे-मोटे झगड़ा समाज के बीच का विवाद निपटारा गांव की समिति सामाजिक कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि के द्वारा किया जाएगा सामाजिक नेतृत्व तैयार हो स्वतंत्ररूप से। दहेज प्रथा पर रोक दुल्हन पक्ष की मर्जी से दे सकते हैं दूल्हे के पक्ष की तरफ से किसी प्रकार की मांग नहीं होगी। बारात समय पर पहुंचे रात्रि समय 10 बजे से पहले। पढ़ाई करने कमजोर आर्थिक स्थिति वाले छात्रों की मदद सहयोग दिया जाए। भील समाज के द्वारा छात्रों को पढ़ने की व्यवस्था की जाए। शादी में 500 ग्राम रकम से ज्यादा ना हो। सभी गांव में सम्मेलन होना चाहिए आदि 11 बिन्दुओं सामूहिक निर्णय लिए गए। इसके लिए चाचौड़ा राघौगढ़ क्षेत्र में लगभग 50-60 ग्राम पंचायत समिति बन चुकी है। इसके लिए विजय सिंह सरपंच, नन्नूलाल डॉक्टर, मां शबरी आश्रम समिति राघौगढ़, ब्रजेश सिंह सिसोदिया भील, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ राष्ट्रीय सचिव नई दिल्ली, जिला पंचायत सदस्य पवन सिंह, रामभरोस लाल सरपंच,



जिला पंचायत सदस्य पंचम सिंह, नारायण सिंह, मंडल की शबरी आश्रम समिति पूर्व अध्यक्ष बीनागंज रामसिंह, नेपाल सिंह, जगदीश भील, हजारीलाल, सुखलाल सिंह बीनागंज मां शबरी आश्रम अध्यक्ष, रमेश भील, समाज सुधार जन जागरण समिति जिला विदिशा, जिला गुना और जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश से बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

# पार्टी कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात

**दैनिक अवन्तिका » आगर मालवा**

भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का श्रवण जिले के सभी मंडलों पर सामूहिक रूप से श्रवण किया गया। इसी क्रम में नगर मंडल के एकता नगर बूथ क्रमांक 138 पर मन की बात कार्यक्रम का 131 वाँ संस्करण का श्रवण किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से पार्टी के जिलाध्यक्ष ओम मालवीय,अनिल मंडावरा, युवा मोर्चा जिला महामंत्री आयुष तिवारी, मंडल अध्यक्ष भरत प्रजापत, मंडल महामंत्री रवि फरन्ड,सीतेश सिहंल,अकिंत सिंह तोमर कृष्णकांत शर्मा, दिनेश जैन, रमेश श्रीवास्तव,वतन सोनी अशोक सौंलकी,विजय बरेठा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर मालवीय ने कहा कि

'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों और प्रधानमंत्री के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम है, जो समाज में जागरूकता एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।प्रधानमंत्री जी ने अपने संबोधन में देश के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने नागरिकों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए स्वच्छता, आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन तथा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेरणादायक विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जी ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं समूहों की सराहना की तथा उनके प्रयासों को देश के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। उन्होंने युवाओं, किसानों, महिलाओं एवं नवाचार करने वाले उद्यमियों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए सकारात्मक बदलाव की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। और आगे



बताया कि आज के संस्करण को पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह और रुचि के साथ जिले के लगभग सभी बूथों पर श्रवण किया। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा तनोडिया ने दी।

## सुनी पीएम मोदी की मन की बात

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का श्रवण जिले के सभी मंडलों पर सामूहिक रूप से श्रवण किया गया। इसी क्रम में कैंट मंडल के बूथ संख्या 155 पर मन की बात कार्यक्रम का 131 वाँ संस्करण का श्रवण किया गया जिसमें प्रमुख रूप से पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, जिला मंत्री अनिल जैन, मंडल अध्यक्ष रामकुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष मोहित नामदेव, बूथ अध्यक्ष श्रीमती सोनम संजीव कुशवाह, नरेंद्र बड़कुल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सिकरवार ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों और प्रधानमंत्री के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम है, जो समाज में जागरूकता एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। प्रधानमंत्री जी ने अपने संबोधन में देश के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। आह्वान करते हुए स्वच्छता, जल संवर्धन तथा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेरणादायक विचार साझा किए।

## फिल्म केरल स्टोरी 2 के विरोध में आयोजन किया था

**कोझिकोड।** केरल में फिल्म केरल स्टोरी 2 गोज बियॉन्ड के खिलाफ स्टूडेंट्स फेॅरेशन ऑफ इंडिया के बीफ फेस्ट के आयोजन की इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने आलोचना की है। लीग ने कहा कि इस तरह का विरोध लोगों की भावनाएं भड़काने वाला है। स्टेट जनरल सेक्रेटरी पी एम ए सलाम ने कहा कि बीफ फेस्ट मुस्लिम वोटरों को लुभाने के लिए एक सस्ता पॉलिटिकल हथकंडा है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि बीफ और मुसलमानों के बीच क्या लिंक है। दरअसल, फिल्म केरल स्टोरी 2 के ट्रेलर के मुताबिक, फिल्म में एक सीन है जिसमें एक किरदार को जबरदस्ती बीफ खिलाया जाता है। इसका विरोध करने के लिए स्न्नद्ध ने बीफ फेस्ट का आयोजन किया था।

## सोनोग्राफी सेंटर में चल रहा था एग-डोनेशन रैकेट-3 आरोपी गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में पुलिस ने एक बड़े एग-डोनेशन रैकेट का पर्दाफाश किया है। यह रैकेट बदलापुर ईस्ट के जोवेली में एक रेजिडेंशियल अपार्टमेंट और एक सोनोग्राफी सेंटर से चल रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने यहां छापा मारा और तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सुलक्षणा गाडेकर, अश्विनी चाबुकस्वार, और मंजुषा वानखेड़े के तौर पर हुई है। पुलिस के मुताबिक यह गिरोह गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को लालच देकर बार-बार उनके एग (अंडाणु) निकलवाता था। उन्हें शारीरिक रूप से शोषित करता था। पीड़ितों को हर साइकिल के लिए 25 से 30,000 रुपए दिए जाते थे। पुलिस का दावा है कि पीड़ितों को एग प्रोडक्शन बढ़ाने के लिए हार्मोनल इंजेक्शन दिए जाते थे। एग तैयार होने के बाद, पीड़ितों को सेंटर भेजा जाता था, जहां सर्जरी करके एग निकाले जाते थे। अब तक 20 से ज्यादा महिलाएं इनका शिकार हो चुकी हैं। एग डोनेशन एक फर्टिलिटी प्रोसीजर है जिसमें एक महिला किसी दूसरे व्यक्ति को कंसीव करने के लिए एग देती है, आमतौर पर (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) के जरिए। डोनर की स्क्रीनिंग और हार्मोन ट्रीटमेंट होता है, एग निकाले जाते हैं, फर्टिलाइज किए जाते हैं और रिसीवर को ट्रांसफर किए जाते हैं।

## तस्करी करने 135 ग्राम सोना निगल रखा था, एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने पकड़ा

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद कस्टम्स विभाग ने शनिवार को अबू धाबी से आए एक पैसेंजर को पकड़ा। इसने 24 कैरेट का 135 ग्राम से अधिक सोना निगल रखा था। अस्पताल में मलत्याग के जरिए गोल्ड निकलवाया गया। जब्त किए गए सोने की अनुमानित बाजार कीमत करीब 21.89 लाख रुपए आंकी गई है। अहमदाबाद कस्टम्स विभाग द्वारा जारी बयान में बताया गया कि 19 फरवरी को अहमदाबाद हवाई अड्डे पर अबू धाबी से आने वाले शाहरुख नाम के पैसेंजर को रोका गया था। वह एयर अरेबिया की उड़ान संख्या 3एल 111 से भारत पहुंचा था। कस्टम्स की एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) ने उसके यात्रा पैटर्न और व्यवहार को संदिग्ध देखते हुए उसे विस्तृत जांच के लिए रोका।

## नीमच जिले में गिद्धों की गणना संपन्न, 507 गिद्ध पाए

**नीमच ।** वन मंडलाधिकारी नीमच श्री एस के अटोदे के मार्गदर्शन और एस डी ओ फॉरेस्ट दशरथ अखंड के नेतृत्व में वन विभाग द्वारा गिद्धों की गणना की गई। पहली बार गणना ऐप के माध्यम से दर्ज की गई। उपवन मंडल अधिकारी श्री दशरथ अखंड ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मृत पशुओं का मांस खाने वाले प्राकृतिक सफाईकर्मी गिद्धों की संख्या पशुपालकों द्वारा दर्द निवारक दवा डिक्लोफेनेक के उपयोग के कारण विलुप्ति की कगार पर आ गई थी। वन विभाग के लगातार संरक्षण प्रयासों से प्रति वर्ष इनकी संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। नीमच, मनासा, रामपुरा, जावद और रतनगढ़ वन रेंज तथा जिले की राजस्व भाग में की गई इस गणना में 507 . गिद्ध पाए गए। इसमें मध्य प्रदेश में पाए जाने वाली कुल 7 प्रजातियों में से 3 प्रजाति सफेद इजिप्टियन गिद्ध, सफेद पीठ वाले व्हाइट रैम्पड वल्चर, और इंडियन लॉन्ग बिल्ड वल्चर प्रजातियों को जमीन व पेड़ पर या घोंसलों में बैठे वयस्क, अवयस्क गिद्धों की प्रजातिवार संख्या, उनके आवास,पेड़ो आर विश्राम करते हुए, घोंसलों में शिशुओं के साथ , भोजन करते हुए, नदी नाले के पास पानी में देखे गए गिद्धों की गणना ऐप में दर्ज की गई। गणना के दौरान सख्ती से इस बात का पालन किया गया कि केवल पेड़ों/चट्टानों पर बैठे गिद्धों को गिना जाए. उड़ते हुए गिद्धों को गिनती में शामिल नहीं किया जाता. सूर्योदय से 9 बजे तक चले इस गणना कार्य में वन परिक्षेत्र रतनगढ़ , नीमच के इन्फ्लूएंसर विवेक शर्मा, साथ ही रामपुरा के प्राध्यापक डॉ लखन सिंह यादव, डॉ सुषमा सोलंकी , छात्र प्रहलाद भील, विकास मेघवाल, अभिषेक भट्ट ने सक्रिय सहभागिता की।

# दलित बस्ती में मारपीट व जातिगत अपमान का आरोप, प्रकरण दर्ज कराने की मांग

**शुजालपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बगनाखेड़ी में दलित बस्ती में मारपीट, जातिगत अपमान एवं हैंडपंप बंद कराने के आरोप को लेकर मामला तूल पकड़ता जा रहा है। प्रकरण में पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज नहीं करने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से हस्तक्षेप की मांग की गई है। अजा जजा पिछडा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण परिषद प्रदेशाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले ने ग्राम बगनाखेड़ी पंचायत के सरपंच सुनील मेवाड़ा एवं उनके साथियों पर आरोप लगाया कि उन्होंने दलित बस्ती में गंदगी फैलाने के साथ हैंडपंप का हैंडल निकालकर उसे बंद कर दिया।

विरोध करने पर फरियादी कमल सिंह सूर्यवंशी के साथ जातिगत अपमान करते हुए मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। आरोप है कि फरियादी द्वारा शुजालपुर सिटी थाने में रिपोर्ट देने के बावजूद प्रभावशाली होने के कारण आरोपियों के विरुद्ध एफ आईआर दर्ज नहीं की गई और न ही मेडिकल परीक्षण कराया गया। बाद में दबाव बनाकर राजीनामा कराए जाने की भी बात कही गई है। फरियादी पक्ष का कहना है कि राजीनामे के बाद भी उन्हें लगातार धमकियां मिलती रहीं। 19 फरवरी की रात करीब 9 बजे सामुदायिक भवन के सामने पुन: आरोपियों द्वारा शराब के नशे में जातिगत अपमान व धक्का-मुक्की करने का आरोप लगाया गया है।

इसकी शिकायत 20 फ रवरी की सुबह सिटी थाना शुजालपुर में की गई, जहां फरियादी को घंटों बैठा, रखने के बावजूद रिपोर्ट दर्ज नहीं किए जाने का आरोप है। मामले को लेकर अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग से जुड़े पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर त्वरित कार्रवाई की जाए, बंद पड़े हैंडपंप को चालू कराया जाए तथा बस्ती में बह रहे गंदे पानी की समुचित नाली व्यवस्था कराई जाए। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि शिकायत प्राप्त होने पर मामले की जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## 80 मरीजों की आंखों की जांच हुई

**शुजालपुर।** सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र शुजालपुर मंडी द्वारा स्वर्गीय मोहनलाल पटेल की स्मृति में सरपंच प्रतिनिधि कमल चंद्रवंशी के सहयोग से पंचायत भवन अरनिया कलां में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर संपन्न हुआ, जिसमें 80 मरीजों की आंखों की जांच डॉक्टर जसवंत यादव, नेहा सोनी ने कर 14 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया, जिनको 27 फ रवरी को शुजालपुर मंडी से बस द्वारा संत हिरदाराम नगर ले जाएंगे। जहां उनके भोजन, आवास, दवाई, चश्मा आदि की व्यवस्था निशुल्क की जावेगी। जिला सेवा सदन प्रभारी खुशीराम आचार्य, गंगाधर शर्मा, आर्यन चंद्रवंशी, रवि चावड़ा आदि का सहयोग रहा।

## समाजसेवी शरदचंद देशमुख का निधन

**शुजालपुर।** नगर एवं क्षेत्र के संगीत व कला जगत के जाने माने बहुमुखी प्रतिभा के धनी एवं सेवाभावी व्यक्तित्व शरदचंद देशमुख शरद दादा का रविवार को देहांत हो गया। उनके निधन से नगर में शोक की लहर व्याप्त है। शरदचंद देशमुख प्रदेश के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. अभिजीत देशमुख एवं हर्षवर्धन देशमुख के पूज्य पिताश्री थे। वे सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए जाने जाते थे। सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व एवं सेवा भावना के कारण वे सभी के प्रिय एवं सम्माननीय थे। शरद दादा की अंतिम यात्रा चौबे मार्ग स्थित निवास से निकाली गई, जिसमें बडी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## सौहार्द पूर्ण ढंग से पर्व मनाने की अपील

**शुजालपुर।** प्रशासन ने शांति समिति की बैठक का आयोजन एसडीएम सभागृह में आयोजित किया। इस दौरान होली, रंग पंचमी व ईद पर्व की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों ने शांति समिति सदस्यों से चर्चा की। बता दे होली का दहन 3 मार्च को, धुलेंडी 4 मार्च को एवं रंग पंचमी का पर्व 8 मार्च को तथा ईद 21 मार्च को मनाई जाएगी। इन पर्वो पर होने वाले आयोजनों की जानकारी समिति सदस्यों ने दी। अधिकारियों ने पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील करते हुए कहा कि पर्व के दौरान व्यवस्था बिगाडने वाले लोगों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजकुमार हलदर, एसडीओ पुलिस निमेष देशमुख, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमप्रकाश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व शांति समिति सदस्य तथा पार्षदगण मौजूद रहे।

## झूठे आरोप लगाने वाले पार्षदों पर मानहानि का दावा करेंगी-नपा अध्यक्ष

**गुना।** समाचार-पत्रों के माध्यम से ज्ञात हुआ कि नगरपालिका उपाध्यक्ष सहित भाजपा जिन पार्षदों द्वारा भाजपा की महिला नगरपालिका अध्यक्ष गुना पर झूठे मिथ्यापूर्ण आरोप लगाकर मेरी व मेरे परिवार एवं पार्टी की छवि धूमिल करने का जो झूठा प्रयास किया गया है। उससे मेरी व मेरे परिवार की व्यक्तिगत मानहानि होने के साथ-साथ पार्टी की छवि को भी नुकसान पहुँचा है। चूंकि इनके आरोप मेरे और मेरे परिवार के विरुद्ध निजी आरोप हैं, इससे मेरे व मेरे परिवार की मानहानि हुई है।श्रीमती सविता अरविन्द गुप्ता अध्यक्ष - नगरपालिका परिषद गुना ने बताया कि वह नगर की प्रथम नागरिक यानि नगर पालिका परिषद गुना की अध्यक्ष होने से मैं व मेरा परिवार एक प्रतिष्ठित परिवार है, इनके झूठे आरोपों से सम्पूर्ण समाजों में हमारी छवि धूमिल हुई है। मैं विधिक परामर्श लेकर इनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही भी करूंगी, मानहानि का दावा भी करूँगी। झूठे आरोप लगाने वाले पार्षदों में कई पार्षदों को भाजपा जिला संगठन द्वारा अनुशासनहीनता करने पर नोटिस दिये गये थे।

# चप्पे-चप्पे पर नजर फिर भी हो रही चोरियां दो दिनों में तीन बाइक चोरी के मामले

**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**

सम्पूर्ण शहर में व्यवस्था और सूरक्षा के नाम पर लाखों रुपए व्यय कर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए और अधिकांश प्रतिष्ठानों पर भी निजी कैमरे लगे हुए है जिससे हर पल पर नजर रखी जा सकती है, लेकिन इन सबके बावजूद शहर में अव्यवस्था और अपराधों पर अंकुश नहीं है। नगर में पिछले कुछ महिनों से बाइक की चोरियां बंद हो गई थी जो कि एक बार फिर शुरू हो गई।



बाइक चोरी करने वाले बदमाश कैमरों में कैद हो रहे है और फुटेज भी पुलिस के पास पहुंच रहे है लेकिन बदमाश पुलिस की पहुंच से बाहर है। सिटी क्षेत्र में शनिवार की रात को बाइक चोरी का एक और मामला सामने आया, पचोर रोड स्थित होटल सोभाग्य पैलेस के सामने खडी की गई बाइक बदमाश चुरा कर ले गए। बाइक चोरी की यह वारदात होटल के बाहर लगे कैमरों में कैद हुई, जिसमें दिखाई दे रहा है कि दो युवक पैदल आए और उसमे से एक व्यक्ति मोबाईल पर बात करने का नाटक करते हुए बाइक के पास पहुंचा और अपने पास रखी चाबी से इस बाइक को स्टार्ट कर कुछ ही देर में लेकर फरार हो गया।

बता दे एक दिवस पूर्व मंडी क्षेत्र के पंजाबी मोहल्ले में शिक्षक राजा तंवर के घर के सामने बाइक चोरी हुई थी, जिसका वीडियों भी पुलिस तक पहुंचा, इसके अलावा राणोगंज में हनुमान मंदिर के समीप पार्किंग से भी बदलपुर निवासी ग्रामीण की बाइक चोरी हुई थी। शहर में लगातार बढ़ती बाइक चोरी की वारदातों से नागरिकों में दहशत है और पुलिस के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है।

न्यूज-कॉलम

## यादव जी की लव स्टोरी के खिलाफ नारायणी सेना का आक्रोश

**नीमच।** जिले के धनेरिया कलां, में नारायणी सेना अहीर यादव समाज द्वारा प्रस्तावित फिल्म यादव की लव स्टोरीज्ज के विरोध में पुरजोर प्रदर्शन किया गया। समाज के लोगों ने हाथों में पोस्टर लेकर शांतिपूर्ण ढंग से अपना आक्रोश व्यक्त किया और प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि 27 फरवरी को यह फिल्म रिलीज की जाती है, तो यादव अहीर समाज सड़कों पर उतरकर व्यापक विरोध प्रदर्शन करेगा। नारायणी सेना जिला अध्यक्ष हरीश अहीर, प्रभारी जितेंद्र अहीर, जिला महामंत्री निखिल अहीर, नगर उपाध्यक्ष सुभाष अहीर, तहसील अध्यक्ष प्रकाश अहीर, ग्रामीण अध्यक्ष बंटी अहीर सहित अहीर यादव समाज की पूरी टीम ने एकजुट होकर कहा कि इस फिल्म के माध्यम से समाज की छवि को गलत ढंग से प्रस्तुत किए जाने की आशंका है। अहीर यादव समाज देश की सामाजिक, राजनीतिक और सैन्य परंपराओं में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला समाज रहा है। किसी भी फिल्म, वेब सीरीज या अन्य माध्यम से समाज की गरिमा, सम्मान और पहचान को ठेस पहुंचाना कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## वीर हनुमान यात्रा को लेकर घर-घर पीले चावल देकर निमंत्रण देगी मातृ शक्ति

**मन्दसौर।** श्री वीर हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर नगर में भव्य वीर हनुमान यात्रा निकाली जाएगी। इसकी तैयारियों को लेकर मातृ शक्ति मंडल की बैठक किन्नर गुरु अनीता दीदी के सानिध्य में संपन्न हुई। इस बार यात्रा का मुख्य आकर्षण भगवान श्री तलाई वाले बालाजी का हूबहू विग्रह होगा, जो आकर्षक रथ में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि मातृ शक्ति की महिलाएं घर-घर जाकर पीले चावल भेंट करेंगी और श्रद्धालुओं को इस भव्य आयोजन में शामिल होने का निमंत्रण देंगी। यात्रा तलाई वाले बालाजी मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी और सामूहिक हनुमान चालीसा व महाआरती के साथ संपन्न होगी।

## गरोठ में 25 को युवा संगम रोजगार मेला

**मंदसौर।** शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा 25 फरवरी को गरोठ के शासकीय एसएन उदिया महाविद्यालय में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में देश की कई प्रतिष्ठित कंपनियां जैसे टाटा, महिंद्रा, मारुति सुजुकी और एचडीएफसी फाइनेंस युवाओं का साक्षात्कार लेंगी। मेले में ८वीं पास से लेकर स्नातक और डिप्लोमाधारी युवा भाग ले सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों को विभिन्न पदों पर 8 से 23 हजार रुपये तक का मासिक वेतन दिया जाएगा। इच्छुक आवेदकों को अपने शैक्षणिक दस्तावेजों, बायोडाटा और फोटो के साथ सुबह 10 बजे कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होने की सूचना दी गई है।

## स्कूल बस की टक्कर से एक की मौत, दो गंभीर

**मंदसौर।** जिले के धमनार में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक की जान चली गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, रतलाम जिले के तीन युवक एक ही बाइक पर सवार होकर धमनार आए थे, जहाँ उनकी टक्कर दलोदा पब्लिक स्कूल की बस से हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि २२ वर्षीय कन्हैया लाल की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों का उपचार जिला चिकित्सालय में चल रहा है, जहाँ उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस ने बस को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## शासन की निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार स्कूल बसों की जांच

**रतलाम।** जिला परिवहन अधिकारी जगदीश बिल्लौरे ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के आदेशानुसार जिले में स्कूल बसों की निरंतर चेकिंग की कार्यवाही जारी है। जिला परिवहन अधिकारी जगदीश बिल्लोरे एवं कार्यालयीन स्टाफ के द्वारा 21 फरवरी को जिले में स्थित स्कूलों में संचालित होने वाली बसों की चेकिंग की गई।

**सूचना**

समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

मोबा. 9977755777

# सैलाना रोड पर जैविक हाट का शुभारंभ, हर रविवार मिलेगा शुद्ध जैविक उत्पाद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

राज्य शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषक वर्ष घोषित किए जाने के क्रम में रतलाम जिले में जैविक हाट मेले का शुभारंभ कृषि उपज मंडी सैलाना रोड (बस स्टैंड के पास) किया गया। यह हाट अब प्रत्येक रविवार सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होगा, जहां गेहूं, दालें, सब्जियां, फल, दूध, दही, छाछ, घी, शहद सहित विभिन्न जैविक उत्पाद उपलब्ध रहेंगे।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप उपाध्याय, नगर पालिका निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा मनोज शर्मा, एसडीएम शहर सुश्री आर्ची हरित, परियोजना संचालक श्री निर्भय सिंह नर्गेश, उप संचालक उद्यानिकी श्री मंगल सिंह डोडवे सहित किसान संघ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



**जैविक खेती आज की आवश्यकता**

जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि जैविक उत्पादों के विक्रय से आमजन को शुद्ध भोजन सामग्री उपलब्ध होगी। निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा ने इसे समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इससे किसानों को मंच और शहरवासियों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री मिलेगी।

किसान संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि जैविक खेती से स्वस्थ भारत का सपना साकार होगा। किसानों ने यह भी बताया कि जैविक उत्पादों का विपणन चुनौतीपूर्ण है, लेकिन उपभोक्ता यदि शुद्ध भोजन चाहते हैं तो उचित मूल्य देने के लिए भी तैयार रहें।

**गौ आधारित खेती पर जोर**

बिलपाक के जैविक कृषक श्री विक्रम पाटीदार ने बताया कि देसी गाय के गोमूत्र और गोबर में अनेक प्राकृतिक तत्व होते हैं, जिनसे 5 से 20 बीघा तक जैविक खेती संभव है। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष श्री ललित पालीवाल ने जीवामृत के माध्यम से जहरमुक्त फसल उत्पादन पर बल दिया।

**419 पंचायतों में तैयार होंगे मास्टर ट्रेनर**

एसडीएम सुश्री आर्ची हरित ने जानकारी दी कि कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशन में जैविक खेती को मिशन के रूप में लिया गया है। जिले की 419 पंचायतों में जैविक खेती के प्रसार के लिए जिला, ब्लॉक और पंचायत स्तर पर मास्टर ट्रेनर तैयार किए जा रहे हैं, जो किसानों को प्रशिक्षण और मार्गदर्शन देंगे।

कार्यक्रम में विभिन्न विकासखंडों से आए जैविक किसानों का अतिथियों द्वारा स्वागत किया गया। आयोजन कलेक्टर के निर्देशन में उप संचालक सह परियोजना संचालक आत्मा श्री निर्भय सिंह नर्गेश, मंडी सचिव श्रीमती लक्ष्मी भवर, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग तथा मंडी टीम द्वारा किया गया। अंत में आभार उप संचालक उद्यानिकी श्री मंगल सिंह डोडवे ने व्यक्त किया।

# बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन आत्मनिर्भर भारत को जमीन पर उतारने का कार्य करेगा- सांसद सुधीर गुप्ता

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का बजट विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को साकार करने वाला और जनकल्याण को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला है। यह बात मंदसौर-नीमच-जावरा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता ने जिला भाजपा कार्यालय पर आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही।

उन्होंने बजट की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के मार्गदर्शन में पेश किया गया यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन आत्मनिर्भर भारत को जमीन पर उतारने का कार्य करेगा। सांसद ने इस ऐतिहासिक बजट के लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए इसे गरीब, युवा, नारी और किसान की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करने वाला दृष्टिपत्र बताया।




सांसद गुप्ता ने आर्थिक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय पिछले दो वर्षों में 1 लाख 41 हजार से बढ़कर 1 लाख 69 हजार रुपये हो गई है, जो सरकार की प्रभावी नीतियों का प्रत्यक्ष परिणाम है। उन्होंने बताया कि बजट में पूंजीगत व्यय को बढ़ाया गया है, जिससे आधारभूत संरचना का विकास होगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। अनुसूचित जाति और जनजाति विभागों के बजट में की गई भारी वृद्धि अंत्योदय के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके तहत सिंचाई रकबे को बढ़ाने, एक लाख सोलर पंप देने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं।

महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण पर चर्चा करते हुए सांसद ने कहा कि लाड़ली बहना योजना के लिए 23 हजार करोड़ से अधिक का प्रावधान और कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल निर्माण जैसे कदम महिला सुरक्षा और स्वावलंबन को नई मजबूती देंगे। साथ ही, युवाओं के लिए ऋण सुविधा और खेलों के विकास हेतु आवंटित राशि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगी। शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े निवेश के साथ-साथ गांवों में सड़कों के जाल और शहरों में ई-बस सेवाओं की शुरूआत से प्रदेश का कायाकल्प होगा।

उन्होंने अंत में तुलनात्मक आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि वर्ष 2003 में जो बजट मात्र 23 हजार करोड़ का था, वह आज बढ़कर 4.38 लाख करोड़ से अधिक हो गया है, जो प्रदेश की तीव्र विकास दर का प्रमाण है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, कोषाध्यक्ष प्रीतेश चावला, मीडिया प्रभारी निलेश जैन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नीमच जिले में गिद्धों की गणना संपन्न, 507 गिद्ध पाए

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

22 फरवरी प्रदेश में गिद्धों की संख्या और उनकी स्थिति का आंकलन करने के सर्वेक्षण में नीमच जिले में 3 दिवसीय शीतकालीन गिद्ध गणना 20, 21, और 22 फरवरी , 2026 को आयोजित की गई।

वन मंडलाधिकारी नीमच श्री एस के अटोदे के मार्गदर्शन और एस डी ओ फॉरेस्ट श्री दशरथ अखंड के नेतृत्व में वन विभाग द्वारा गिद्धों की गणना की गई। पहली बार गणना ऐप के माध्यम से दर्ज की गई। उपवन मंडल अधिकारी श्री दशरथ अखंड ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मृत पशुओं का मांस खाने वाले प्राकृतिक सफाईकर्मी गिद्धों की संख्या पशुपालकों द्वारा दर्द निवारक दवा डिक्लोफेनेक के उपयोग के कारण विलुप्ति की कगार पर आ गई थी। वन विभाग के लगातार संरक्षण प्रयासों से प्रति वर्ष इनकी संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। नीमच, मनासा, रामपुरा, जावद और रतनगढ़ वन रेंज तथा जिले की राजस्व भाग में की गई इस गणना में 507. गिद्ध पाए गए। इसमें मध्य प्रदेश में पाए जाने वाली कुल 7 प्रजातियों में से 3 प्रजाति सफेद इजिप्टियन गिद्ध, सफेद पीठ वाले व्हाइट रैम्पड वल्चर, और इंडियन लॉन्ग बिल्ड वल्चर प्रजातियों को जमीन व पेड़ पर या घोंसलों में बैठे वयस्क, अवयस्क गिद्धों की प्रजातिवार संख्या, उनके आवास, पेड़ो आर विश्राम करते हुए, घोंसलों में शिशुओं के साथ , भोजन करते हुए, नदी नाले के पास पानी में देखे गए गिद्धों की गणना ऐप में दर्ज की गई। गणना के दौरान सख्ती से इस बात का पालन किया गया कि केवल पेड़ों/चट्टानों पर बैठे गिद्धों को गिना जाए. उड़ते हुए गिद्धों को गिनती में शामिल नहीं किया जाता. सूर्योदय से ९ बजे तक चले इस गणना कार्य में वन परिक्षेत्र रतनगढ़, जावद के रेंजर श्री विपुल , रामपुरा के रेंजर श्री भानुप्रताप सिंह सोलंकी, सभी डिप्टी रेंजर्स व अन्य स्टाफ सहित जिले के वॉलिंटियर्स सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक, प्राणिशास्त्र डॉ साधना सेवक के साथ नीमच के विशेषज्ञ एवं छात्र निकिता यादव, अनमोल यादव, इंदरजीत सिंह , प्रिंस शर्मा, हर्षल चौहान, अंजली शर्मा, भाग्यश्री पंवार मल्हारगढ़ के अक्षय यति, नीमच के इन्फ्लूएंसर विवेक शर्मा, साथ ही रामपुरा के प्राध्यापक डॉ लखन सिंह यादव, डॉ सुषमा सोलंकी आदि उपस्थित थे।

## हिस्ट्रीशीटर हर्ष उर्फ कटोरा की सड़क हादसे में मौत, 16 से ज्यादा केस

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

धार जिले के बदनावर तहसील अंतर्गत कोद-बिड़वाल मार्ग पर सड़क हादसे में रतलाम के पीपल चौक निवासी 21 वर्षीय हर्ष उर्फ कटोरा पुत्र संतोष पंवार की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम उपरांत स्वजन शव को अंतिम संस्कार के लिए पैतृक गांव इंदौर के देपालपुर ले गए।

जानकारी के अनुसार हर्ष अपनी नानी के यहां बिड़वाल में रह रहा था। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात बाइक से कोद-बिड़वाल मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान मार्ग पर एक मोड़ के पास उसकी बाइक असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। रविवार सुबह मार्ग से गुजर रहे लोगों ने सड़क किनारे क्षतिग्रस्त बाइक देखी। समीप की झाडियों में हर्ष को मृत अवस्था में पड़ा देखकर पुलिस को सूचना दी।

**मोड़ पर संतुलन बिगडना बना दुर्घटना का कारण**

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल पहुंचाकर स्वजन को घटना की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार हर्ष के जबड़े सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई थीं। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण मोड़ पर संतुलन बिगड ?ा बताया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे की जांच शुरू कर दी है।

**मृतक का रहा है आपराधिक रिकॉर्ड**

मालूम हो कि हर्ष रतलाम के थाना स्टेशन रोड क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर रहा है। उसके विरुद्ध पूर्व में हत्या के प्रयास के 2, अवैध वसूली के 4, एट्रोसिटी एक्ट का 1 तथा आम जनता से मारपीट के 9 से अधिक प्रकरण दर्ज हैं।

## मावठे की बारिश से फसल नुकसान का आंकलन जारी

**रतलाम।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशानुसार मावठे की बारिश से हुई फसल क्षति का आंकलन करने के लिए राजस्व एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले द्वारा लगातार मौके पर जाकर निरीक्षण किया जा रहा है। आज जिले की सभी तहसीलो में संयुक्त दल द्वारा भ्रमण कर फसल क्षति का आंकलन किया गया । दल सभी गांवो का चरणबद्ध तरीके से भ्रमण करेगा एवं फसल की जानकारी कलेक्टर कार्यालय को तहसीलदार के माध्यम से प्रेषित की जाएंगी।

# ट्रेडडील के विरोध में किसान महापंचायत में गरजेंगे राहुल गांधी

## ट्रेडडील से भारतीय किसानों को भारी नुकसान होगा,फसलों के दाम गिरेंगे-अनिल शर्मा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मल्हारगढ़

भारत अमेरिका की ट्रेडडील के विरोध में 24 फरवरी को आयोजित किसान महापंचायत में लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष खड़गे जी मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी,पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह कमलनाथ जी सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेतागण इस किसान महा चौपाल को संबोधित करेंगे।मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा, बाबुखा मेवाती,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गणपत पंवार हरमाला,अनिल मुलासिया,



युवक कांग्रेस नेता राहुल अहीर ने बताया कि जिला कांग्रेस के प्रभारी मनोज राजानी, जिला कांग्रेस के अध्यक्ष महेन्द्रसिंह गुर्जर, विधानसभा से क्षेत्र के प्रत्याशी रहे एवं प्रदेश कांग्रेस के सचिव परशुराम सिसोदिया की अगुवाई में मल्हार गढ़ विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में किसानों के साथ कांग्रेसजन भोपाल पहुंच कर ट्रेडडील के विरोध में होने वाली महापंचायत में अपनी आवाज को बुलंद करेंगे। शर्मा ने बताया कि ट्रेडडील से अमेरिका कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क शून्य किया गया तो इससे भारतीय किसानों को भारी नुकसान होगा।इससे स्थानीय किसानों की फसलों के दाम गिरेंगे ओर किसान आत्महत्या को मजबूर होंगे।

शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ट्रम्प के आगे नतमस्तक है और यह ट्रम्प की कठपुतली बनी हुई है।कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में पहले से दुःखी एवं परेशान किसानों के लिए इस डील के विरोध में किसानों के हित मे लड़ाई लडकर उन्हें न्याय दिलाएगे। कांग्रेसनेताओ ने 24 फरवरी को आयोजित किसान महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुचने का आव्हान किया है।



## गाँधीसागर अभयारण्य बना गिद्धों का सुरक्षित बसेरा, संख्या 1084 पहुँची

**मंदसौर।** जिले का गाँधीसागर वन्यप्राणी अभयारण्य गिद्धों के संरक्षण के मामले में अग्रणी केंद्र बनकर उभरा है। हाल ही में संपन्न हुई गिद्ध गणना के अनुसार, यहाँ कुल 1084 गिद्ध पाए गए हैं। इनमें भारतीय गिद्ध, राज गिद्ध और सफेद पीठ वाले स्थानीय गिद्धों के साथ-साथ हिमालयन ग्रिफन और सिनेरियस जैसे विदेशी प्रवासी गिद्ध भी शामिल हैं। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, चंबल की ऊँची चट्टानें और मानवीय हस्तक्षेप का अभाव इन पक्षियों के प्रजनन के लिए सबसे अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। अभयारण्य में 120 सक्रिय घोंसलों का मिलना इस क्षेत्र के मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र को दशार्ता है।

## महावीर इंटरनेशनल ने अस्पताल को भेंट कीं आरामदायक बेंच



**मन्दसौर।** सामाजिक संस्था महावीर इंटरनेशनल ने मानवता की सेवा की कड़ी में सिविल अस्पताल के शिशु उपचार वार्ड में मरीजों के परिजनों के बैठने हेतु बेंच भेंट की हैं। संस्था के अध्यक्ष भागचंद खण्डेलवाल ने बताया कि वार्ड में बैठने की असुविधा को देखते हुए यह पहल की गई है। यह सहयोग कार्यकारिणी सदस्य अभय पोखरना द्वारा अपने पिता स्वर्गीय ज्ञानचंद पोखरना की स्मृति में दिया गया है। अस्पताल के शिशु वार्ड प्रभारी डॉ. पामेचा ने संस्था के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी जनभागीदारी से सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में मदद मिलती है।

## महिला कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान



**मन्दसौर।** मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी ने मंदसौर प्रवास के दौरान महिला कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने संगठन की मजबूती और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। श्रीमती बोरासी ने स्पष्ट किया कि संगठन की असली शक्ति बूथ स्तर पर है, इसलिए हर कार्यकर्ता को जमीनी स्तर पर सक्रिय होना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए लड़ती रही है। बैठक में सदस्यता अभियान और जनहित के मुद्दों पर आंदोलन की रणनीति तैयार की गई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर और विधायक विपिन जैन, हिमानीसिंह, अनिता भदौरिया, वर्षा सांखला सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी व बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। संचालन नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी ने किया और आभार राखी सत्रावाला ने माना।

## शिवना शुद्धिकरण में नन्हे स्काउट-गाइड्स ने किया श्रमदान



**मन्दसौर।** शिवना शुद्धिकरण अभियान के 92वें दिन नदी तट पर जनभागीदारी का अनूठा संगम देखने को मिला। रविवार सुबह नियमित श्रमदानियों के साथ बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड के बच्चे भी सफाई अभियान में जुटे। इन नन्हे स्वयंसेवकों ने नदी के किनारों से भारी मात्रा में प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट एकत्र कर उसे नष्ट करने हेतु निर्धारित स्थान पर पहुँचाया। विधायक विपिन जैन ने बच्चों के इस जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि नई पीढ़ी का यह संकल्प भविष्य में नदी को स्वच्छ रखने में मील का पत्थर साबित होगा। अभियान के दौरान करीब एक ट्राली कचरा निकाला गया। विधायक ने शहरवासियों से अपील की है कि वे हर रविवार सुबह श्रमदान के लिए अवश्य समय निकालें। इस अवसर पर अनेक श्रमदानियों ने भी श्रमदान किया।

## गांव की बेटी के विवाह हेतु विधायक स्वेच्छानुदान निधि से 30 हजार स्वीकृत

**नीमच।** भाजपा विधायक दिलीपसिंह परिहार के निवास पर आयोजित जनदर्शन में जमुनियां खुर्द की ज्योति खारोल और उनके बुजुर्ग दादाजी पहुंचे और बताया कि उनकी पोती की माता नहीं हैं, पिता बीमार हैं, पोती की शादी करनी है, जिसमें 15 दिन शेश बचे हैं। जिस पर विधायक श्री परिहार ने बुजुर्ग अभिभावक को अविलम्ब स्वेच्छानुदान निधि से 30 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की और परिजनों को और भी मदद का आश्वासन दिया। बता दें कि विधायक श्री परिहार समय समय पर समाज के सर्वहारा वर्ग की मदद करते रहते हैं। रविवार को विधायक परिहार अपने आवास पर आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याएं सुन रहे थे, तभी एक बुजुर्ग अभिभावक ने उन्हें अपनी पोती की शादी में आ रही आर्थिक परेशानी को रखा, जिस पर विधायक ने उन्हें स्वेच्छानुदान निधि से 30 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की। परिजनों ने विधायक श्री परिहार का आभार जताया है, जिस पर विधायक श्री परिहार ने कहा कि हमारी सरकार आपके साथ है। यह हमारा सौभाग्य है कि हम विवाह योग्य बेटियों की शादी में अभिभावक बनेंगे। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि बिटिया के शादी में कोई कमी नहीं आने देंगे।

## मुस्लिम समाज का 11वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 17 मई को सारंगपुर में

**सारंगपुर।** समस्त मुस्लिम समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन इज्तिमाई शादी कमेटी के तत्वाधान में आगामी 17 मई को आयोजित होगा। उक्त जानकारी देते हुए इज्तिमाई शादी कमेटी संस्थापक एजाज यादें ने बताया कि इज्तिमाई शादी कमेटी के तत्वाधान में 17 मई को होने वाले समस्त मुस्लिम समाज के 11वें सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन सारंगपुर में होगा। यादें ने बताया कि समाज को शादी ब्याह में होने वाली फिजुल खर्ची से बचाने के लिए लगातार 10 बार सफलतापूर्वक सम्मेलन संपन्न हो चुका है यह 11वीं बार है। इसमें शामिल होने के लिए विवाह योग्य जोड़ो का पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीयन जल्द शुरू हो कर 1 मई तक चलेंगें। श्री यादे ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में मुस्लिमजनों से अपने विवाह योग्य लडके-लडकियों का पंजीयन कराकर सम्मेलन में शामिल होने की अपील की है। क्योंकि यह सम्मेलन हर वर्ष एक ही मंच पे इज्तेमाई निकाह कर दहेज प्रथा रोकने के लिए फिजूल खर्ची से बचने के लिए किया जाता है। इसमें दूल्हा दुल्हन को घर गृहस्थी का समान भी दिया जाता है।

## श्री शांतिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर में स्नात्र पूजन एवं ध्वजारोहण महोत्सव आयोजित



**सारंगपुर।** नगर के प्राचीन एवं आस्था के केंद्र श्री शांतिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर में शुक्रवार को भगवान के स्नात्र पूजन के साथ ध्वजारोहण महोत्सव आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह भगवान श्री शांतिनाथ के स्नात्र महोत्सव से हुआ। विधि-विधान से मंत्रोच्चार एवं अभिषेक के साथ भगवान का पूजन किया गया। स्नात्र पूजा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान के चरणों में अर्घ्य अर्पित कर मंगलकामनाएं कीं। इसके बाद सुबह 9 बजे से ध्वजा पूजा प्रारंभ हुई तथा ध्वजा लेकर मंदिर की तीन परिक्रमा की गई। समाज के वरिष्ठ समाजसेवी सज्जन सिंह एवं अनिल कुमार श्रीमाल परिवार द्वारा विशेष विधि-विधान के साथ ध्वजा पूजन किया गया। साथ ही सभी समाजजनों ने धर्मध्वजा के समक्ष सामूहिक मंगल पाठ किया। शुभ मुहूर्त में सुबह 9.15 बजे मंदिर शिखर पर अंशुल श्रीमाल द्वारा दंड पूजन कर ध्वजारोहण किया गया। जैसे ही ध्वजा शिखर पर लहराई, उपस्थित श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

## आजीवन सहयोग निधि में चेक से सहयोग, संगठन को मिला संबल



**सुसनेर।** आजीवन सहयोग निधि में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए डिजिटल व्यवस्था को अपनाया गया। कार्यकर्ताओं ने पारदर्शिता और सुव्यवस्थित प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए चेक के माध्यम से सहयोग राशि प्रदान की। यह पहल संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने का भी संदेश देती है। सभी समर्पित कार्यकताओं ने अपने सामर्थ्य अनुसार सहयोग राशि देकर संगठन के प्रति निष्ठा और राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन, महामंत्री पवन शर्मा, आजीवन सहयोग निधि मण्डल प्रभारी मुकेश हरदेनिया, पार्षद प्रदीप सोनी, कालूसिंह, डॉ. भवानीशंकर वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि युगल परमार, ईश्वर सिंह कावल, अर्जुन जादमे, टोनी शेख सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में भाजपा सुसनेर मंडल द्वारा सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

## श्याम प्रेमियों ने सांवलिया सेठ यात्रा पर निकले भक्तों का किया स्वागत



**सुसनेर।** भोपाल से सांवलिया सेठ मंदिर मंडफिया तक 430 किलोमीटर की पदयात्रा पर निकले 14 श्रद्धालुओं का सुसनेर पहुंचने पर श्याम प्रेमियों द्वारा स्वागत किया गया। नगर में श्रद्धालुओं का फूल-मालाओं से अभिनंदन कर उनके सफल व मंगलमय यात्रा की कामना की गई। पदयात्रियों ने बताया कि यह उनकी लगातार दूसरी वर्ष की यात्रा है और वे पूर्ण आस्था व भक्ति भाव के साथ संकल्प निभा रहे हैं। सुसनेर में रात्रि विश्राम करने के बाद सभी यात्री अगले पड़ाव के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर संजय त्रिवेदी जोंटी, प्रदीप बजाज, प्रदीप सोनी, सुरेश सोलंकी, राहुल गुर्जर के द्वारा पद यात्री तेजसिंह पटेल, जितेंद्र मीणा, हिरेंद्र पाटीदार, जय मीणा, विष्णु मीणा, माधव सिंह, संजय मीना, जीवन विश्वकर्मा, सागर मीना , विक्की गुर्जर, गोवर्धन लोधी, पवन मीना, प्रकाश कुशवाह, अनिल धुर्वे का स्वागत किया गया।

## बदलते मौसम का असर बच्चों की सेहत पर

**सारंगपुर।** मौसम में तेजी से बदलाव के कारण बच्चों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। दिन में कभी तेज धूप, बादल और बारिश के बीच सुबह-शाम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। सिविल अस्पताल की ओपीडी में सुबह-शाम 200 से अधिक बच्चे खांसी, बुखार और जुकाम से पीडित होकर पहुंचे। सिविल अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डा. अंकित यादव ने बताया कि सुबह-शाम की ठंड और दिन में परिवर्तित मौसम के कारण लोग बचाव में लापरवाही बरत रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों और बुजुर्गों पर देखा जा रहा है।

### जनता के पैसों की बंदरबाट, राजस्व की चोरी फिर भी सीनाजोरी

# नपा में 2022 से वेतन महा घोटाला, टैक्स पे ठेकेदार की अध्यक्ष के वाहन चालक के रूप में निकल रही तनख्वाह

### आरटीआई के तहत निकलवाई जानकारी में चौकाने वाले तथ्य आए सामने

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना




वर्ष 2022 में गुना नगरपालिका की नई परिषद का गठन हुआ और उसी समय से नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति सविता अरविन्द गुप्ता के द्वारा वेतन महा घोटाला प्रारंभ गया। इस घोटाले का पर्दाफाश जब हुआ तब परिषद के कुछ पार्षदों द्वारा नगरपालिका गुना में अनुबंधित सेडमैप कम्पनी में कार्यरत कर्मचारियों के नाम और उनके कार्यस्थल या कर्तव्य स्थल की सूची आरटीआई के तहत निकलवाई। उक्त जानकारी में चौकाने बाले तथ्य सामने आये हैं जैसा कि पार्षदों को शक था जिसमें से लगभग एक दर्जन से ज्यादा कर्मचारियों की वेतन फर्जी निकल रही है। इन कर्मचारियों में आधे से ज्यादा कर्मचारी नगर पालिका अध्यक्ष के पुत्र के सार्थक पेट्रोल पम्प पर जो उमरी रोड पर स्थित है कार्य करते पाये गये। आधे कर्मचारियों का वेतन बिना किसी कार्य के ही निकाली गई और आधा दर्जन से भी ज्यादा कर्मचारियों की वेतन लगभग 15- 15 हजार का महा घोटाला है। इसमें खास बात ये है कि एक टैक्स पे ठेकेदार की नपा अध्यक्ष के यहां वाहन चालक के रूप तनख्वा निकल जा रही है।

दरअसल मांगी गई सूचना के अधिकार की रजिस्टर्ड कापी एवं प्राप्त दस्तावेजो के आधार पर प्राप्त हुई। और यह सूची भी नगर पालिका अध्यक्ष के दबाब के बाद भी जारी कि गई। इस कारण जॉच और महा घोटाले का आवेदन कुछ पार्षदो द्वारा जिलाधीश के समक्ष पेश किया तब कलेक्टर के उक्त शिकायत पर जॉच के आदेश जारी कर दिये यह जाँच अभी जारी है। कर्मचारियों के पेट्रोल पम्प पर कार्य करते हुए विडियो फुटेज भी शिकायती पत्र के साथ दिये गये है। उसमे स्पष्ट रूप से नगर पालिका के कर्मचारी नगरपलिका के अध्यक्ष के पेट्रोल पम्प पर मैनेजर के रूप में कार्य करते दिख रहे है। पेट्रोल पम्प पर ग्राहकों का पेट्रोल भरते नजर आ रहे है। उक्त जॉच अंतिम चरणों में आ गई है और जांच में उक्त वेतन घोटाले का उजागर होना तय है। इसी बात से घवरा कर नगर पालिका अध्यक्ष एवं उनके पति अरविन्द गुप्ता पार्षदों पर झूठे मनगढ़त आरोप लगा रहे है और उनके पति अरविन्द गुप्ता द्वारा सोशल मिडिया और व्हाटस्अप पर समाचार पत्रों के माध्यम से बदनाम करने की कोशिश कर रहे है। पार्षदों पर श्रीमती सविता गुप्ता एवं अरविन्द गुप्ता द्वारा दबाब बनाया जा रहा है कि उक्त शिकायत को वापस लो नहीं तो आपके बार्डो में काम नही होने देगे। जिन पार्षदो में जनता के हित, और जनता के पैसों का घोटाला ना हो इसको दृष्टिगत रखते हुए पार्षदो ने उक्त घोटाले की शिकायत की है।

**शिकायत करने वालों की छवि धूमिल करने का प्रयास**

जिन 12 पार्षदों ने शिकायत की है उन्ही पार्षदो को व्यक्तिगत रूप से टारगेट किया जा रहा है उन्ही पार्षदों की छवि धूमिल करने का प्रयास उनके परिवार व उनके पति द्वारा किया जा रहा है। पार्षदो ने कुल 4 बिन्दुओं पर शिकायत की है इनमें से यह पहला बिन्दु है। अन्य तीन बिन्दुओ पर भी इसी तरह का भ्रष्टाचार एवं घोटाला किया गया है। उक्त आर.टी.आई. से प्राप्त कर्मचारियों की सूची में एक बहुत बढ़ा चौकाने वाला तथ्य उजागर हुआ है। प्राप्त सूची में अध्यक्ष के यहा पर जो कर्मचारी बताये गये है उसमे बिन्दु क्रं. 8 पर अनिरूद्ध बंसल पुत्र कैलाश नारायण बंसल निवासी सतसंग भवन के सामने दलवी कालोनी गुना का नाम अंकित है। उनका वेतन उनके खाता के 50100459647261 आई.एफ. एस.सी. कोड HDFC0007948 में जा रहा है। इस तरह कर्मचारियों के साथ अनिरुद्ध का वेतन नगरपालिका से निकल रहा है। जबकि अनिरुद्ध बंसल एक नगरपालिका के बहुत बड़े ठेकेदार हैं एवं आयकर दाता है और उन्होंने नई परिषद के कार्यकाल में लगभग 1.5 से 2 करोड़ के निर्माण कार्य किये है। फिर अनिरूद्ध बंसल आउटसोर्स के रूप में कैसे वेतन ले सकते है यह भी एक महा घोटाला है। आर.टी.आई. से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनिरूद्ध बसंल को दिये गये वर्कऑडर एवं कायार्देश हमे प्राप्त हुए है।

### कलेक्टर अचानक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इंगोरिया पहुंचे

# बीएमओ को अनुपस्थित डॉक्टरों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंगोरिया



कलेक्टर रोशनकुमार सिंह और जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कुमार कुमठ ने अचानक इंगोरिया और चिकली का दौरा किया। जिला कलेक्टर ने इंगोरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और ग्राम पंचायत के निमार्णाधीन आंगनवाड़ी भवन का निरीक्षण किया। बी एम ओ डॉक्टर विजयेंद्र सिंह अजनार को निर्देश दिए कि डॉक्टर और सभी स्टॉफ समय पर अस्पताल में उपलब्ध रहे। अस्पताल में ड्यूटी रजिस्टर देखा, ओपीडी में दवाई वितरण, दवाई की उपलब्धता की जानकारी ली। बी एम ओ डॉक्टर विजयेंद्र सिंह अजनार को बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टरों को नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए। साथ ही सभी प्रसव संस्थागत हो यह सुनिश्चित किया जाए। शासकीय योजना संकल्प से समाधान की समीक्षा की।

**विद्युत डी पी की वजह से आंगनवाड़ी भवन का निर्माण रुका**

इंगोरिया ग्राम पंचायत द्वारा लगभग 12 लाख रुपए की लागत से बनाए जा रहे नवीन आंगनवाड़ी भवन के रुके निर्माण कार्य को शीघ्र चालू करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने विद्युत डी पी शिफ्ट कर तुरंत आंगनवाड़ी भवन का निर्माण प्रारंभ किया जाने के निर्देश दिए।

**चिकली आरोग्य मंदिर को साफ सुथरा रखने के निर्देश**

चिकली में पी एम श्री शासकीय एकीकृत विद्यालय, आयुष्मान आरोग्य मंदिर और ग्राम पंचायत भवन देखा। आरोग्य मंदिर निरीक्षण के दौरान साफ_सफाई पर ध्यान के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत सचिव व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को 30 सितंबर तक 6 वर्ष के सभी बच्चों की समग्र आई डी, आधार आई डी और जन्म प्रमाण पत्र बनवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्यालय स्थित आई सी टी लेब सह डिजिटल लाइब्रेरी का अवलोकन किया बोर्ड परीक्षाओं की संचालन व्यवस्था देखी। उन्होंने उपस्थित शासकीय अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि 6 वर्ष तक के सभी बच्चों को शाला प्रवेश सुनिश्चित किया जाए।

ग्राम पंचायत इंगोरिया और चिकली के ओचक निरीक्षण के दौरान एस डी एम धीरेन्द्र पाराशर, जनपद सी ई ओ बड़नगर, नायब तहसीलदार प्रियंका जैन सहित सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। चित्र। जिला कलेक्टर रोशन कुमार सिंह द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और आंगनवाड़ी भवन का निरीक्षण किया।

## अपहृत नाबालिग बालिका को 40 घंटे में सुरक्षित किया दस्तयाब

### बच्चा चोर गिरोह की अफवाह निराधार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ झारडा

कुछ दिन पूर्व ग्राम ढाबलासिया क्षेत्र से एक नाबालिग बालिका के घर से लापता होने के बाद पूरे इलाके में यह अफवाह फैल गई थी कि बच्चा चोर गिरोह लड़की को पकड़कर ले गया है। अब पुलिस जांच में स्पष्ट हो गया है कि यह पूरी तरह निराधार एवं भ्रामक अफवाह थी।

थाना झारडा पुलिस को 17 फरवरी 2026 को फरियादी द्वारा रिपोर्ट दी गई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री शाम करीब 7 बजे घर से बहला-फुसलाकर भगा ली गई है। रिपोर्ट पर थाना झारडा में अपराध क्रमांक 24/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक उज्जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन तथा एसडीओपी महिदपुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी झारडा निरीक्षक श्री आनंद भावोर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। बालिका की तलाश के लिए आसपास के गांवों एवं संभावित ठिकानों पर सघन सर्च अभियान चलाया गया।

पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर नाबालिग बालिका को जावरा क्षेत्र से मात्र 40 घंटे के भीतर सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में बालिका ने बताया कि वह अपने खेत पड़ोस के व्यक्ति के साथ चली गई थी। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही उन्हें आगे फैलाएं। बच्चा चोर गिरोह जैसी चचाएं पूरी तरह असत्य हैं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

### अरविंद सिंह बोले: अपराधियों की सूची पर नजर रखा करें

# एसडीपीओ ने थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर की अपराधों की समीक्षा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर




सारंगपुर अनुविभागीय पुलिस कार्यालय स्थित एसडीपीओ कक्ष में अनुविभाग के सभी थाना प्रभारियों के साथ एसडीपीओ अरविंद सिंह ने समीक्षा बैठक की। जिला पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर बनाए गए अपराधियों की सूची पर सभी थाना प्रभारियों को नजर रखने का निर्देश दिए गए है।

एसडीपीओ ने कहा कि अधिकारी अपने इलाके में अवैध कार्य करने वालों की गुप्त सूचना एकत्रित करें। ग्रामीण स्तर पर गलत कार्यों में संलिप्त होने की जानकारी ली जा सकती है। ऐसे लोगो के जीविका के साधन और परिवार की स्थिति पर भी नजर रखने का निर्देश दिया गया। उसका अर्जित धन आने का साधन क्या है कहां से आ रहा इस पर भी गुप्त सूचना थाना प्रभारी को लेने का निर्देश दिया गया है। एसडीपीओ ने बैठक में थाना स्तर पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। अवैध शराब के मामले में नशेडीयों को पकडने के दौरान उनसे शराब उपलब्ध कराए जाने के बिंदुओं पर पूछताछ करने का निर्देश दिया। ताकि यह निश्चित हो सके जो शराब पीकर मटरगश्ती करने वाले लोग है उन्हें शराब कहां से उपलब्ध होता हैं। सूचना पर तुरंत कार्यवाई करने बढ़े धंधेबाजों को टारगेट कर उनके पूरे सिस्टम को ध्वस्त करने, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के अलावा संध्या गश्ती, रात्रि गश्ती करने सहित कई अन्य प्रकार के निर्देश दिए गए।

**समय-समय पर वाहन चेकिंग करें**

एसडीओपी अरविंद सिंह ने सारंगपुर, लीमाचौहान, तलेन तथा पचोर के सभी थाना प्रभारियों को अपराध रोकने को लेकर कई निर्देश दिए। एसडीपीओ ने बारी-बारी से सभी थाना प्रभारियों से उनके थाना में होनेवाले अपराध एवं उग्रवाद पर कड़ी नजर रखने, सूचना तंत्र को मजबूत करते हुए वरीय पदाधिकारी के निर्देशन में तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया। जिससे अपराधियों का सफाया किया जा सके। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को समय-समय पर वाहन चेकिंग करने, अपराधियों का सत्यापन करने, बैठक कर सीसीटीवी कैमरा लगवाने का निर्देश दिए। आदि उपस्थित थे।

**त्योहारो पर रहे मुस्तैद**

एसडीओपी सिंह ने कहा कि वर्तमान में रमजान माह चल रहा है और आगामी दिनो में होली, रंगपंचमी और ईद का त्योहार आने वाला है। इसलिए मुस्तैदी के साथ शांति व्यवस्था कायम रखना और माहोल खराब करने वालो पर सिकंजा कसना है। सभी त्योहार आपसी सोहार्द, सदभाव के साथ मनाए जाए ऐसी व्यवस्था पुलिस को करना है। इस मौके पर सारंगपुर थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा, लीमाचौहान थाना प्रभारी राहुल सिंह, पचोर थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया, तलेन थाना प्रभारी राकेश दामले आदि उपस्थित थे।



## नागदा कुश्ती दंगल में कंचन खेड़ी के शुभम निनामा पहलवान जीते तथा विजय खैर पहलवान ने बराबरी की

**खाचरौद।** नगर पालिका नागदा द्वारा आयोजित कुश्ती दंगल शिवरात्रि मेले मे सम्पन्न हुआ जिसमे पवन पुत्र व्यामशाला खाचरोद के उस्ताद डॉ श्याम सिह पहलवान के शिष्य एवं बजरंग व्यामशाला कंचन खेड़ी के शुभम निनामा पहलवान विजय हुए तथा विजय खैर पहलवान बराबरी पर रहे। इन दोनों पहलवानों की उपलब्धि पर पवन पुत्र व्यामशाला के उस्ताद डॉ श्याम सिह पहलवान अध्यक्ष राकेश राठौड़ सचिव प्रकाश राठौड़ तथा बजरंग व्यामशाला कंचनखेड़ी के उस्ताद कैलाश पोपण्डिया सचिन पोपण्डिया ओमवीर सिह भदोरिया एवं नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा ने बधाई दे कर शुभकामनाएँ दी।

## झाबुआ में अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम



**महिदपुर।** उज्जैन जिले के युवाओं ने झाबुआ में आयोजित तीन दिवसीय अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में सहभागिता कर जिले का गौरव बढ़ाया। जिला युवा अधिकारी अभिलाष म्हस्के के मार्गदर्शन में महिदपुर के शोभा कुंवर, ज्योति कुंवर, रानू गेहलोद, दिवांशी राव, प्रमिला ठाकुर, जतिन खरिया, शिवांश शर्मा, तनिष्क व्यास व दीपेंद्र सोलंकी ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में युवाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ह्यविकसित भारतह्व के संकल्प साझा किए। ब्लॉक समन्वयक लखन आंजना ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं के नेतृत्व व अनुभव को नई दिशा देते हैं।

## नर सेवा नारायण सेवा के भाव से हुआ जांच शिविर का आयोजन



**महिदपुर रोड।** नगर के शासकीय हास्पिटल में शनि वार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दो वर्ष के उपलक्ष्य में जिले में श्रृंखलाबद्ध शुल्क हृदय जांच शिविर के आयोजन के अन्तर्गत पूर्णिमा सेवा संगठन उज्जैन द्वारा आयोजित हृदय रोग परीक्षण शिविर के आयोजन में बड़ी संख्या में नगर सहित आसपास के गांव के महिला पुरुषों ने उपस्थित होकर अपने हृदय व अन्य बीमारियों की जांच करवाई शिविर में पूर्व विधाय क बहादुर सिंह चौहान सत्यनारायण खोईवाल सरपंच ऋतु पाटीदार मंडल अध्यक्ष गुरचरण सिंह चौहान सहित अन्य जनप्रतिनिधि इस दौरा न मौजूद रहे उज्जैन से हृदय रोग जांच परीक्षण के लिये आई टीम के सदस्यों का स्वास्थ्य केंद्र के मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अमित वर्मा तथा डा. सलूजा आदि ने स्वागत कर उनके कार्य में सहयोग किया। जानकारी आयो जन के विधान सभा क्षेत्र प्रभारी डॉ. विपुल धाडीवाल ने दी।

## किटखेड़ी जोड़ के पास सड़क हादसा, कार-ट्रक भिड़ंत में तीन घायल



**सुसनेर।** किटखेड़ी जोड़ के समीप हुए एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपल्या कुल्मी निवासी एक परिवार कार से महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन में महाकाल दर्शन के लिए रवाना हुआ था। यात्रा के दौरान किटखेड़ी जोड़ के पास उनकी कार की ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और घटनास्थल पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। दुर्घटना में धीरज पिता फूलचन्द्र पाटीदार, शानू पति धीरज पाटीदार तथा मोनिका पिता देवीलाल उम्र 25 वर्ष निवासी पिपल्याकुल्मी घायल हो गए। वहीं वाहन में सवार संदीप पिता दुर्गालाल पाटीदार व एक 9 माह की मासूम बेटी सुरक्षित रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद कर घायलों को वाहन से बाहर निकाला सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अक्षय सिंह बैंस पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। घायलों को तत्काल सुसनेर सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



पहले भारत से अमेरिका जाने वाले सामान पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ (शुल्क) लग रहा था। अब 24 फरवरी 2026 से यह घटकर 15 प्रतिशत रह जाएगा। यह फैसला 150 दिनों के लिए अस्थायी तौर पर लागू रहेगा।

# ट्रंप के 15% टैरिफ से भी भारत को लाभ

## अगले महीने भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौता संभव

**नई दिल्ली।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत समेत कई देशों पर लगाए गए ऊंचे पारस्परिक शुल्क (रेसिप्रोकल टैरिफ) को घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया है, जिस का भारत को सीधा लाभ होगा। पहले भारत से अमेरिका जाने वाले सामान पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ (शुल्क) लग रहा था। अब 24 फरवरी 2026 से यह घटकर 15 प्रतिशत रह जाएगा। यह फैसला 150 दिनों के लिए अस्थायी तौर पर लागू रहेगा। 20 फरवरी को व्हाइट हाउस की ओर से इसका आधिकारिक आदेश जारी किया गया।

टैरिफ या आयात शुल्क वह टैक्स है, जो कोई देश दूसरे देश से आयात होने आने वाले सामान पर लगाता है। जब कोई कंपनी विदेश से सामान मंगाती है, तो उसे सरकार को यह शुल्क देना पड़ता है। आमतौर पर कंपनियां यह अतिरिक्त खर्च ग्राहकों से वसूल लेती हैं। यानी टैरिफ बढ़ता है तो सामान महंगा हो जाता है। उदाहरण के तौर पर अगर किसी उत्पाद पर 5 प्रतिशत सामान्य आयात शुल्क है और सरकार 15% अतिरिक्त टैरिफ लगा देती है, तो कुल शुल्क 20% हो जाएगा।



भारत-अमेरिका के बीच पहले चरण के व्यापार समझौते का कानूनी मसौदा तैयार करने के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल 23 फरवरी से वाशिंगटन में बैठक करेगा। दोनों देश अगले माह समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं।

### ऐसे समझें रेसिप्रोकल टैरिफ

रेसिप्रोकल टैरिफ यानी पारस्परिक शुल्क शब्द का इस्तेमाल सबसे पहले अमेरिका ने किया। 2 अप्रैल 2025 को ट्रंप प्रशासन ने भारत सहित करीब 60 देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य यह बताया गया था कि अमेरिकी निर्यातकों को समान अवसर दिया जाए। इसका मतलब है, अगर कोई देश अमेरिकी सामान पर 20 प्रतिशत शुल्क लगाता है, तो अमेरिका भी उस देश से आने वाले सामान पर उतना ही शुल्क लगाएगा। यह शुल्क पहले से लागू सर्वाधिक पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) ड्यूटी के ऊपर लगाया जाता है। यानी यह अतिरिक्त टैक्स होता है।

### किन सामानों पर 15% शुल्क नहीं लगेगा?

कुछ जरूरी वस्तुओं को अस्थायी शुल्क से छूट दी गई है। इनमें कुछ महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा उत्पाद, उर्वरक, प्राकृतिक संसाधन, कुछ कृषि उत्पाद जैसे टमाटर, संतरा, दवाएं, दवा बनाने की सामग्री, कुछ इलेक्ट्रॉनिक सामान, यात्री वाहन, बसें और कुछ ऑटो पार्ट्स और कुछ एयरोस्पेस उत्पाद पर अमेरिका की घरेलू जरूरतों को ध्यान में रखते हुए छूट दी गई है।

### सेक्टोरल टैरिफ जारी रहेंगे

- स्टील, एल्युमिनियम-कॉपर पर 50% का सेक्टोरल टैरिफ पहले की तरह जारी रहेगा।
- कुछ ऑटो कंपोनेंट्स पर 25% का शुल्क भी लागू रहेगा।
- सेवाओं के क्षेत्र में भारत ने 28.7 अरब डॉलर का निर्यात और 25.5 अरब डॉलर का आयात किया।
- कुल मिलाकर भारत को लगभग 44.4 अरब डॉलर का व्यापार लाभ मिला।

# फोनपे ने माइक्रोसॉफ्ट फाउंड्री के साथ एआई-संचालित नेचुरल लैंग्वेज सर्च किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** फोनपे ने शनिवार को माइक्रोसॉफ्ट फाउंड्री आधारित एक नया एआई-संचालित नेचुरल लैंग्वेज सर्च फीचर लॉन्च किया है। इससे यूजर्स साधारण आवाज या टेक्स्ट कमांड के जरिये एप में आसानी से नेविगेट (संचालन) कर सकते हैं, भुगतान कर सकते हैं और अपने ट्रांजैक्शन ट्रैक कर सकते हैं।

कंपनी के अनुसार, यह फीचर डिजिटल पेमेंट को अधिक सरल, तेज और सुविधाजनक बनाने के लिए तैयार किया गया है। इस फीचर के जरिए पारंपरिक मेन्यू-आधारित संचालन की जगह अब इंटेंट-आधारित रूटिंग मिलेगी। इससे यूजर बातचीत की तरह अपने काम पूरे कर सकेंगे। जैसे हेमंत को 20 रुपये भेजो कहने पर सीधे भुगतान स्क्रीन खुलेगी और सही रिसीवर पहले से चयनित होगा।

### केवल आवाज से ही कर सकेंगे ये काम

वहीं, फॉस्टटैग रिचार्ज या सोने का भाव टाइप करने पर यूजर सीधे संबंधित सेवा या जानकारी पेज पर पहुंच जाएगा। यह टूल केवल सर्च तक सीमित नहीं है,



बल्कि यूजर के इरादे को समझकर भुगतान, खरीदारी या सहायता से जुड़े कामों को पूरा करता है। यह ऑन-डिवाइस और क्लाउड-आधारित हाइब्रिड मॉडल पर काम करता है, जिससे यूजर का कोई भी निजी या ट्रांजैक्शन डाटा फोनपे के सुरक्षित वातावरण से बाहर नहीं जाता।

फोनपे के संस्थापक और सीटीओ राहुल चारी ने कहा कि यह लॉन्च पेमेंट एप्स को केवल लेन-देन तक सीमित रखने की सोच से आगे बढ़ने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि एआई की मदद से कंपनी ऐसा इंटरफेस बना रही है, जो यूजर की जरूरतों को पहले ही समझ ले।

### लोकप्रिय हो रहे नेचुरल लैंग्वेज इंटरफेस

वहीं माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और साउथ एशिया के अध्यक्ष पुनीत चंडोक ने कहा कि भारत में नेचुरल लैंग्वेज इंटरफेस तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं और यह सहयोग डिजिटल पेमेंट को अधिक सहज और सुलभ बनाएगा।यह फीचर चरणबद्ध तरीके से पूरे भारत में लागू किया जाएगा और एप के ग्लोबल सर्च बार, हेल्प सेंटर और हिस्ट्री टैब के जरिए उपलब्ध होगा।

2016 में स्थापित फोनपे के पास सितंबर 2025 तक 65 करोड़ से अधिक रजिस्टर्ड यूजर्स और 4.7 करोड़ से ज्यादा मर्चेंट आउटलेट्स का नेटवर्क है।

# अदाणी पोर्ट्स, एनएमडीसी और वेले ब्राजील मिलकर विकसित करेंगे 'आयरन ओर' के लिए एसईजेड आधारित इकोसिस्टम



**अहमदाबाद।** अदाणी बंदरगाह और विशेष आर्थिक क्षेत्र (एपीएसईजेड) ने अपनी सहायक कंपनी अदाणी गंगावरम पोर्ट लिमिटेड (एजीपीएल) के माध्यम से सरकारी कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड और वेले एस.ए. (वेले ब्राजील) के साथ एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह एमओयू भारत-ब्राजील बिजनेस फोरम शिखर सम्मेलन के दौरान हस्ताक्षरित किया गया। इसके तहत गंगावरम पोर्ट पर आयरन ओर ब्लेंडिंग सुविधा और एक समर्पित विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) के विकास के लिए रणनीतिक ढांचा तैयार किया जाएगा।

समझौते पर ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा की आधिकारिक भारत यात्रा के दौरान हस्ताक्षर हुए। इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी उपस्थित रहे, जो भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी के मजबूत होते संबंधों को दशार्ता है।

### वैश्विक सप्लाई चेन में भारत की स्थिति को मजबूत करेगा ये समझौता

एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अश्विनी गुप्ता ने कहा कि यह सहयोग वैश्विक सप्लाई चेन में भारत की स्थिति को मजबूत करने के लिए भविष्य-उन्मुख और लचीला बुनियादी ढांचा विकसित करने की साझा प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले खनिज लॉजिस्टिक्स को उन्नत बंदरगाह क्षमताओं के साथ जोड़कर उद्योग की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ देश की व्यापक आर्थिक वृद्धि में योगदान दिया जाएगा।

इस सहयोग के तहत गंगावरम पोर्ट पर एक एकीकृत एसईजेड-आधारित इकोसिस्टम विकसित, संचालित और प्रबंधित किया जाएगा, जिसमें आयरन ओर की ब्लेंडिंग, वैल्यू एडिशन और व्यावसायीकरण शामिल होगा। इस पहल का उद्देश्य भारत के पूर्वी तट पर आयरन ओर निर्यात वैल्यू चेन को मजबूत करना और खनिज प्रसंस्करण एवं व्यापार में दक्षता, पैमाना और वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाना है।

### गंगावरम पोर्ट की क्षमता बढ़कर 75 मिलियन मीट्रिक टन होगी

इस विकास के साथ गंगावरम पोर्ट की क्षमता बढ़कर 75 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) तक पहुंच जाएगी और यह भारत तथा क्षेत्र के लिए आयरन ओर निर्यात का प्रमुख केंद्र बनेगा। गुप्ता ने कहा कि एनएमडीसी और वेले के साथ साझेदारी पूर्वी तट पर आयरन ओर क्षेत्र के लिए आधुनिक, कुशल और सतत इकोसिस्टम स्थापित करने में मदद करेगी। गंगावरम पोर्ट भारत का पहला ऐसा बंदरगाह बनने की दिशा में अग्रसर है, जो ह्यवैलेमैक्सह्न जहाजों- दुनिया के सबसे बड़े वेरी लार्ज ओर कैरियर्स (वीएलओसी) को संभालने में सक्षम होगा, जिनकी वहन क्षमता 4,00,000 एमएमटी तक है।

वास्तु विशेष



# कैसा होना चाहिए घर का मुख्य द्वार?

## जानिए साफ-सफाई से लेकर दिशा तक सबकुछ

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर की सुख-समृद्धि और शांति का संबंध घर के मुख्य द्वार से होता है। आइए जानते हैं वास्तु के अनुसार किस दिशा में होना चाहिए घर का मुख्य द्वार

घर का मुख्य द्वार केवल आने-जाने का मार्ग नहीं, बल्कि पूरे घर की ऊर्जा का प्रवेश द्वार माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रकार की ऊर्जा सबसे पहले एंट्रेंस से ही घर में प्रवेश करती है। इसलिए, यदि मुख्य द्वार संतुलित, स्वच्छ और आकर्षक हो, तो घर में सुख, शांति और समृद्धि का प्रवाह बना रहता है।

### स्वच्छता और प्रकाश का रखें विशेष ध्यान

वास्तु में मुख्य द्वार के आसपास स्वच्छता को अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। प्रवेश स्थान पर धूल, कचरा, टूटे सामान या जूते-चप्पलों का ढेर न रखें। इससे सकारात्मक ऊर्जा रुक जाती है। द्वार पर पर्याप्त रोशनी होनी चाहिए। शाम के समय दोनों ओर दीपक या आकर्षक लाइट लगाने से वातावरण पवित्र और आमंत्रित करने वाला बनता है। हल्की पीली या गर्म रोशनी सौम्यता और अपनापन बढ़ाती है, जिससे घर में प्रवेश करते ही सुकून का अनुभव होता है।

### शुभ चिह्न और तोरण का महत्व

मुख्य द्वार पर स्वस्तिक, ॐ या शुभ-लाभ जैसे मंगलकारी चिह्न बनाना अत्यंत शुभ माना जाता है। आम, अशोक या केले के पत्तों का तोरण सकारात्मक स्पंदन को आकर्षित करता है। त्योहारों या विशेष अवसरों पर रंगोली बनाना भी शुभ फलदायी होता है। रंगोली के प्राकृतिक और सौम्य रंग घर के वातावरण को प्रसन्न और उत्साहपूर्ण बनाते हैं।

### सुगंध और हरियाली से बढ़ाएं सकारात्मकता

मुख्य द्वार के पास हरियाली सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करती है। तुलसी, मनी प्लांट या अन्य छोटे सजावटी पौधे प्रवेश स्थान को जीवंत बनाते हैं। आजकल मौसम में खूब फुलवारी आ रही है, ऐसे में आप छोटे-छोटे सुंदर गमलों में ताजी और कच्ची फुलवारी लगाकर अपने घर के एंट्रेंस को और भी मनमोहक बना सकते हैं। रंग-बिरंगे फूल न केवल सौंदर्य बढ़ाते हैं, बल्कि मन को भी प्रसन्न करते हैं। यदि जगह कम हो तो दीवार पर हैंगिंग पॉट्स या सीढ़ियों के पास सजे गमले भी रखे जा सकते हैं। साथ ही, हल्की प्राकृतिक सुगंध जैसे चंदन, गुलाब या मोगरा की खुशबू वातावरण को पवित्र और सकारात्मक बनाए रखती है।

### द्वार का रंग और डिजाइन

वास्तु के अनुसार मुख्य द्वार मजबूत और सुदृढ़ होना चाहिए। लकड़ी का दरवाजा शुभ और स्थायित्व का प्रतीक माना जाता है। दिशा के अनुसार रंग चुनना भी लाभकारी होता है—पूर्व दिशा में हल्का हरा या भूरा, उत्तर में हल्का नीला, दक्षिण में गहरा भूरा और पश्चिम में क्रीम या सफेद रंग शुभ माना गया है। आकर्षक और साफ-सुथरी नेमप्लेट प्रतिष्ठा और सकारात्मक पहचान का प्रतीक होती है।

### दरवाजे की दिशा और खुलने का तरीका

वास्तु के अनुसार मुख्य द्वार अंदर की ओर खुलना चाहिए, जिससे ऊर्जा का प्रवाह सहज रूप से घर में प्रवेश करे। दरवाजा खुलते समय किसी प्रकार की आवाज या रुकावट नहीं होनी चाहिए। चरमराहट या अटकने की समस्या जीवन में बाधाओं का संकेत मानी जाती है, इसलिए इसे तुरंत ठीक कराना चाहिए। जब मुख्य द्वार स्वच्छ, सुव्यवस्थित, सुगंधित और हरियाली से सुसज्जित होता है, तो वहां से प्रवेश करने वाली ऊर्जा भी सकारात्मक और मंगलकारी होती है।

# सुख-समृद्धि-खुशहाली के लिए इन जगहों पर रखें मोर पंख

मोर पंख भगवान श्री कष्ण को अत्यंत प्रिय है, इसलिए इसे हिंदू शास्त्र में बेहद शुभ माना गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि मोर पंख को घर में सही जगह रखने से सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। आइए जानते हैं कि मोर पंख को घर में किस जगह रखना चाहिए।

**पूजा घर में रखें मोर पंखः** मोर पंख को पूजा घर में रखना अत्यंत शुभ माना जाता है। वास्तु के अनुसार, पूजा घर में रखा मोर पंख घर में सकारात्मक ऊर्जा ला नकारात्मक शक्तियों को दूर करता है। विशेषकर भगवान कृष्ण या लक्ष्मी जी के पास रखा मोर पंख धन-संपदा में वृद्धि करता है।

**घर के प्रवेश द्वार पर रखें मोर पंखः** प्रवेश द्वार घर का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है, क्योंकि इसके जरिए घर में सभी तरह की शक्तियों का आगमन होता है। वास्तु के अनुसार, घर के प्रवेश द्वार पर मोर पंख लगाने से घर के अंदर किसी भी प्रकार की नकारात्मक ऊर्जा प्रवेश नहीं करती और तो और इससे घर का वास्तु दोष भी ठीक रहता है।

**घर की तिजोरी या अलमारी में रखें मोर पंखः** घर की तिजोरी या अलमारी में मोर पंख रखना बहुत शुभ माना जाता है। वास्तु के अनुसार, यह धन के प्रवाह को बढ़ा आर्थिक तंगी दूर करता है।

**पुस्तक में रखें मोर पंखः** मोर पंख को पुस्तक में रखना बहुत शुभ माना जाता है। वास्तु के अनुसार, यह ज्ञान, रचनात्मकता को बढ़ा नकारात्मकता को दूर करता है। इससे एकाग्रता बढ़ने के साथ सकारात्मक ऊर्जा भी आती है।

# घर में पूजा का स्थान कैसा होना चाहिए ? जानिए दिशा और देवताओं का वास्तु के विधान

आस्था और विश्वास के साथ जब हम अपने घर में ईश्वर को स्थान देते हैं, तो केवल पूजा ही नहीं करते बल्कि परिवार के सुख, शांति और समृद्धि की कामना भी करते हैं। घर में देवी-देवताओं की कृपा बनी रहे और पूजा-पाठ का पूर्ण फल प्राप्त हो, इसके लिए आवश्यक है कि पूजा घर का निर्माण और उपयोग वास्तु नियमों के अनुरूप किया जाए। गलत दिशा में या अनुचित स्थान पर की गई पूजा लाभ देने के स्थान पर मानसिक अशांति और बाधाओं का कारण बन सकती है।

### पूजा घर के लिए सर्वश्रेष्ठ दिशा

मानसिक स्पष्टता, शुद्धता और प्रज्ञा की दिशा उत्तर-पूर्व (ईशान कोण) को पूजा के लिए आदर्श माना गया है। यह कोण पूर्व और उत्तर दिशा के शुभ प्रभावों से युक्त होता है। वास्तु के अनुसार घर के इसी क्षेत्र में सत्व ऊर्जा का प्रभाव शत-प्रतिशत रहता है, जिससे साधक को मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है।

### पूजा करते समय मुख किस दिशा में रखें

सामान्य तौर पर पूजा करते समय मुख पूर्व या उत्तर दिशा



की ओर रखना चाहिए। वास्तु ग्रंथों में बताया गया है कि

• धन प्राप्ति के लिए उत्तर दिशा की ओर मुख करके की गई पूजा • ज्ञान और आत्मिक विकास के लिए पूर्व दिशा की ओर मुख करके की गई पूजा • अत्यंत शुभ और चमत्कारिक फल प्रदान करती है।

### दिशाओं के अनुसार देवी-देवताओं की पूजा

वास्तु के अनुसार प्रत्येक दिशा का एक देवता होता है। इसलिए उस दिशा विशेष में उसी देवता की पूजा करना अधिक फलदायी माना गया है • दक्षिण दिशा में देवी मां और हनुमान जी की पूजा • उत्तर दिशा में गणेश जी, लक्ष्मी जी एवं कुबेर की आराधना • उत्तर-पूर्व दिशा में शिव परिवार एवं राधा-कृष्ण की उपासना • पूर्व दिशा में श्रीराम दरबार, भगवान विष्णु एवं सूर्य देव की पूजा • पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम (शिक्षा की दिशा) में माँ सरस्वती की पूजा • पश्चिम दिशा में गुरु, महावीर स्वामी, भगवान बुद्ध एवं ईसा मसीह की आराधना • दक्षिण-पश्चिम (संबंधों की दिशा) में पूर्वजों की पूजा

इन सभी से घर में सौभाग्य, शांति और सकारात्मक ऊर्जा की वृद्धि होती है।

### पूजाघर में ऊर्जा संतुलन के उपाय

पूजा स्थल में सुबह-शाम नियमित दीपक जलाना और शंख अवश्य रखना चाहिए। ऐसा करने से नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है और घर में सुख-सौहार्द का वातावरण बनता है। इसके साथ ही पूजाघर में हल्का हरा, पीला, जामुनी या क्रीम जैसे सात्विक रंगों का प्रयोग करने से मन को शांति और स्थिरता प्राप्त होती है।


**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

दैनिक अवन्तिका

www.awantika.com
METROPOLITAN

उज्जैन सोमवार 23, फरवरी 2026 | 12

## न्यूज कॉलम

### ड्यूटी के बाद बाइक लेने जा रहा डायल-112 के ड्राइवर को कुत्ते से कटवाया

**इंदौर।** इंदौर में डायल-112 वाहन पर पदस्थ एक ड्राइवर ने दो लोगों के खिलाफ कुत्ते से कटवाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित ड्राइवर का कहना है कि ड्यूटी खत्म कर घर लौटते समय शासकीय बंगले के पास आरोपियों ने अपने पालतू कुत्ते को उस पर छोड़ दिया। परदेशीपुरा थाना पुलिस ने शुभम पिता धनेन्द्र पांडे, निवासी मालवीय नगर की शिकायत पर धन्नालाल मेडा और सुनील मेडा, निवासी परदेशीपुरा पुलिस लाइन के पास के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शुभम ने पुलिस को बताया कि वह परदेशीपुरा इलाके में डायल-112 वाहन का ड्राइवर है। रात में ड्यूटी समाप्त होने के बाद वह शासकीय बंगले के पास खड़ी अपनी बाइक लेने जा रहा था। इसी दौरान धन्नालाल और सुनील ने अपने पालतू कुत्ते को उस पर लपका दिया। कुत्ते ने शुभम के दोनों हाथों और पीठ पर काट लिया, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा। शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह कुत्ते को भगाया। इसके बाद आरोपियों से शिकायत करने पर दोनों विवाद करने लगे। पीड़ित थाने पहुंचा, जहां उसका मेडिकल कराया गया। पुलिस ने कुत्ते के मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डाटा ऑपरेटर के साथ धोखाधड़ी फोन नंबर बदलकर 5 लाख निकाले

**इंदौर।** इंदौर में निजी कार कंपनी में डाटा एंट्री का काम करने वाले एक कर्मचारी के बैंक खाते से ठगों ने करीब 5 लाख रुपए निकाल लिए। पीड़ित के अनुसार, आरोपी ने खुद को बैंक कर्मी बताकर ई-केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर कॉल किया था। कॉल के बाद आरोपी ने पीड़ित का मोबाइल नंबर बदलवाकर उसके बैंक खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए रकम निकाल ली। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने पहले साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। शनिवार को शिकायत थाने पहुंचने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। द्वारकापुरी पुलिस ने स्कीम नंबर-71 निवासी विकास पुत्र कैलाश शुक्ला की शिकायत पर दो मोबाइल नंबरों से कॉल करने वाले अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित विकास एक निजी कार कंपनी में डाटा ऑपरेटर के रूप में काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि 13 फरवरी की शाम उसे एक व्यक्ति ने राहुल शर्मा नाम बताकर कॉल किया और खुद को बैंक ऑफ इंडिया से जुड़ा कर्मचारी बताया। कॉल करने वाले ने कहा कि उसके खाते की ई-केवाईसी अपडेट नहीं है। इसके बाद आरोपी ने एक सॉफ्टवेयर का लिंक मोबाइल पर भेजा, जिसे डाउनलोड करते ही पीड़ित के बैंक खाते से जुड़ा मोबाइल नंबर बदल गया। इसके कुछ ही देर बाद खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए करीब 5 लाख रुपए अन्य खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर हो गए। पीड़ित के मोबाइल पर लगातार ट्रांजेक्शन के मैसेज भी आते रहे।

पार्किंग की जगह क्लासरूम और स्टोर चल रहे थे

# 2 कोचिंग के बेसमेंट सील किए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



नगर निगम ने शनिवार को दो कोचिंग संस्थानों के बेसमेंट सील किए। कार्रवाई निगमायुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर की गई। दोनों स्थानों पर पार्किंग के लिए स्वीकृत बेसमेंट का अन्य उपयोग किया जा रहा था।

जोन क्रमांक 13, वार्ड क्रमांक 74 स्थित स्कॉलर्स अकादमी कोचिंग इंस्टिट्यूट के बेसमेंट में वाहन पार्किंग की स्वीकृत जगह पर टेबल-बेंच लगाकर विद्यार्थियों के लिए कक्षाएं संचालित की जा रही थीं। यह व्यवस्था भवन अनुमति और अग्नि सुरक्षा मानकों के विपरीत पाई गई। निरीक्षण के बाद निगम अमले ने बेसमेंट को सील कर दिया।

**विद्यापीठ कोचिंग में बनाया गया था स्टोर रूम-** इसी क्षेत्र में संचालित विद्यापीठ कोचिंग के बेसमेंट में भी पार्किंग क्षेत्र का उपयोग स्टोर रूम के रूप में किया जा रहा था। निरीक्षण में अनियमितता मिलने पर निगम ने यहां भी सीलिंग की कार्रवाई की।

निगमायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि व्यावसायिक भवनों के बेसमेंट का उपयोग केवल स्वीकृत उद्देश्य, यानी वाहन पार्किंग के लिए ही किया जाए। नियमों के उल्लंघन पर संबंधित संस्थान या भवन स्वामी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## धमकी देने वाला बदमाश गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के द्वारकापुरी क्षेत्र में डेढ़ करोड़ रुपए के प्लॉट के बदले व्यवसायी को धमकाने वाले आरोपी को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने व्यवसायी से 40 लाख रुपए देने और पुराने विवाद में समझौता करने के लिए धमकी दी थी। द्वारकापुरी थाना पुलिस ने प्रेम प्रजापति निवासी विदुर नगर के खिलाफ धमकी और अड़ीबाजी का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने उसे क्षेत्र से हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने खुद को छोड़ने के लिए युवा मोर्चा से जुड़े कुछ नेताओं के फोन पुलिसकर्मियों को करवाए। पुलिस पर उसे छोड़ने का दबाव भी बनाया गया, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई जारी रखी। प्रेम ने सौरभ राठौर को किशोर हटकर उर्फ भाऊ के नाम से धमकी दी थी। मोबाइल में किशोर, तब्बू और राजेंद्र नाम से रिकॉर्डिंग मिली है, जिसकी जांच की जा रही है।

# युवक ने लगाई फांसी, मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के गांधी नगर क्षेत्र में रहने वाले युवक पप्पू (40) पुत्र उमराव सिंह ने शनिवार शाम घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब उसके बच्चों ने उसे कमरे में फंदे पर लटका देखा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस और परिजनों के अनुसार शनिवार को पप्पू की पत्नी ज्योति से उसकी मोबाइल पर बातचीत हुई थी। बातचीत के दौरान पत्नी ने उसके साथ नहीं रहने और दूसरी शादी की बात कही। इसके बाद पप्पू कमरे में गया और फांसी लगा ली। पप्पू के पिता उमराव सिंह ने बताया कि बेटे के मोबाइल में पत्नी से हुई अंतिम बातचीत की रिकॉर्डिंग मिली है। पुलिस ने मोबाइल जब्त कर लिया है और रिकॉर्डिंग की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक पप्पू की पत्नी दो साल पहले विवाद के चलते दोनों बच्चों को उसके पास छोड़कर चली गई थी। इसके बाद से पप्पू बच्चों के साथ गांधी नगर में रह रहा था।

## नेशनल मेडिकल कमीशन ने दी मंजूरी

**इंदौर।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज में एमसीएच न्यूरोसर्जरी की सीटें 2 से बढ़कर 5 हो गई हैं। यह मंजूरी नेशनल मेडिकल कमीशन ने दी है। अब न्यूरोलॉजी 4, पीडियाट्रिक सुपर स्पेशिएलिटी 2 और कार्डियोलॉजी 2 सीटों के साथ कुल 13 सुपर स्पेशिएलिटी सीटें संचालित होंगी।

जय माता दी
उज्जैन में नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

KALIDAS MONTESSORI SENIOR SECONDARY SCHOOL
In Front of SBI Budhwariya, Ujjain (M.P.)
REQUIRED TEACHERS
- Principal: Candidate should be post graduate with B.Ed./M.Ed., 5 years teaching experience in Senior classes (CBSE) and Must have excellent academic and supervision talent.
- P.G.T: Hindi, Geography, History, Physics, Applied Maths. (Post Graduate in concerned stream with B.Ed.)
- T.G.T.: Maths, Hindi, English, Social Science (Post Graduation/ Graduation with B.Ed.)
- P.R.T.: English and Meths with B.Ed.
- P.T.I.: (B.P.Ed. / Diploma in Physical Education / Trained
- Librarian: B.Lib.
- Painting: Master in Arts, B.Ed.

Proficiency in English is must. Teaching experience will be preferred for all the posts. Please apply in your own hand writing giving all the details of experience and education qualifications Apply Upto 28-02-2026
ADMISSIONS OPEN ENROLL NOW Class Nursery to XI

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षो से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समयः सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
- दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
- टूर गाइड सुविधा
- आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
- टेम्पो ट्रेवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
- आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट

यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रेल 2026
- प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
- दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
- तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
- चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
- पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
- छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन

इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियाँ व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

अवसर अवसर अवसर
श्रेयस मार्केटिंग
उज्जैन के साथ करें शुभ शुरूआत
EXCITING CAREER OPPORTUNITY
PART TIME / FULL TIME

| आवश्यकता है | ROLES |
|---|---|
| अनुभवी युवा/प्रोफेशनल्स (12वीं पास से एमबीए तक) | Marketing Manager |
| शास. / अशासकीय कर्मचारी बिजनेसमैन | Merketing Executive |
| गृहिणी/कामकाजी बुजुर्ग/पेंशनर जो अपनी आय/बॉनस में वृद्धि चाहते है | Sales Executive |
| | Team Leader |
| | Telecaller |

WALK - IN INTERVIEW
Call or drop message on WhatsApp for interview schedule
OFFICE : नवकार पैराडाइज, तरणताल के सामने, उज्जैन
संपर्क सूत्र 9673979711, 9179656511

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे, मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com